माघ शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 22 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 182, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

9वें ग्रह के छिपे होने के संकेत आए सामने 16

लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी 15

यूपी में कांग्रेस लोकसभा की 17 व समाजवादी पार्टी 62 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : इंडिया गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस व समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच बुधवार को लोकसभा सीटों को लेकर समझौता हो गया। जिसके तहत प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों व सपा 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और सपा के राष्ट्रीय सचिव व मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में यह घोषणा की। देर शाम सपा ने एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर को भी दे दी।

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि देश-संविधान को बचाने व जनता को अन्याय से बचाने को बना इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं-पदाधिकारी मिलकर गठबंधन के साझा उम्मीदवारों को जिताने का कार्य करेंगे। अविनाश पांडेय ने कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव के प्रयास से गठबंधन को मजबूती मिली है। इनके निर्देश पर बनी समिति ने विचार-विमर्श के बाद सीटों को अंतिम रूप दिया। सपा नेता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि देश के हालात बहुत खराब हैं। जनता भाजपा के अन्याय से तंग आ चुकी है। मतदाताओं से गठबंधन के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि गठबंधन भाजपा को हर हाल में सत्ता से बाहर करने का काम करेगा।

नेताओं ने बताया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव 24 या 25 फरवरी को न्याय यात्रा में शामिल होंगे।

संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान सपा प्रदेश अध्यक्ष उत्तम पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

- सपा ने आजाद समाज पार्टी के चन्द्रशेखर को दी एक सीट
- इंडिया गठबंधन में शामिल सपा व कांग्रेस में सीटों पर समझौता

गठबंधन के साथ मिल लड़ेंगे चुनाव : अखिलेश

मुरादाबाद। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेंगे। सीटों को लेकर कोई गतिरोध नहीं है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हो गया और सरकार देखती रही। चंडीगढ़ महापौर पद के चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत कर भाजपा पर बैलेट व लोकतंत्र को लूटने का आरोप मढ़ा। अखिलेश बुधवार को मुरादाबाद में थे। उन्होंने ठाकुरद्वारा से पार्टी के विधायक नवाब जान खान के आवास पर उनके पुत्र व पुत्रवधू को आशीर्वाद दिया।

समझौते के तहत ये सीटें कांग्रेस को मिलीं

सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बताया कि समझौते के तहत कांग्रेस को दी गई 17 लोकसभा सीटों में रायबरेली, अमेठी, कानपुर, फतेहपुर सीकरी, बासगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी व देवरिया शामिल हैं।

गठबंधन में छोटे दलों को भी मिलेगा मौका

कांग्रेस व सपा के नेताओं ने कहा कि कुल 80 सीटों में दोनों दलों की सीटें तय हुई हैं। पर गठबंधन में अगर क्षेत्रीय दल शामिल होते हैं, उन्हें भी मौका दिया जाएगा। इसके लिए विचार-विमर्श के बाद तय किया जाएगा।

मप्र में सपा एक, कांग्रेस सभी सीटों पर लड़ेगी

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा मध्य प्रदेश के खजुराहो सीट से चुनाव लड़ेगी। जबकि बाकी सभी सीटों पर कांग्रेस का समर्थन करेगी। प्रदेश में सपा की ओर से पहले से उम्मीदवार घोषित करने के सवाल पर नेताओं ने कहा कि वर्तमान में हुए समझौते के तहत कांग्रेस को आवंटित सीटों पर सपा उम्मीदवारों के नाम वापस होंगे। उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी कांग्रेस को समर्थन देगी।

एक नजर

जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी नहीं रहे

मुंबई। जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। उनके बेटे राजिल सयानी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सयानी को मंगलवार रात दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। सयानी की आवाज 'नमस्कार बहनों और भाइयो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं' गूंजती है। सयानी का यह अभिवादन 1952 से 1988 तक रेडियो सीलोन पर हर बुधवार को अनगिनत घरों में प्रसारित होता था। मुबंई के एक बहुभाषी परिवार में 21 दिसंबर, 1932 को जन्मे सयानी ने 42 वर्षों में 50 हजार से अधिक कार्यक्रमों का संचालन किया और उन्हें अपनी आवाज दी। सयानी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया।

विद्या बालन ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने उनके फर्जी इंस्टाग्राम खाते और ई-मेल आईडी का इस्तेमाल करके फिल्म जगत की हस्तियों के साथ धोखाधड़ी किये जाने की शिकायत मुंबई पुलिस से की है। इसके बाद पुलिस ने एक मामला दर्ज कर लिया है। खार पुलिस थाने में सोमवार को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, संबंधित अपराध की जानकारी 16 जनवरी को तब हुई जब फिल्मों से जुड़े एक स्टाइलिस्ट को अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप पर संदेश मिला। संदेश में दावा किया गया था कि इसे विद्या बालन ने भेजा है।

किसान की मौत, 12 पुलिसकर्मी घायल

झड़प : किसानों को खदेड़ने के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी

हरियाणा पुलिस ने शंभू और खनौरी सीमाओं पर किसानों को अवरोधकों की ओर बढ़ने से रोकने के लिए बुधवार को उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े। खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत होने के साथ 12 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी देने की मांग कर रहे किसानों ने घोषणा की थी कि वे इस मुद्दे को हल करने के लिए किसानों के साथ चौथे चरण की वार्ता विफल होने के बाद बुधवार सुबह 11 बजे अपना प्रदर्शन फिर से शुरू करेंगे।

कुछ किसानों ने हरियाणा में अंबाला के समीप शंभू में कई चरणों में लगाए अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। थोड़ी देर के विराम के बाद फिर ऐसी ही घटना हुई। शंभू सीमा पर एक ड्रोन भी देखा गया। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में भी ऐसी ही स्थिति देखी गयी।

सरकार ने किसानों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया : केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गौर करते समय देशभर के किसानों के हित को ध्यान में रखा जाना चाहिए और उनसे एक और दौर की वार्ता के लिए आने की अपील की।

शंभू सीमा पर पुलिस द्वारा दागे गए आंसू गैस के गोले के धुएं से बचने के लिए इधर-उधर भागते प्रदर्शनकारी किसान।

- तनाव बढ़ा: दिल्ली कूच के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर हजारों की संख्या में डटे किसान

किसान नेताओं ने दो दिन के लिए स्थगित किया 'दिल्ली चलो' मार्च

चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा सीमा पर दो प्रदर्शन स्थलों में से एक खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत और लगभग 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने बुधवार को 'दिल्ली चलो' मार्च दो दिन के लिए स्थगित कर दिया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि वे शुक्रवार शाम को आगे की रणनीति तय करेंगे। किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि पीड़ित की पहचान पंजाब के बठिंडा जिले के बालोके गांव के निवासी शुभकरण सिंह (21) के रूप में की गई है। पटियाला स्थित राजिंदर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एचएस रेखी ने कहा कि तीन लोगों को खनौरी सीमा से अस्पताल लाया गया था जिनमें से एक की मौत हो चुकी थी। हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि लगभग 12 पुलिसकर्मी उस वक्त घायल हो गए, जब उन पर लाठियों से हमला किया गया और पत्थर फेंके गए।

पुलिस ने सीमाओं की किलेबंदी की

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च फिर से शुरू करने की घोषणा के बाद बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी और सुरक्षाकर्मियों को टीकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमाओं पर कड़ी निगरानी करने का निर्देश दिया है। कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी सुरक्षा बल तैनात करने के बाद दिल्ली-गुरुग्राम, दिल्ली-बहादुरगढ़ और कई अन्य सड़कों पर यातायात बाधित रहा। दिल्ली और हरियाणा के दो सीमा बिंदू-टीकरी और सिंघू को भारी संख्या में पुलिसकर्मियों और अर्द्धसैन्य बलों की तैनाती तथा कई चरणों में कंक्रीट के अवरोधक और लोहे की कीलें लगाकर सील कर दिया गया है। गाजीपुर सीमा को और पुलिसकर्मियों को तैनात कर बंद कर दिया गया है।

340 रुपये प्रति क्विंटल हुआ गन्ने का मूल्य

नई दिल्ली, एजेंसी

ऐतिहासिक कीमत

- प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने दी मंजूरी

सरकार ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य 340 रुपये प्रति क्विंटल तय करने को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए 10.25 फीसदी की चीनी रिकवरी दर पर गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 340 रुपये प्रति क्विंटल रखने को मंजूरी दे दी।

यह गन्ने की ऐतिहासिक कीमत है जो चालू सीजन 2023-24 के लिए गन्ने की एफआरपी से लगभग 8 प्रतिशत अधिक है। संशोधित एफआरपी 10 फरवरी से 01 अक्टूबर 2024 तक लागू होगी। नया एफआरपी गन्ना किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करेगा। गौरतलब है कि भारत पहले से ही दुनिया में गन्ने की सबसे ज्यादा कीमत चुका रहा है और इसके बावजूद सरकार भारत के घरेलू उपभोक्ताओं को दुनिया की सबसे सस्ती चीनी सुनिश्चित कर रही है। केंद्र सरकार के इस फैसले से 5 करोड़ से अधिक गन्ना किसानों (परिवार के सदस्यों सहित) और चीनी क्षेत्र से जुड़े लाखों अन्य लोगों को फायदा होने वाला है।

किसानों की समस्याओं के निदान को समिति का गठन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण से प्रभावित किसानों की समस्याओं का समाधान तलाश करने के लिए बुधवार को तीन अधिकारियों की समिति का गठन किया है। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अध्यक्ष के नेतृत्व में यह समिति गौतमबुद्ध नगर के किसानों की समस्याएं सुनेगी। समिति अधिकतम तीन महीने में रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। समिति में दो सदस्य शामिल किए गए हैं। मेरठ के मंडलायुक्त और गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी इस समिति के सदस्य रहेंगे। शासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी इस समिति का पूरा सहयोग करेंगे।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इंटर की परीक्षाएं आज से, निगरानी को एसटीएफ तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

55 लाख से अधिक परीक्षार्थी

8265 केंद्रों पर देंगे परीक्षा

- सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही खुलेंगे प्रश्नपत्र वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया पर कड़ी नजर
- राज्य सरकार ने किए कड़े प्रबंध, पेपर लीक करने की कोशिश करने वाले जाएंगे जेल : दीपक कुमार
- संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था

अमृत विचार : प्रदेश में गुरुवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए राज्य सरकार ने कड़े प्रबंध किए हैं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कुल 55 लाख 25 हजार 308 परीक्षार्थियों के लिए 8265 केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि नकल के लिए बदनाम रहे परीक्षा केंद्रों की निगरानी को एसटीएफ के साथ ही स्थानीय खुफिया इकाई भी नजर रखेगी। पेपर लीक करने की कोशिश करने वालों को जेल भेजा जाएगा। वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया तक अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रहेगी।

लोक भवन में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में दीपक कुमार ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही प्रश्नपत्र खुलेंगे। संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा कुल 12 कार्य दिवसों में संपन्न होगी।

न्याय यात्रा लेकर कानपुर पहुंचे राहुल युवाओं से बोले, जितना चिल्लाना हो चिल्लाओ रोजगार नहीं मिलेगा

नए भारत के नए राजा आपको जीने नहीं देंगे : राहुल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घंटाघर पर सभा में चंद उद्योगपतियों पर निशाना साधते हुए पिछड़े, दलितों अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के लिए आबादी के मुताबिक हक मांगा

अमृत विचार : अंबानी, अडानी, टाटा और बिरला जैसे चंद उद्योगपति आज नए भारत के राजा-महाराजा बनकर देश पर राज कर रहे हैं। आपको सताया जा रहा है। आप लोग इनकी कंपनियों में खून-पसीना देते हो, लेकिन नौकरी से आपको ही निकाला जाता है। यह बात बुधवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर कानपुर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घंटाघर में एकत्र जन समूह को संबोधित करते हुए कही।

राहुल गांधी लखनऊ से उन्नाव होते हुए शुक्लागंज पुल के रास्ते यात्रा लेकर सुबह 11.45 बजे कानपुर पहुंचे। झाड़ी बाबा पड़ाव पर स्वागत के बाद पनचक्की, नरौना चौराहा, घसियारी मंडी और हूलागंज चौराहा होते हुए यात्रा घंटाघर पहुंची। यहां भारत माता मंदिर पर राहुल गांधी ने जैसे ही जनसभा को संबोधित करना शुरू कर दिया, एक कोने में एकत्र कुछ युवाओं ने रोजगार को लेकर शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि जितना चिल्लाना है, चिल्लाओ लेकिन मोदी सरकार में आपको रोजगार नहीं मिलेगा। नौकरी के नाम पर पहले भर्ती निकाली जाती है, फिर पेपर लीक कराए जाते हैं। पिछड़े और दलित लोगों की सबसे ज्यादा भर्ती सेना में होती थी। लेकिन अग्निवीर योजना लागू कर यह रास्ता भी बंद कर दिया है। आज पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासी समाज को कहीं से भी न्याय नहीं मिल रहा है। इसका सबसे कारण संसाधनों और संस्थानों में उनकी आबादी के मुताबिक भागीदारी नहीं होना है। जनसंख्या के लिहाज से पिछड़े 50 फीसदी, दलित 15, अल्पसंख्यक 15 और आदिवासी आठ फीसदी हैं। यह आबादी करीब 90 प्रतिशत होने के बावजूद देश की 200 बड़ी कंपनियों में इनकी संख्या जीरो, ब्यूरोक्रेसी में जीरो, मीडिया संस्थानों और न्याय पालिका तक में जीरो है। ऐसे में जातीय जनगणना और आर्थिक सर्वे के बिना देश की प्रगति संभव नहीं है।

कानपुर में यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी।

ब्रिटेन की संसद में मनाया जे एंड के संकल्प दिवस

लंदन, एजेंसी

- विचारक संस्था 'जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र-यूके' का आयोजन

विचारक संस्था 'जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र-यूके' (जेकेएससी) ने ब्रिटेन के संसद भवन परिसर में संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। भारत के केंद्र शासित प्रदेश संबंधी ऐतिहासिक प्रस्ताव को मनाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रिटेन के दोनों दलों के सांसदों ने हिस्सा लिया।

मंगलवार के कार्यक्रम में 22 फरवरी, 1994 को भारतीय संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव को चिह्नित किया गया, जिसमें भारत के अडिग रुख की पुष्टि की गई कि जम्मू और कश्मीर का पूरा क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग है। इसने मीरपुर-मुजफ्फराबाद तथा गिलगित और बाल्टिस्तान को पुनः प्राप्त करने के भारत के अधिकार पर जोर दिया, जो पाकिस्तानी आक्रमण का शिकार हुए थे। जेकेएससी-यूके ने एक बयान में कहा कि सभी सांसदों ने साझा अंतर्दृष्टि के लिए सराहना की और जम्मू-कश्मीर की जमीनी हकीकत को उजागर करने के लिए इस तरह के आयोजनों को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया, एक ऐसा परिप्रेक्ष्य जो अक्सर मुख्यधारा के विमर्श में शुमार नहीं होता है। उन्होंने इस विषय पर जारी बातचीत के महत्व पर जोर दिया।

प्रख्यात न्यायविद् फली एस नरीमन का दिल्ली में निधन

नई दिल्ली। कानून विशेषज्ञ एवं दिग्गज अधिवक्ता फली एस नरीमन का बुधवार को 95 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। वह हृदय व अन्य बीमारियों से जूझ रहे थे। नरीमन का जन्म 10 जनवरी 1929 को हुआ था। नवंबर 1950 में उन्होंने बंबई हाईकोर्ट से वकालत शुरु की। नरीमन का जन्म रंगून (अब यांगून) में एक संपन्न कारोबारी परिवार में हुआ था। वर्ष 1942 में उनका परिवार भारत आ गया। उन्होंने 70 वर्षों से अधिक समय तक वकालत की। नरीमन को मई 1972 में भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने 26 जून 1975 को आपातकाल लागू होने के एक दिन बाद इस्तीफा दे दिया था। लंबे कानूनी करियर में नरीमन ने कई ऐतिहासिक मामलों में पैरवी की। भारतीय न्यायपालिक के भीष्म पितामह कहे जाने वाले नरीमन ने कई किताबें भी लिखीं। पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। राज्यसभा के सदस्य भी रहे।

गगनयान के मानव मिशन के लिए क्रायोजेनिक इंजन परीक्षण में सफल

बेंगलुरु, एजेंसी

- इसरो की बड़ी उपलब्धि : कठिन परीक्षण में इंजन की क्षमता का पता लगाया गया

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 'सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन' अंतरिक्ष यात्री वाले गगनयान मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल साबित हुआ है। इसे इसरो के लिए एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। क्रायोजेनिक इंजन, गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एलवीएम प्रक्षेपणयान के 'क्रायोजेनिक चरण' को शक्ति प्रदान करता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि इसरो का सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन मानव मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल रहा। इसने कहा कि कठिन परीक्षण से इंजन की क्षमता का पता चलता है।

इसरो के मुताबिक, पहली मानव रहित उड़ान 'एलवीएम3 जी1' के लिए पहचाना गया सीई-20 इंजन आवश्यक परीक्षणों से गुजरा। इसने कहा कि अंतिम परीक्षण उड़ान स्थितियों का जायजा लेने के लिए 'इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स' महेंद्रगिरि में 13 फरवरी को किया गया जो इस श्रृंखला का सातवां परीक्षण था। इसरो ने कहा कि गगनयान अभियान के लिए सीई20 इंजन के सभी जमीनी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं। इसरो ने 2024 की दूसरी तिमाही के लिए संभावित पहले मानवरहित गगनयान (जी1) मिशन के लिए पहचाने गए इस उड़ान इंजन के आवश्यक परीक्षणों को भी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

स्वामी प्रसाद आज दिल्ली में करेंगे नई पार्टी की घोषणा

लखनऊ। सपा से इस्तीफा दे चुके पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य 22 फरवरी को दिल्ली में आयोजित रैली में अपनी नई पार्टी की घोषणा करेंगे। रैली की तैयारी को लेकर मौर्य समर्थक बुधवार को तैयारी में जुटे रहे। मौर्य सपा की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं। सूत्रों के अनुसार मौर्य की नई पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की औपचारिक घोषणा होना तय है। पार्टी का झंडा तैयार हो गया है। इस्तीफे के बाद मौर्य ने कहा था कि अब वह खुद की पार्टी के लिए काम करेंगे। इसके लिए उनके समर्थक सक्रिय हो गए हैं। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का प्रतिनिधि सम्मेलन के कार्यक्रम में स्वामी प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि होंगे। उत्तर प्रदेश समेत बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात आदि राज्यों के कार्यकताओं के अलावा इन राज्यों के विधायकों व पूर्व मंत्रियों के शामिल होने की भी संभावना है। सम्मेलन के जरिये पूर्व मंत्री दूसरे दलों को अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास कराएंगे।

एक नजर

प्रमुख सचिव का पीए बनकर धमकाया, रिपोर्ट

कानपुर। पुराने मुकदमे में समझौता न करने पर आरोपी ने फोन कर पीड़ित से खुद को प्रमुख सचिव गृह का पीए बताकर धमकाया। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांधीग्राम निवासी महताब सिंह यादव के ने पुलिस को बताया कि उन्होंने दहेली मुजानपुर में जमीन खरीदी थी। जिस पर विवाद को लेकर उनका मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। बताया कि 18 फरवरी की रात को उनके पास फोन आया। फोन करने वाले खुद को प्रमुख सचिव गृह का पीए बताया। इसके बाद आरोपी ने कहा कि जो मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। उसमें समझौता कर लो, नहीं तो तुम्हारे बेटे समेत परिवार को जान से मार देंगे। इस पर उन्होंने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर धमकाने वाले आरोपी की तलाश की जा रही है।

कॉलेज गई छात्रा लापता

कानपुर। कोहना थाना क्षेत्र में कॉलेज गई छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने एक युवक पर बहला फुसला कर ले जाने व अनहोनी की आशंका जाहिर की है। पीड़िता की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। कोहना रानीघाट चौराहा निवासी महिला के अनुसार उनकी बेटी 19 फरवरी को कॉलेज गई थी। तबसे घर वापस नहीं आई। परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारों से जानकारी की तो उसका कुछ पता नहीं चला। बाद में किसी से जानकारी मिली कि पुराना कोहना निवासी समीर उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। उन्होंने बेटी के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई है। परिजनों ने मामले की शिकायत कोहना थाने में की। कोहना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर समीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उसकी तलाश में जुट गई है।

यूपी बोर्ड परीक्षा आज से, 96 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल

परीक्षा की घड़ी

कानपुर। यूपी बोर्ड परीक्षा गुरुवार से शुरू होने जा रही है। परीक्षा के पहले दिन से ही शिक्षा विभाग की ओर से ऑनलाइन काउंसिलिंग की सुविधा शुरू हो जाएगी। परीक्षार्थियों को तनाव, अनिद्रा, अवसाद जैसे लक्षण सामने आने पर परीक्षार्थी ऑनलाइन काउंसिलिंग सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इसमें एक्सपर्ट उन्हें तनाव से बचने के टिप्स देंगे। बोर्ड परीक्षा में इस बार शहर में लगभग 96 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं जो शहर में बने 129 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देंगे। शिक्षा विभाग ने मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र के नंबर काउंसिलिंग के लिए जारी किये हैं। इसके जरिये परीक्षार्थी काउंसलर से सीधी बात कर सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। काउंसिलिंग सुविधा का परीक्षार्थी शाम 5 बजे तक लाभ उठा सकेंगे।

96 हजार कुल परीक्षार्थी होंगे शामिल

50434 हाईस्कूल की परीक्षा में बैठेंगे

129 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं शहर में

45687 इंटर की परीक्षा में होंगे शामिल

- दो कंट्रोल रूमों के जरिये परीक्षा पर रखी जाएगी नजर
- पहले दिन से ही ऑनलाइन काउंसिलिंग की सुविधा

परीक्षा केंद्रों में तैयारी पूरी की गईं। अमृत विचार

17 स्कूलों में हुआ निरीक्षण

परीक्षा से एक दिन पहले गुरुवार को शिक्षा अधिकारियों की ओर से परीक्षा केंद्रों पर छापेमारी की गई। देर रात तक चली छापेमारी में 17 केंद्रों को जांचा गया। इनमें बीएनएसडी इंटर कॉलेज, हरसहाय जगदंबा सहाय इंटर कॉलेज सहित अन्य केंद्र रहे।

इन लक्षणों से सतर्क हो जाएं अभिभावक

मनोवैज्ञानिकों ने अभिभावकों को यह सलाह दी है कि परीक्षा के दौरान बच्चों के व्यवहार में बदलाव उन्हें परखना चाहिए। बच्चे के व्यवहार में आने वाला बदलाव उसके मन में पनपे तनाव को भी दर्शाता है। यदि परीक्षा के बीच इस तरह के लक्षण दिखें तो माता पिता को सतर्क होने की जरूरत है। बच्चा अचानक अकेला रहना पसंद करने लगे, खेल या रिश्तेदारों के यहां पर जाने से बचने लगे, छोटी-छोटी बातों पर यदि गुस्सा करने लगे, खान-पान में अचानक अव्यवस्थित होने लगे, छोटी-छोटी बातों पर असहज हो जाए तो बच्चे को समझाएं, काउंसिलिंग की मदद लें।

परीक्षार्थियों के लिए सुविधा

7505553000 काउंसिलिंग के लिए नंबर मिलाएं

9453991942 शिक्षा विभाग कंट्रोल रूम नंबर

8423410857 ऑनलाइन कंट्रोल रूम नंबर

इस तरह होगी सुरक्षा

11	जोन में बंटी व्यवस्था
21	सेक्टर में बंटी परीक्षा
11	जोनल मजिस्ट्रोट होंगे तैनात
02	रिजर्व जोनल मजिस्ट्रेट
21	सेक्टर मजिस्ट्रेट होंगे तैनात
05	रिजर्व सेक्टर मजिस्ट्रेट होंगे
2	कंट्रोल रूम बनाए गए

ऐसा करें अभिभावक

- बच्चों के साथ एक दोस्त की तरह बात करनी चाहिए
- बच्चों को बहुत अधिक आदेश नहीं बल्कि समझाना चाहिए
- बहुत अधिक गुस्से में बच्चों से बात नहीं करनी चाहिए
- बच्चों को हर बात पर टोकने से भी बचना चाहिए।

बच्चों को खेलने-कूदने भी दें

मंडलीय मनोवैज्ञानिक डॉ. नरेश चंद्र ने बताया कि परीक्षार्थियों को अन्य गतिविधियों में भी शामिल होने दें। खेलने, मनोरंजन करने के लिए भी समय दें। परीक्षा से लौटने के बाद बार-बार चर्चा करने से बचें। माता-पिता को चाहिए कि दिन में कम से कम एक बार बच्चों के पास जरूर बैठें और सामान्य बातचीत करें।

7,172 कक्ष निरीक्षक होंगे तैनात

परीक्षा में 7,172 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी चार्ट सभी केंद्रों को भिजवा दिया गया है। इस बार कक्ष निरीक्षकों के लिए विशेष परिचय पत्र बना है। क्यूआर कोड होने से निरीक्षकों की तुरंत ही पहचान हो सकेगी।

अभिभावक यह भी रखें ख्याल

परीक्षा शुरू होने के साथ ही अभिभावकों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। ऐसे में यह जरूरी है कि अभिभावक बच्चों पर परीक्षा डर हावी न होने दें। उनके साथ दोस्ताना व्यवहार रखें और डांटे नहीं। समय-समय पर उनके साथ बैठें, बातें करें।

"माता-पिता को बच्चों के साथ दिन में कम से कम एक बार जरूर बात करनी चाहिए। समय देने से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा। इसका असर उनके परीक्षा परिणाम पर भी पड़ेगा। माता-पिता को हर वक्त परीक्षा पर बात करने से बचना चाहिए।

-डॉ. एलके सिंह, मनोवैज्ञानिक

नामांतरण शिविर में 59 को मिला समाधान

फरियादी को कागजात सौंपते अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लंबे समय से लंबित मामलों को अधिकारियों ने किया निस्तारित
- अब हर बुधवार नामान्तरण समाधान शिविर लगेगा

अमृत विचार। केडीए वीसी राकेश कुमार सिंह की पहल पर बुधवार को प्राधिकरण की संपत्तियों को लेकर दाखिल खारिज (नामांतरण) कराये जाने के लिये नामान्तरण समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लंबे समय से लंबित 59 आवेदनों का अधिकारियों ने कैंप में ही निस्तारण कर दिया। अब हर बुधवार को नामान्तरण समाधान शिविर लगाने के निर्देश दिये गये हैं।

केडीए में सुबह 11 से 2 बजे तक लगे कैंप में नामांतरण कैंप में विक्रय अनुभाग-1 के 14, जोन-2 के 16, जोन-3 के 7 एवं जोन-4 के 5 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते हुए आवेदक को नामांतरण पत्र निर्गत कर दिया गया। नामांतरण कैंप में अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने नामान्तरण के लिये प्राप्त आवेदन पत्रों का नियत समयावधि में नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश कैंप में उपस्थित जोनल प्रभारियों एवं सम्बन्धित योजना लिपिकों को दिये। इस दौरान समाधान शिविर में अतिरिक्त विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला, रवि प्रताप सिंह, अजय कुमार, बृजेन्द्र उपाध्याय, विधि अधिकारी एसबी राय समेत सभी विक्रय अनुभाग के सह-प्रभारी, लेखाकार एवं योजना लिपिक उपस्थित रहे।

आपत्ति न होने पर दर्ज होता है नाम

प्राधिकरण के अभिलेखों में प्राधिकरण की सम्पत्तियों में मूल आवंटी के स्थान पर अपना नाम विरासत, पंजीकृत वसीयत, पंजीकृत दान पत्र व विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक द्वारा अपना नाम दर्ज कराये जाने हेतु आवेदन किया जाता है। नियमानुसार विज्ञप्ति प्रकाशित कराकर जनता से आपत्ति आमंत्रित की जाती है। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में आवेदक का नाम नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में दर्ज कर लिया जाता है।

24 फरवरी को नगर निगम के मूल बजट पर की जाएगी चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर ने सदन के बाद बुलाई कार्यकारिणी की बैठक
- बिना प्रमुख एजेंडे के सदस्यों को बुलाया

अमृत विचार। नगर निगम सदन के बाद अब 24 फरवरी को कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। बैठक में नगर निगम व जलकल के मूल बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा कार्यकारिणी के प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया जायेगा। इससे पहले नगर निगम का सदन 20 फरवरी को बुलाया गया था। जिसमें शहर के विकास कार्यों के प्रस्ताव पास किये गये हैं। इस दौरान सपा, कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों ने मांग कि थी नगर निगम और जलकल के मूलबजट को नियमानुसार सदन में पेश कर पास किया जाये। ताकि, नगर निगम अधिनियम की गरिमा बनी रहे। इस दौरान महापौर ने आश्वासन दिया था कि नियमानुसार ही सदन बुलाकर पुनरीक्षित और मूलबजट को पास कराया जायेगा। बता दें, कि इससे पहले विकास कार्यों को कराने को लेकर बजट को पास कर दिया गया है। अब नये सदन को बुलाने से पहले शनिवार को नियमानुसार कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। नगर निगम कार्यालय सचिव ने महापौर व सभापति प्रमिला पांडेय, उप सभापति संतोष साहू समेत कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को बुलावा दिया है।

बेटी से दुष्कर्म में पिता को सात साल कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बेटी से दुष्कर्म करने वाले पिता को कोर्ट ने दोषी ठहराया। अपर सत्र न्यायाधीश 13 की कोर्ट ने दोषी को सात साल की सजा सुनाई।

बर्रा थानाक्षेत्र निवासी किशोरी ने वर्ष 2017 में बर्रा थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि वह अपने पिता मंगल सिंह व भाई के साथ रहती थी। 24 नवंबर 2017 को वह घर में अकेली थी। इसी दौरान उसके पिता ने कंबल से मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। किशोरी ने घर से कुछ दूर रहने वाली अपनी नानी व मामी को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद बर्रा थाने में आरोपी मंगल के खिलाफ रेप व पाक्सो एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामला अपर सत्र न्यायाधीश 13 सुरेंद्र पाल सिंह की कोर्ट में था। विशेष लोक अभियोजक चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने मंगल सिंह को दोषी ठहराते हुए सात वर्ष का कारावास व एक हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

शिक्षक ने छात्रा को बेरहमी से पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यशोदा नगर के एक निजी स्कूल में हुई घटना
- बच्ची की मां ने गोविंद नगर थाने में दी तहरीर

अमृत विचार। यशोदा नगर में स्थित एक प्राइवेट स्कूल में गणित की कॉपी न लाने पर शिक्षिक ने कक्षा एक की छात्रा की बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे छात्रा के हाथ में चोट आ गई। छात्रा की मां ने नौबस्ता थाने में स्कूल संचालक के खिलाफ शिकायत की।

यशोदा नगर निवासी सुलेखा कुमारी ने बताया कि उनकी छह वर्षीय बेटी क्षेत्र में स्थित एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा एक की छात्रा है। बताया कि बीते सोमवार को बेटी गणित की कॉपी ले जाना भूल गई थी। इससे नाराज शिक्षिका ने छात्रा की जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसके छात्र में चोट लग गई। घर लौटने पर छात्रा ने आपबीती बताई। जिसके बाद बुधवार को सुलेखा ने नौबस्ता थाने में तहरीर दी। सुलेखा ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधक पहले भी छात्रा को बाथरूम में बंद कर चुके हैं। थाना प्रभारी जगदीश कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

छात्रा के हाथ में चोट आई। अमृत विचार

अयोध्या में झंडे बेच रहे थे घर से भागे हुए बच्चे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 27 दिनों से लापता छात्रों को पुलिस ने किया बरामद

अमृत विचार। 27 दिन से लापता हाईस्कूल के दो छात्रों को पुलिस ने अयोध्या से बरामद कर लिया। दोनों छात्र अयोध्या में मंदिर के पास ध्वज, पताका बेच रहे थे। बुधवार को डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने घटना का खुलासा कर बच्चों को परिजनों को सौंप दिया।

मूलरूप से इटावा निवासी शिवनाथ यादव पत्नी निर्मला यादव, बेटे दीपांकर(15) व दो बेटियों के साथ गोविंद नगर सी ब्लॉक स्थित किराए के मकान में रहते हैं। बीती 25 जनवरी को बेटा दीपाकंर गोविंद नगर स्थित वीरेंद्र स्वरूप स्कूल के लिए निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं आया। वहीं उसका गुजैनी निवासी सहपाठी साहिल भी गायब हो गया। दो दिन बाद दीपांकर की बहन के मोबाइल पर दो लाख फिरौती देने का मैसेज आया। मामले में गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस की टीमों ने तलाश शुरु की। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि छात्र सेंट्रल से दिल्ली, वहां से प्रयागराज पहुंचे, वहां से अयोध्या पहुंच गए। राम मंदिर के पास पताका बेचने लगे। डीसीपी ने बताया कि फिरौती के लिए जिस नंबर से मैसेज किया गया, वह साइबर ठगों का था।

घरेलू विधि से खाद्य पदार्थों में मिलावट पहचानें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। खाद्य पदार्थों को खरीदते समय रसीद जरूर लें। घरेलू विधि से खाद्य पदार्थों की मिलावट पहचानने की कोशिश करें। यह जानकारी बुधवार को अपर जिलाधिकारी नगर डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की बैठक में दी गई।

आगामी त्योहारों को देखते आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए बुधवार को नजीराबाद क्षेत्र में जन जागरुकता बैठक हुई।

बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से तेल, मसाला का निर्माण व भंडारण, वितरण और विक्रय से संबंधित व्यापारियों के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. शशि पांडेय, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय विजय प्रताप सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी व सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी, किराना मर्चेंट एसोसिएशन नयागंज के अध्यक्ष अवधेश कुमार कुमार बाजपेई, राजेश भल्ला आदि इस जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कार्यशाला में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजरी मिश्रा व सविता शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न खाद्य पदार्थों दूध, नमक, मसाला (लाल मिर्च, धनिया, हल्दी पाउडर) में रंग व खाद्य तेल में मिलावट की जांच की घरेलू विधि बताईं। अपर जिलाधिकारी ने फुटकर विक्रय, रिपैकिंग करने वालों को बताया कि पदार्थों का क्रय करते समय रसीद अवश्य लें। साथ ही खाद्य पदार्थों की नियमित जांच खाद्य सचल प्रयोग शाला के माध्यम से कराते रहें। खाद्य पंजीकरण, लाइसेंस प्राप्त कर मिलावट रहित व्यापार करें। इसी तरह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी की ओर से स्ट्रीट फूट वेंडर्स को मोतीझील स्थित पार्क में कैंप लगाकर जागरूक किया गया।

लोगों को मिलावट से बचने के तरीके बताए गए। अमृत विचार

- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जागरुकता कार्यशाला

गैर इरादतन हत्या में दो को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इलाज के दौरान युवक की हुई थी मौत, बिधनू थानाक्षेत्र का मामला

अमृत विचार। गैर इरादतन हत्या में बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश 12 की कोर्ट ने दो युवकों को दोषी ठहराया। कोर्ट ने दोषियों को सात-सात वर्ष की सजा सुनाई।

मूलरुप से फतेहपुर, खागा के ग्राम सिठियानी निवासी योगेश सिंह ने वर्ष 2006 में बिधनू थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। योगेश ने बताया था कि उसका छोटा भाई धनेंद्र (17) बहन मंजू देवी व जीजा दिनेश सिंह के साथ बिधनू के सिंह बिहार गांव में रह कर चित्रा इंटर कॉलेज में 12वीं का छात्र था। बताया था कि नौ जनवरी 2006 को धनेंद्र अपने साथी पुनीत तिवारी व शिवम सिंह के साथ श्रीपाल के चट्टे से दूध लेने गया था। इसी दौरान घाटमपुर, हिरनी गांव निवासी पुरुषोत्तम व अजय लोहे की रॉड लेकर आए और छेड़खानी का आरोप लगा उसकी पिटाई कर दी थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला अपर सत्र न्यायाधीश 12 परमेश्वर प्रसाद की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी इंद्र लता शुक्ला ने बताया मामले में कोर्ट ने पुरुषोत्तम व अजय को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई और 10-10 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

कवायद सीएसए ने उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ किया एमओयू

आपदा से किसानों की फसल बचाने पर शोध होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आपदा से किसानों की फसल बचाने के लिए सीएसए ने उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ एमओयू किया है। इस एमओयू के तहत अब दोनो संस्थान एक साथ मिलकर किसानों की फसल बचाने पर शोध करेंगे। इस शोध में तकनीक की सहायता से आपदा से पहले किसानों तक सटीक भविष्यवाणी पहुंचाने पर भी काम होगा। इसके अलावा आपदा के बाद बेहतर प्रबंधन उपाय पर भी रिसर्च की जाएगी।

किसानों को लाभ दिलाने वाले एमओयू के बारे में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने बताया कि एमओयू से आपदा और किसान से जुड़े शोध कार्यों में तेजी आ सकेगी। आपदा जोखिम संकट के लिए शोध, सेमिनार, कार्यशाला और पाठ्यक्रम का मानकीकरण से माहौल बनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डॉ. पीके सिंह ने बताया कि दोनों संस्थान इस एमओयू के जरिए एकसाथ शोध कार्यों के लिए कार्य करेंगे। यह समझौता पत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह व उत्तर प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल जोगेंद्र डिमरी के बीच साइन हुआ। एमओयू साइन होते समय विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मुनीश कुमार जबकि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के डॉ भानुमल, डॉ. काशिफ इमदाद सहित अन्य मौजूद रहे।

एमओयू साइन करते हुए सीएसए के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह व उत्तर प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल जोगेंद्र डिमरी। अमृत विचार

तकनीक पर फोकस

एमओयू में खासतौर पर तकनीक पर फोकस किया जा रहा है। शोध के जरिए तकनीक का प्रयोग इस तरह किए जाने की रूपरेखा बनाए जाने पर भी सहमति बनी। इससे किसानों को आपदा के पहले ही सटीक सूचना दिए जाने की व्यवस्थाओं पर भी शोध किए जाने पर सहमति बनी। माना गया कि यदि किसानों को सटीक सूचना मिलती है तो उसका जल्द प्रबंधन भी संभव हो सकता है।

- तकनीक से आपदा से पहले और बाद में फसलों का नुकसान कम किया जाएगा

मतदान कर्मियों को कैशलेस इलाज

सुविधा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पहली बार व्यवस्था, भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किया संबंध में पत्र

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में इस बार मतदान कार्यों में लगे कर्मियों, सुरक्षा जवानों को ड्यूटी के दौरान अगर जरूरत पड़ती है तो कैशलेस इलाज की व्यवस्था मिलेगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग ने निर्देश जारी किया है। इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों को पहले से व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का आदेश दिया गया है।

भारत निर्वाचन आयोग के सचिव रजन कुमार के दिशा निर्देश को आगे बढ़ाते हुए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक समेत स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को पत्र जारी किया है।

जिसमें बताया गया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में सुरक्षा कर्मियों, मतदान और अन्य कर्मियों को चुनाव के दौरान अगर जरूरत पड़ती है तो नजदीक के राजकीय चिकित्सालयों में तत्काल कैशलेस चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिले के राजकीय चिकित्सालयों और आवश्यकता पर निजी अस्पतालों में भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। यदि आपात स्थिति में जिले के समीप के मेडिकल कालेज में रेफर करने की आवश्यकता पड़ती है तो मुख्य चिकित्साधिकारी डीएम को अवगत कराते हुए मेडिकल कालेज में कर्मी को शिफ्ट करने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। कैशलेस इलाज पर आने वाले वित्तीय व्ययभार की प्रतिपूर्ति जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी और सुरक्षा कर्मियों के लिए प्रतिपूर्ति जिले के पुलिस अधीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की ओर से की जाएगी।

क्या है कैशलेस ट्रीटमेंट

कैशलेस इलाज सुविधा के चलते लाभार्थी अस्पताल में भर्ती होने के बाद बगैर तत्काल भुगतान के चिकित्सा सुविधा का लाभ ले सकते हैं। अस्पताल में इलाज से पहले पैसों का जुगाड़ करना पड़ता है, इसमें ऐसी कोई दिक्कत नहीं आती है।

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की न्याय यात्रा घंटाघर पहुंची तो लोगों ने जिंदाबाद का नारा बुलंद कर दिया समर्थन, फोटो लेने की लगी रही होड़। अमृत विचार

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा झाड़ी बाबा पड़ाव से आगे बढ़ी तो जगह-जगह किया गया स्वागत। अमृत विचार

10 मिनट में 90% को हिस्सेदारी के लिए झकझोरा

❍ जातीय जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे से पता चलेगा किसके पास कितना पैसा ❍ कैसा रामराज, जहां 90 फीसदी बेरोजगार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने घंटाघर पर एकत्र जनसमूह को अपने संबोधन में मौजूदा सरकार के खिलाफ लगातार झकझोरने का प्रयास किया। घंटाघर पहुंचते ही बिना किसी औपचारिकता के उन्होंने लोगों का अभिवादन किया और अपने वाहन से ही माइक संभाल कर बोलना शुरू कर दिया। उनका पूरा फोकस पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासी के अलावा बेरोजगार युवाओं पर रहा। इसके सहारे ही उन्होंने लोगों को सत्ता परिवर्तन के लिए जोड़ने की कोशिश की।

राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरूआत भारत जोड़ो के बाद न्याय यात्रा निकालने का कारण बताने से की। इस दौरान उन्होंने जैसे ही यह कहा कि हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने आए हैं, तो जनसमूह ने शोर मचाकर उनकी बात को समर्थन दिया। राहुल गांधी ने कहा कि देश में करीब 90 फीसदी आबादी पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों की है, लेकिन उन्हें अपनी भागीदारी के हिसाब से देश में हिस्सेदारी नहीं मिल रही है। इसके लिए कांग्रेस सत्ता में आई तो जातीय जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे कराया जाएगा ताकि पता चल सके कि पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों व आदिवासियों के पास कितना धन-संपदा है और चंद उद्योगपतियों के पास कितना पैसा है। आज कुछ उद्योगपति हिंदुस्तान के राजा बन बैठे हैं। जातीय जनगणना और आर्थिक सर्वे कराने से ही देश की प्रगति संभव है। भाजपा ने देश में नफरत फैला रखी है। उन्होंने जनता से पूछा कि यह कैसा रामराज है, जहां 90 प्रतिशत लोग बेरोजगार हैं। देश में बेरोजगारी चरम पर है। ट्रेनों व बसों में धक्के खाते हुए युवक परीक्षा देने जा रहे, बाद में पेपर लीक हो जा रहे हैं। देश भाषा, समुदाय, धर्म की नफरत से नहीं बल्कि भाईचारे से चलता है। यूपी, बिहार, नागालैंड, मणिपुर में क्या हो रहा है, किसी से छिपा नहीं है।

39 वें दिन भारत जोड़ो न्याय यात्रा कानपुर आई

06 ठवां दिन रहा प्रदेश में राहुल की यात्रा का

11 किलोमीटर न्याय यात्रा ने शहर में तय किया सफर

10 मिनट का संबोधन किया कांग्रेस नेता ने घंटाघर में

राम मंदिर उद्घाटन में गरीब, मजदूर, किसान नहीं दिखे

कांग्रेस नेता ने लोगों से कहा कि आपने टीवी पर देखा होगा राम मंदिर में कितने भव्य तरीके से प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया, लेकिन क्या कोई पिछड़ा, दलित, आदिवासी वहां देखने को मिला। आदिवासी समाज की राष्ट्रपति को मंदिर में प्रवेश नहीं किया करने दिया गया। मंदिर में सिर्फ मोदी, अंबानी व अडानी जैसे लोगों को ही देखा गया। गरीब, मजदूर, किसान, भूखे-नंगे लोग वहीं कहीं नहीं दिखाई पड़े।

राहुल गांधी के वाहन पर शहर अध्यक्ष नौशाद आलम के साथ कांग्रेस सचिव अजय कपूर शामिल रहे। घंटाघर चौराहे के निकट राहुल की गाड़ी में आलोक मिश्रा, विकास अवस्थी, जेपी पाल, अंबरीष सिंह को भी बुलाकर जगह दी गई।

जीएसटी, नोटबंदी का जिक्र किया

देश का पूरा धन दो से तीन प्रतिशत लोगों अडानी, अंबानी, टाटा और बिरला के हाथ में है। यही लोग नए हिंदुस्तान के महाराजा हैं। आम आदमी की कोई सुनवाई नहीं है। जीएसटी लगाया जाता है। नोटबंदी होती और भर्तियां नहीं होती हैं।

दूध का दूध और पानी का पानी

राहुल गांधी ने कहा कि जजों की लिस्ट निकलवाओ। पता चल जाएगा कितने दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक हैं। 200 बड़ी कंपनियों को देखो तो इनके मालिकों के बारे में पता चल जाएगा कि इनमें कितने किस समुदाय के हैं। इससे दूध का दूध और पानी का पानी होगा।

अजय कपूर व आलोक मिश्रा के साथ अभिवादन करते राहुल गांधी। अमृत विचार

राहुल को सारथी और अजय राय को अर्जुन दिखाया

कानपुर। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मार्ग पर लगी एक होर्डिंग चर्चा में रही। कांग्रेस के उत्साही कार्यकर्ता ने इस होर्डिंग में महाभारत के दृश्य से प्रेरित होकर राहुल गांधी को श्रीकृष्ण की तरह रथ का सारथी और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को अर्जुन के रूप में दिखाया। इस होर्डिंग के निहितार्थ निकाले जाते रहे। यह होर्डिंग छावनी क्षेत्र, मॉल रोड और घंटाघर के पास लगी देखी गईं। इनको पीसीसी सदस्य संदीप शुक्ला की तरफ से लगाया गया था। उनकी फोटो पोस्टर में नीचे लगी थी।

बद्री नारायण के पौत्र से फोन पर संवेदना जताई

कानपुर। राहुल गांधी को प्रयाग नारायण शिवाला निवासी मानस संगम के संस्थापक और वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ .बद्री नारायण तिवारी के निधन की जानकारी दी गई तो उन्होंने फोन पर परिवार से बात की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने बताया कि राहुल ने स्वर्गीय बद्री नारायण के पौत्र अभिनव तिवारी से बात करके शोक संवेदना व्यक्त की और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी तथा महासचिव अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से संवेदना प्रकट करने के लिए उनके घर जाने को कहा।

दूसरे राज्यों के 50 यात्री भी साथ आए

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में विभिन्न राज्यों और यूपी के जिलों से शामिल 50 यात्री भी कानपुर पहुंचे। इनका शहर कांग्रेस कमेटी ने स्वागत किया। इनमें असम, बिहार, झारखंड के तीन दर्जन यात्री शामिल रहे। राहुल ने शहर अध्यक्ष और अन्य नेताओं को 24 फरवरी को मुरादाबाद से शुरू होने वाली यात्रा में शामिल होने का न्यौता भी दिया।

राहुल ने भाषण में गरीब सवर्णों से भी रिश्ता जोड़ा

राहुल गांधी ने अपने संबोधन में जहां पिछड़ों, दलित, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों का सात से आठ बार जिक्र किया वहीं सामान्य वर्ग के आर्थिक कमजोर लोगों को तीन से चार बार इन्हीं समुदायों के साथ जोड़ते हुए कहा कि इन सभी के साथ न्याय नहीं हो रहा है।

राहुल गांधी ने मुद्दे तो उठाए पर लोगों के दिल में नहीं उतर पाए

मोबाइल पर आया मैसेज और अलायंस हुआ मैनेज

मनोज त्रिपाठी, कानपुर

अमृत विचार। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस और सपा के बीच उत्तर प्रदेश में बिखरती गठबंधन की बात को कानपुर की जमीन ने संजीवनी देकर मुहर लगा दी। हुआ यह कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ जैसे ही घंटाघर पहुंचे और अभी वह संबोधन शुरू करने का उपक्रम कर ही रहे थे कि अचानक उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया। राहुल ने जेब से फोन निकाला। मैसेज पढ़ा। इसके बाद दो शब्दों का जवाब लिखा और बटन दबाकर चिरपरिचित अंदाज में मुस्कराते हुए मोबाइल जेब में रख लिया। पता चला कि मैसेज दिल्ली से आया था और सपा के साथ प्रदेश में सीटों के बंटवारे से संबंधित था। इस घटना के डेढ़ घंटे बाद ही मीडिया में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का बयान चलने लगा कि कांग्रेस के साथ पार्टी का गठबंधन हो गया है।

प्रदेश में कुल 80 लोकसभा सीटें हैं। कांग्रेस और सपा के बीच तीन सीटों पर दावेदारी को लेकर पेच फंस जाने से मंगलवार को गठबंधन की बातचीत टूट गई थी। यह लगभग तय हो गया था कि दोनों दल अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरने जा रहे हैं। लेकिन जिस तरह राहुल गांधी ने मंगलवार देर शाम अंतिम समय में अपनी न्याय यात्रा का कानपुर में रूट सीमित किया और दोपहर में ही चकेरी एयरपोर्ट से दिल्ली जाने का कार्यक्रम बनाया, उससे साफ हो गया था कि कांग्रेस हाईकमान उत्तर प्रदेश में घोषणा के बाद भी न्याय यात्रा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के शामिल नहीं होने को गंभीरता से ले रहा है। दरअसल, इस यात्रा के जरिए दोनों दलों के पास एकजुटता दिखाने का मौका था जो उनके हाथ से फिसल गया था। ऐसे में जनता में सकरात्मक संदेश नहीं जाने और कमजोर संगठन के कारण यात्रा को अपेक्षित समर्थन नहीं मिलने से कांग्रेस पर गठबंधन को लेकर बड़ा दिल दिखाने का दबाव बढ़ गया था। माना जा रहा था कि राहुल गांधी दिल्ली पहुंचकर उत्तर प्रदेश में सपा के साथ टूट चुकी बातचीत को संभालने का प्रयास करेंगे, ताकि कानपुर में दो दिन का विराम देने के बाद मुरादाबाद से शुरू होने वाले यात्रा के अगले पड़ाव में सपा को पूरी ताकत के साथ जोड़ा जा सके। लेकिन जानकारी के मुताबिक प्रियंका गांधी की पहल से राहुल के दिल्ली पहुंचने से पहले ही सपा के साथ पार्टी का सीट समझौते का फार्मूला बन गया। ऐसे में राहुल गांधी से तुरंत उस पर सहमति मांगी गई, जिसे उन्होंने मैसेज आने पर ओके कर दिया।

- **घंटाघर में सभा से पहले राहुल गांधी ने मोबाइल पर सपा से सीटों के समझौते को लेकर दिल्ली से आए संदेश को किया ओके**
- **यात्रा में अखिलेश के शामिल नहीं होने व कमजोर संगठन के कारण अपेक्षित समर्थन नहीं मिलने से चिंतित था कांग्रेस हाईकमान**

पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह जत्था लेकर राहुल गांधी से मिलने पहुंचे। अमृत विचार

मम्मी! राहुल गांधी ने मुझे बुलाकर माथे पर किस किया...

कानपुर। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अपने निर्धारित समय से करीब दो घंटे देरी से शहर पहुंची। कांग्रेस नेता की एक झलक पाने के लिए झाड़ी बाबा पुल के पास फुटपाथ के दोनों ओर लोग एकत्र थे। राहुल से मिलने के लिए जयपुरिया स्कूल का तीसरी कक्षा का छात्र भी इनमें से एक था। इस बच्चे को देखते ही राहुल ने अपना काफिला रुकवा कर पास बुलाया तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लाल बंगला निवासी सुधीर शुक्ला प्रापर्टी का काम करते हैं और शहर कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष हैं। सुधीर ने बताया कि न्याय यात्रा लेकर राहुल गांधी के आने की जानकारी पाकर उनके इकलौते बेटे वीर (11) ने भी साथ चलने की इच्छा जताई। स्कूल की छुट्टी होने के बाद वीर को लेकर सुधीर सुबह 10:30 बजे से जुहारी देवी स्कूल के पास फुटपाथ पर खड़े हो गए। राहुल का काफिला जैसे ही वहां से गुजरा तो पापा की गोद में सवार वीर न्याय यात्रा का झंडा फहराते हुए शोर मचाने लगा। यह दृश्य देखकर राहुल गांधी ने अपना काफिला रुकवाया और वीर को पास बुला कर गाड़ी में बिठा लिया। राहुल ने वीर के गले में हाथ डालकर पूछा, किस क्लास में पढ़ते हो तो वीर ने बताया कि वह जयपुरिया स्कूल में तीसरी कक्षा का छात्र है। इस पर राहुल ने कहा कि अच्छी तरह से पढ़ाई करना और उसका माथा चूमते हुए टॉफी और भारत जोड़ो न्याय यात्रा का कार्ड दिया। राहुल से मिलने के बाद वीर का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। घर पहुंचते ही वीर मां से गले लगकर बोला, कि आज मैं राहुल गांधी से मिलकर आया हूं। उन्होंने किस किया और टॉफी दी।

राहुल गांधी के माथा चूमकर दुलराने पर भावुक हो उठा जयपुरिया स्कूल का छात्र वीर।

गुटबाजी का रहा खेल स्वागत में कांग्रेसी फेल

- **गंगा पुल से घंटाघर तक दिखा टुकड़ों-टुकड़ों में बंटा कांग्रेस नेताओं का जोश**
- **रस्म अदायगी जैसे उत्साह से चुनावी माहौल नहीं बन पाया**

महेश शर्मा, कानपुर

अमृत विचार। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्वागत में कानपुरिया जोश पर कांग्रेस नेताओं की गुटबाजी भारी नजर आई। हर किसी ने अपना प्रचार और समर्थकों की भीड़ दिखाने पर ज्यादा जोर दिया। इसके चलते स्वागत कहीं-कहीं रस्म अदायगी जैसा बन गया और यात्रा लोकसभा चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं में जमीन पर उतरकर संघर्ष करने का वैसा जज्बा नही भर पायी जिसकी उम्मीद लगाई जा रही थी।

कांग्रेस से लोकसभा टिकट के दावेदारों ने भी राहुल गांधी के स्वागत में सारा प्रचार गंगापुल से घंटाघर चौराहे तक ही सीमित रखा। कांग्रेस नेता अलग-अलग गुटों में स्वागत को उतावले दिखाई दिए। फ्रंटल संगठन और प्रकोष्ठों की मौजूदगी तो नजर आई लेकिन नेता के लिए जो उत्साह होना चाहिए वह नदारद ही रहा।

न्याय यात्रा पनचक्की, नरौना चौराहा, घसियारी मंडी, हूलागंज चौराहा, गणेश मंदिर होते घंटाघर पहुंची। सभास्थल घंटाघर में आठ से दस हजार लोग उपस्थित रहे। कांग्रेस सेवादल छोटे से समूह में पनचक्की चौराहे पर बावर्दी उपस्थित रहा। राहुल के वाहन पर फूल भी बरसाए गए। यात्रा करीब पौने 12 बजे झाड़ीबाबा पहुंची जहां कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। यहां कुछ युवक बेरोजगारी के नारे लिखी तख्तियां लिए खड़े थे जिनसे राहुल मिले। इस दौरान उन्होंने युवकों से कहा कि समय बदलेगा। यात्रा मार्ग पर न्याय योद्धा भी तख्तियां लिए खड़े दिखायी दिए। न्याय यात्रा में यूपी के प्रभारी राष्ट्रीय और कांग्रेस महासचिव अविनाश पांडे, जयराम रमेश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, प्रमोद तिवारी, सचिव अजय कपूर, नीलांशु त्रिपाठी, विधायक आराधना मिश्रा मोना, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, प्रवक्ता सुप्रिय श्रीनेत, मीडिया प्रभारी अभय दुबे, पीएल पुनिया आदि शामिल रहे।

कांग्रेस नेता ने दिया भरोसा | न्याय यात्रा के स्वागत के दौरान गूंजा बेरोजगारी, भर्ती रिजल्ट और पेपर आउट होने का मुद्दा

युवाओं के वी वांट जॉब पोस्टर पर इशारों में किया आश्वस्त

अभिनव मिश्र, कानपुर

अमृत विचार। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बेरोजगारी, भर्ती व पेपर आउट होने का मुद्दा छाया रहा। झाड़ी बाबा पुल पर न्याय यात्रा के प्रवेश करते ही युवाओं ने पेट, गन्ना पर्यवेक्षक व कृषि तकनीकी सहायक भर्ती न निकलने का मुद्दा छाया रहा। वहीं अग्निवीर योजना के विरोध में भी एनसीसी कैडट राहुल के इंतजार में घंटो पोस्टर बैनर लिए खड़े रहे।

बुधवार को राहुल गांधी की न्याय यात्रा का शहर में आगमन हुआ तो बेरोजगारी, सरकारी भर्तियों पर रोक व पेपर आउट होने का मुद्दा युवाओं ने राहुल गांधी के सामने उठाया। न्याय यात्रा आने की जानकारी पर सुबह से ही युवा पोस्टर, बैनरों के साथ अपना-अपना दर्द लिए राहुल गांधी के इंतजार में खड़े हुए थे। अग्निवीर योजना के विरोध में झाड़ी बाबा पुल पर वी वांट जॉब के नाम का पोस्टर लिए एनसीसी कैडेटों ने बताया कि यूपी में सरकारी भर्तियों की अधिकांश परीक्षाएं कोर्ट में लंबित पड़ी हुई, कोई भी भर्ती ऐसी नहीं जो कोर्ट में न जाएं। कहा कि अग्निवीर योजना में युवाओं का भविष्य अधर में है। चार साल की नौकरी में न ही जवान को पेंशन की योजना है और न ही उनका भविष्य सुरक्षित है। वहीं एग्रीकल्चर स्टूडेंट्स यूनियन के छात्रों के बताया कि कृषि तकनीकी सहायक भर्ती के नाम से सालों से सिर्फ आश्वासन मिल रहा है, आखिर ऐसा क्यों है। कृषि मंत्री सिर्फ झूठे आश्वासन दे रहे है। सवाल उठाया कि गन्ना पर्यवेक्षक की नई भर्ती अब तक क्यो नहीं निकाली गई, आखिर कब तक इसका इंतजार करना पड़ेगा। इसके साथ ही छात्रों ने मै बेरोजगार हूं, हमे रोजगार चाहिए पोस्टरों के साथ नारेबाजी की। न्याय यात्रा के आते ही छात्रों को राहुल गांधी ने इशारों में आश्वासन दिया। साथ ही एनसीसी कैडट को बुलाकर उसकी बात सुन कर सरकार बनने पर अग्निवीर योजना निरस्त करने के लिए आश्वस्त किया।

झाड़ी बाबा पड़ाव पर पोस्टर लिए खड़े बेरोजगार युवक। अमृत विचार

एनसीसी की वर्दी पहने युवक को राहुल ने पास बुलाया।

लायर्स परिसर में मतों की गणना करते रिटायर्ड सैन्यकर्मी। अमृत विचार

कचहरी परिसर में परिणाम घोषित होने के बाद आतिशबाजी करते समर्थक ।

श्याम नारायण अध्यक्ष, अभिषेक महामंत्री

अध्यक्ष के चुनाव में अरविंद दीक्षित को 1023 मतों से मिली हार, महामंत्री में राजीव यादव 622 मतों से हुए पराजित

लॉयर्स एसोसिएशन चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। लॉयर्स एसोसिएशन चुनाव में बुधवार रात अध्यक्ष और महामंत्री पद के नतीजे घोषित कर दिए गए। अध्यक्ष पद पर श्याम नारायण सिंह ने 1945 वोट पाकर एकतरफा जीत हासिल की। वहीं 2122 वोट पाकर महामंत्री पद का ताज अभिषेक तिवारी के सिर पर सजा। दोनों विजेताओं के नामों घोषणा होते ही कचहरी में उनके समर्थक झूम उठे। वरिष्ठ व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के वोटों की गिनती गुरुवार सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

लॉयर्स एसोसिएशन चुनाव के लिए 20 फरवरी को डीएवी डिग्री कॉलेज में मतदान हुआ था। गुरुवार को लॉयर्स एसोसिएशन परिसर स्थित पं. राम कुमार शुक्ल हॉल में सुबह 11 बजे से पुलिस की कड़ी सुरक्षा में मतगणना शुरू हुई। एल्डर्स कमेटी की निगरानी में 14 बैलट बॉक्सों से मतपत्रों अलग-अलग किया गया। इस कार्य को करने में शाम के चार बज गए। इसके बाद रिटायर्ड सैन्यकर्मियों ने मतों की गिनती शुरू की। अध्यक्ष पद के छह दावेदारों में से श्याम नारायण सिंह ने एक बार बढ़त बनाई, जिसके बाद प्रतिद्वंदी उन्हें छू भी नहीं पाए। श्याम नारायण को 1945 व उनके निकटतम प्रतिद्वंदी अरविंद कुमार दीक्षित को 922 वोट मिले। जीत का अंतर 1023 का था। वहीं महामंत्री पद के छह दावेदार मैदान में थे। शुरुआती दौर से ही अभिषेक तिवारी व राजीव यादव के बीच में प्रतिस्पर्धा थी। धीरे-धीरे बाकी चार प्रत्याशी मैदान से बाहर हो गए। अभिषेक तिवारी ने 622 मतो से राजीव यादव को पराजित किया। राजीव यादव को कुल 1500 मत मिले। मतगणना में अध्यक्ष पद पर 24 व महामंत्री पद पर 28 वोट अवैध पाए गए।

अध्यक्ष - श्याम नारायण सिंह।

महामंत्री - अभिषेक तिवारी। अमृत विचार

अध्यक्ष प्रत्याशियों को मत

श्याम नारायण सिंह	1945
अरविंद कुमार दीक्षित	922
अनूप कुमार द्विवेदी	811
सुरेंद्र कुमार पांडेय	489
रमेश चंद्र वर्मा	460
प्रवीन कुमार यादव	289

महामंत्री प्रत्याशियों के मत

अभिषेक तिवारी	2122
राजीव यादव	1500
सुनील कुमार पांडेय	776
अजय प्रकाश अग्निहोत्री	204
अतुल श्रीवास्तव	162
अखिलेश कुमार गुप्ता	148

"यह जीत सभी अधिवक्ता साथियों की जीत है। कार्यकाल के दौरान बिल्हौर, घाटमपुर समेत ग्रामीण इलाकों के अधिवक्ताओं के विभिन्न मुद्दों पर संघर्ष किया जाएगा। **-श्याम नारायण सिंह (अध्यक्ष)**

वकीलों की लंबित मांगों के निस्तारण के लिए सभी वरिष्ठजनों व साथियों को साथ में लेकर लड़ाई लड़ी जाएगी। वकीलों के हित में ही सारे काम होंगे। **-अभिषेक तिवारी (महामंत्री)"**

सोशल मीडिया की अफवाहों से बचें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रविदास जयंती और शब-ए-बरात को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क
- मोहल्ला सुरक्षा समितियों से सौहार्द बनाए रखने की अपील

अमृत विचार। रविदास जयंती और शब-ए-बरात को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मोहल्ला सुरक्षा समिति के साथ डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम ने गोष्ठी की। इस दौरान लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। डीसीपी ने निर्देश दिए कि यदि कोई भी व्यक्ति भ्रामक सूचनाएं फैलाते हैं तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शहरवासी अफवाहों पर कतई ध्यान नहीं दें।

24 फरवरी को रविदास जयंती व 25 को शब-ए-बरात के मद्देनजर डीसीपी के नेतृत्व में एडीसीपी सेंट्रल संतोष कुमार मीणा, एसीपी इन्द्र प्रकाश सिंह, अनवरगंज, प्रभारी निरीक्षक नीरज ओझा के साथ अंबेडकर पार्क फूलवाली गली अनवरगंज में गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी के दौरान जनता से संवाद स्थापित करते हुए पुलिस मित्र का संदेश दिया गया तथा आपसी सद्भाव और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान सोशल मीडिया के दुरुपयोग व अफवाहों के संबंध में भी लोगों को सचेत रहने के लिए जागरुक किया गया। डीसीपी ने अपील की कि सीएए, एनआरसी के सम्बन्ध में भ्रामक सूचना न फैलाएं और न ही किसी अफवाह पर ध्यान दें। कहा कि पुलिस का सहयोग करें तथा मंदिर, मस्जिद व अन्य धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों की ध्वनि को कम कराया जाए। साथ ही यूपी बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत रात में डीजे आदि तेज ध्वनि वाले साउंड को न चलाया जाए। जनता को ज्यादा से ज्यादा सुरक्षा का भरोसा दिलाया जाए। लोग अपनी जानमाल की सुरक्षा के लिए पुलिस से सहज रूप से बिना किसी भय के अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को दर्ज करा सकें। यदि संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई दे तो नजदीकी पुलिस स्टेशन को या फिर 112 नंबर पर सूचित करें।

चौराहों के सीसीटीवी को महानुभाव लेंगे गोद

कानपुर। शहर के नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिगत कमिश्नरेट कानपुर नगर में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत 1000 चौराहों और तिराहों पर सीसीटीवी कैमरों को लगाएगा। इन चौराहों को शहर के महानुभाव गोद लेकर चलाएंगे। जिसमें कैमरा यूनिट, एनवीआर यूनिट, पीओई स्विच यूनिट इत्यादि उपकरण का अधिभार होगा। इसी के चलते त्रिनेत्र अंबेसडर प्रोग्राम आईसीसीसी कार्यालय नगर निगम में होगा। जिसे पुलिस विभाग एवं नगर निगम कानपुर के संयुक्त अभियान से प्रारम्भ किया जायेगा। इसको लेकर गुरुवार दोपहर 12 :30 बजे त्रिनेत्र अंबेसडर प्रोग्राम की बैठक होगी। जिसमें पुलिस आयुक्त के साथ पुलिस विभाग के अधिकारी, नगर आयुक्त, कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

नाबालिग बाइक सवार ने बुजुर्ग की जान ली

कानपुर। गोविंद नगर थानाक्षेत्र में बाइक सवार नाबालिग ने रोड पार कर रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया।

गोविंद नगर जे ब्लॉक निवासी इंटीरियर वॉलपेपर का काम करने वाले व्यापारी 63 वर्षीय विनय कुमार बाजपेई चार दिन पूर्व घर के पास रोड क्रॉस करके जा रहे थे। तेज रफ्तार नाबालिग बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। घायल विनय कुमार ने मंगलवार रात अस्पताल में दम तोड़ दिया।

सार-संक्षेप

इमरजेंसी में रखा मनोज का शव व पास में खड़े परिजन। अमृत विचार

हैलट इमरजेंसी में चार घंटे स्ट्रेचर पर पड़ा रहा शव

कानपुर। बुधवार को हैलट इमरजेंसी में एक युवक की मौत हो गई तो उसका शव करीब चार घंटे तक इमरजेंसी में ही स्ट्रेचर पर पड़ा रहा। परिजनों के कहने पर भी शव को मॉर्च्यूरी में नहीं रखवाया गया। बिठूर के चकरतनपुर निवासी मनोज निषाद की बुधवार सुबह अचानक से तबियत बिगड़ गई। पत्नी मनोज को लेकर सुबह करीब 10 बजे कार्डियोलॉजी ले गई, जहां से उनको हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। हैलट इमरजेंसी में वह सुबह करीब साढ़े 10 बजे के बाद पहुंचीं। यहां पर डॉक्टरों ने उनको ब्रॉडडेड घोषित कर दिया। मनोज की मां रामकली हैलट इमरजेंसी पहुंची, जहां पर उन्होंने अपनी बहू पर बेटे मनोज को जहर देकर मारने का आरोप लगाकर पोस्टमार्टम की मांग की। रामकली ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। आरोप है कि हैलट इमरजेंसी में ईएमओ नहीं थे, जिस वजह से शव को इमरजेंसी के रेड जोन में रखवा दिया गया। वहीं, बिठूर थाने की पुलिस भी साथ में नहीं थी। हैलट में करीब चार घंटे तक शव स्ट्रेचर पर रखा रहा। जबकि नियमानुसार परिजनों की सहमति नहीं होती है तो अस्पताल प्रशासन द्वारा शव को मॉर्च्यूरी में रखवाया जाता है। जब ईएमओ इमरजेंसी आए तब कागजी कार्यवाही हुई और शव को मॉर्च्यूरी में रखवाया जा सका। प्रमुख अधीक्षक डॉ .आरके सिंह के मुताबिक मामले के बारे में पूछताछ की जाएगी।

17 दिन नहीं जमा होंगे ऑनलाइन बिजली बिल

कानपुर। केस्को में अगले 17 दिन तक बिलिंग, बिल संशोधन, मीटर बदलना, नाम में परिवर्तन, वोल्टेज में वृद्धि समेत आदि कार्य बाधित रहेंगे। इसलिए समय रहते गुरुवार को ही बिजली से संबंधित कार्य रात आठ तक निपटा लीजिए, नहीं तो 17 दिन बाद समस्या का समाधान हो सकेगा। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक 22 फरवरी की रात आठ बजे से 10 मार्च शाम छह बजे तक ऑनलाइन बिलिंग प्रणाली का तकनीकी उच्चीकरण किया जाएगा। इस कारण बिलिंग, बिल संशोधन, मीटर बदलना, नाम परिवर्तन करने, विधा परिवर्तन करने, भार वृद्धि आदि कार्य बाधित रहेंगे। लेकिन इस दौरान नए कनेक्शन दिए जाएंगे। बिजली बिल जमा करने को काउंटर खुले रहेंगे। बिलिंग प्रणाली तकनीकी उच्चीकरण के बाद फिर से सभी उपभोक्ताओं के लिए यह सेवाएं उपलब्ध होगी। वहीं, बिलिंग से संबंधित किसी भी असुविधा के लिए उपभोक्ता उपखंडीय व खंडीय कार्यालय या केस्को हेल्पलाइन नम्बर 18001801912 व केस्को वाट्सऐप नंबर 8189045247 पर संपर्क किया जा सकता है।

कार कंपनी के फर्जी लेटर हेड से बैंक से जालसाजी का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- साढ़े सात लाख रुपये अकाउंट में ट्रांसफर करने को कहा
- कर्नलगंज थानाक्षेत्र का मामला पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार। कर्नलगंज थानाक्षेत्र में एक व्यक्ति ने बैंक मैनेजर को फोन कर साढ़े सात लाख रुपये बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करने के लिए एक रिक्वेस्ट कंपनी के फर्जी लेटर हेड से व्हाट्सएप कर दी। बैंक मैनेजर को शंका हुई तो उन्होंने डॉयरेक्टर से संपर्क किया तब मामले का खुलासा हुआ। पीड़ित ने मामला दर्ज कराया है।

पुष्प हांडा स्मार्ट कार्स प्राइवेट लिमिटेड के बिजनेस हेड नितिन जायसवाल ने पुलिस को बताया कि कंपनी के एसबीआई शाखा सर्वोदय नगर के मैनेजर के पास एक नंबर से फोन आया कि उनको 7,65,500 रुपये का किसी हुसैन मारफुल के एचडीएफसी बैंक अकाउंट में करने के लिए एक रिक्वेस्ट कंपनी का लेटर हेड व्हाट्सएप कर दिया है। बैंक मैनेजर ने कंपनी के डॉयरेक्टर विकास जायसवाल को फोन करके बताया। उन्होंने अपनी कंपनी में बिजनेस हेड नितिन जायसवाल और अकाउंट हेड विजय तिवारी को फोन करके जानकारी ली। उनकी ओर से कोई लेनदेन कंपनी के लेटर हेड के माध्यम से नहीं होने की बात कही गई। डॉयरेक्टर विकास जायसवाल ने बताया कि किसी व्यक्ति ने फर्जी लेटर हेड में फर्जी आरटीजीएस का आवेदन उनके फर्जी हस्ताक्षर बनाकर जालसाजी करने का प्रयास किया है। इस संबंध में कर्नलगंज प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नितिन जायसवाल की तहरीर पर हुसैन मारफुल निवासी अज्ञात के खिलाफ जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज की है।

रंजिश में कुल्हाड़ी से हमला कर भाग निकले आरोपी

कानपुर। चकेरी थाना क्षेत्र में रंजिश के चलते आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

श्याम नगर बल्ला टटिया निवासी भीम सिंह यादव के अनुसार इलाके का सत्येंद्र यादव उनसे एक मामले को लेकर रंजिश मानता है। जिसके चलते आरोपी अक्सर उन्हें धमकाता है। पीड़ित ने बताया कि 20 फरवरी को वह इलाके में तेरहवीं में गए थे। जहां सत्येंद्र अपने भाई जितेंद्र यादव और साथी राहुल वर्मा के साथ आया और गाली गलौज कर पीटने लगा।

इसके बाद आरोपियों ने उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे उनके कंधे और पैर में चोटें आई हैं। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़ित ने चकेरी थाने शिकायत की। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की तलाश जारी है।

अजय ने हमेशा बढ़ाया कांग्रेस का मान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जन्मदिन समारोह में अजय कपूर को दिया आशीर्वाद
- लोगों से कहा कि सांसद का चुनाव लड़ें तो सफल बनाना

अमृत विचार। कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव अजय कपूर का जन्मदिन समारोह बुधवार को गोविंदनगर में मनाया गया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने समारोह में शामिल होकर अजय कपूर को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि संघर्षशील अजय कपूर ने हमेशा कांग्रेस का मान बढ़ाया है। वह सांसद का चुनाव लडेंगे तो हमें पूर्ण विश्वास है कि कानपुर के लोग उन्हें वोट देकर सफल बनाएंगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन ने अजय कपूर को शुभकामना दी और कानपुर का सांसद कैसा हो अजय कपूर जैसा हो के नारे लगवाए। प्रमोद तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए अजय कपूर ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए प्रसन्नता भरा है। सदैव पिता की तरह मुझे आशीर्वाद देने वाले बड़े भाई प्रमोद तिवारी के पदचिह्नों पर चलने का अवसर मिला। अजय कपूर ने केक काटने के बाद आए सभी आगन्तुकों व शुभचिन्तकों को आभार व्यक्त किया। कहा मैं विधायक रहूं या नहीं, लेकिन हमारा रिश्ता सदैव रहेगा। इस मौके विधायक छत्रपति यादव, रोहित मनी भूषण, पूर्व विधायक संजीव सिंह, नियाजुद्दीन खां, समीर सिंह, बृजेश पांडेय, विधायक संतोष मिश्रा, सम्मी कुमार, नागेंद्र कुमार, शरीफ रंगरेज आदि के साथ दिल्ली आप के पार्षद महेंद्र सिंह चौधरी, रोमाना सिद्धीकी ने जन्मदिन की बधाई दी। शहर कांग्रेस के उत्तर से अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, पूर्व विधायक सुहैल अंसारी, संजीव दरियावादी, शंकर दत्त मिश्रा, इस्लाम अंसारी, दिलीप शुक्ला, टिल्लू ठाकुर, इरफान अहमद खान आदि थे।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के साथ अजय कपूर का स्वागत हुआ। अमृत विचार

चुनाव से पहले बदला पाला | भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष ने किया स्वागत, प्रेसवार्ता कर जारी की लिस्ट, लखनऊ में सभी ने ली सदस्यता

इंडी गठबंधन के नेता समर्थकों सहित भाजपा में हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक इंडी गठबंधन (सपा-कांग्रेस) के नेताओं ने बुधवार को लखनऊ मुख्यालय पर भाजपा की सदस्यता ले ली। इसके बाद क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने सभी का स्वागत कर प्रदेश मुख्यालय की ओर से जारी लिस्ट को जारी कर दिया। उन्होंने कहा की कांग्रेस एवं इसके सहयोगी दल अयोध्या में भगवान श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के राष्ट्रीय महत्व को नहीं समझ पाए, जहां पूरा देश इस पावन अवसर को एक त्यौहार की भांति एकजुट होकर उत्सव मना रहा था। इस दौरान सपा और कांग्रेस के बड़े नेता आखों पर काली पट्टी बांधे थे।

प्रकाश पाल ने बताया कि पूर्व विधायक सपा नेता राम प्रकाश कुशवाहा, सपा के पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर, सपा नेता पूर्व विधायक अंबेश कुमारी, जालौन से बसपा लोकसभा प्रत्याशी रहे विजय चौधरी, ललितपुर जिले से सपा के जिला पंचायत सदस्य धनंजय यादव, बृजेंद्र सिंह, कानपुर देहात सपा के पूर्व प्रदेश सचिव अमर सिंह, उत्तर प्रदेश पंचायती राज कांग्रेस के प्रदेश सचिव डॉक्टर अनुराग शर्मा, बसपा के पूर्व बिहार प्रदेश के प्रभारी जोनल कोऑर्डिनेटर राजेंद्र अहिरवार, कानपुर ग्रामीण से जिला पंचायत सदस्य राजू दिवाकर, आकाश सिंह, सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवराजपुर से राजेश कोरी, ललितपुर से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष कुमार कुशवाहा, कानपुर देहात से सपा के जिला महासचिव अनूप कुमार सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख भोगनीपुर आकांक्षा सिंह, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव चौधरी हरिओम कठेरिया ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्या ले ली। इस दौरान भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के मीडिया प्रभारी व ज्वाइनिंग कमेटी के सह संयोजक अनूप अवस्थी, क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, कमेटी के सदस्य संदीप ठाकुर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री अजय गिहार, आईटी के क्षेत्रीय संयोजक मयंक भट्ट, हर्ष द्विवेदी आदि रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा उत्तर अध्यक्ष दीपू पांडे। अमृत विचार

भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक राम प्रकाश कुशवाहा का स्वागत करते पदाधिकारी।

लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला

कानपुर। भाजपा उत्तर ने लाजपत नगर मंडल की लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला आयोजित की। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में प्रदेश में 80 में से 80 सीटों पर जीत दर्ज करने के लिए प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं की एक करोड़ लाभार्थियों के घरों पर दस्तक देने जा रही है। पार्टी के सांसद, विधायक व मंत्री सहित सभी जन प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता लाभार्थी परिवारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र भी देंगे। लाभार्थी संपर्क अभियान के दौरान सभी लाभार्थियों से मोबाइल से मिस्ड कॉल भी कराने हैं। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी से 5 मार्च तक लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा। जिसमें 1 से 3 मार्च तक विशेष लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा। कार्यशाला में पूनम कपूर, जगदीश तिवारी, कपिल गुप्ता, सरोज सिंह, मंडल अध्यक्ष वात्सेय त्रिपाठी, शिव बोधन मिश्रा, आनंद मिश्रा आदि रहे।

हर एक बस्ती में निकलकर घर-घर में करना है संपर्क

कानपुर। भाजपा उत्तर के अनुसूचित मोर्चे ने बस्ती संपर्क एवं संवाद अभियान के तहत बैठक की। अनुसूचित मोर्चे के जिला अध्यक्ष विनोद सोनकर ने इसकी अध्यक्षता की। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि अनुसूचित मोर्चा हर एक बस्ती पर निकलकर घर-घर संपर्क अभियान एवं संवाद कार्यक्रम करेगा। जिसमें मुख्य रूप से हर मंडल में एक टोली संयोजक एवं दो सह संयोजक रहेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से संतोष शुक्ला, संजीत वनमाल, सूरज गौतम, संदीप पासवान, राजकुमार दिवाकर, आंसू वाल्मीकि, नंदू सोनकर, विकास नागर आदि रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैं शीरीन फात्मा निवासी मन्सूर नगर लखनऊ, यह सूचित करती हूँ कि मेरे नाम की सही Spelling SHIRIN FATMA है। अतः सदैव इसे यथावत ही लिखा जाये।

सूचना

मेरे पासपोर्ट में पत्नी का नाम शादमा लिखा है जबकि उनका नाम शादमा खातून है,जो सही है। पता 932 सिविल लाइन दर्ज है जबकि सही पता 932 फूलबाग कॉलोनी डीएम आवास के पास है। **फरीद अहमद पुत्र रईस अहमद, 932 फूलबाग कॉलोनी डीएम आवास के पास, फतेहपुर**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैनें अपने चौथे नम्बर के पुत्र सर्वेश कुमार के गलत कृत्यों को लेकर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं अपनी चल-अचल सम्पत्ति से सर्वेश को बेदखल करता हूं। **राम प्रसाद पुत्र बाबू, ग्राम बहबलपुर, हुसेनगंज, फतेहपुर**

माँ भगवती महाविद्यालय
जी0टी0रोड, सलेमपुर, सिकन्दरपुर, कन्नौज
Email ID:- mbdegreecollege@gmail.com
Phone:- 9336851293, 8573055555

शिक्षण हेतु आवश्यकता है

बी0एस0सी0 – भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान
सहा0 आचार्य की

योग्यता एंव सेवा शर्ते यू0जी0सी0 एवम् उ0प्र0 शासन के नियमानुसार

सचिन दुवे
(प्रबन्धक)

सूचना

मेरे पॉलिसी संख्या–312145444 में मेरा नाम सूरज कुमार वर्मा लिखा गया है जो कि मेरा घर पर बुलाने वाला नाम है मेरे आधारकार्ड और बैंक खाते में मेरा नाम आलोक कुमार वर्मा है जो कि सत्य व सही है। सूरज कुमार वर्मा व आलोक कुमार वर्मा मेरा ही नाम है किसी अलग–अलग व्यक्ति का नाम नहीं है।

सूचना

कम्पनी के कुछ ROC वैधानिक रिकॉर्डर्स गुम हो गए हैं। मिलने वालों को उचित इनाम। सम्पर्क करें– **कनक भवन प्रसाद सेवा प्रा0लि0, कनक भवन मन्दिर मो0 रामकोट अयोध्या। मो0 : 8218830641**

आज का मौसम
बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना।

26.8°	15.6°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 40	सूर्यास्त 06 : 05

शहर में आज

- **परीक्षा :** यूपी बोर्ड की परीक्षा सुबह 7 :30बजे से।
- **प्रदर्शनी :** डीएवी कॉलेज में वार्षिक उत्सव पर कला प्रदर्शनी दोपहर 12 बजे।
- **बैठक :** नगर निगम के आईसीसीसी कार्यालय में त्रिनेत्र अंबेस्डर अभियान की बैठक 12 :30 बजे।
- **प्रदर्शन :** भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल द्वारा नौबस्ता गल्लामंडी में प्रदर्शन दोपहर 1 :15 बजे।
- **सत्संग :** विश्व जागृति मिशन द्वारा शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क में विराट भक्ति सत्संग शाम चार बजे से।

एक नजर

सुनील कुमार सिंह बने फजलगंज थाना प्रभारी

कानपुर। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बुधवार रात तीन थाना प्रभारियों का फेरबदल किया है। फीलखाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह को फजलगंज थाने के प्रभार सौंपा गया है। प्रभारी पैरवी सेल रवींद्र प्रताप सिंह को फीलखाना थाने का प्रभार सौंपा गया। इसी तरह प्रभारी फजलगंज अमरनाथ विश्वकर्मा को डीसीपी कार्यालय मुख्यालय से संबद्ध किया गया है।

मुंशी-मौलवी के 632 परीक्षार्थी गैरहाजिर

कानपुर। मदरसा शिक्षा परिषद से संचालित सेकेंड्री, सीनियर सेकेंड्री की कामिल व फाजिल परीक्षा नगर के 11 परीक्षा केंद्रों व सात इंटर कालेज और चार मदरसों में हुई। बुधवार को प्रथम पाली में सेकेंड्री मुंशी व मौलवी के 1839 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1207 ही परीक्षा में शामिल हुए। 632 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। वहीं दूसरी पाली में सीनियर सेकेंड्री की कामिल व फाजिल के 650 परिक्षार्थियों के सापेक्ष 561 ने परीक्षा दी। 92 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

हैलट में निजी एंबुलेंसों के हुए चालान

कानपुर। हैलट अस्पताल में रोक के बावजूद निजी एंबुलेंस दिनभर इकट्ठा रहती हैं और उनके चालक इमरजेंसी में डेरा जमाए खड़े व बैठे रहते हैं, लेकिन हैलट में तैनात किए गए सुरक्षा गार्ड उनको वहां से भगाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। जबकि जनवरी माह में इन एंबुलेंस चालकों के खिलाफ आरटीओ के अधिकारियों ने कार्रवाई की थी, लेकिन उसके बाद वह निगरानी करना भूल गए। बुधवार को हैलट चौकी की पुलिस ने इन निजी एंबुलेंस चालकों पर अपनी नजर टेढ़ी की तो आधे से ज्यादा चालक एंबुलेंस लेकर भाग गए। पुलिस ने आधा दर्जन एंबुलेंसों के चालान किए।

मांस पकड़े जाने पर हंगामा

कानपुर। नरौना चौराहे पर प्रतिबंधित मांस पकड़े जाने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो हरबंश मोहाल पुलिस ने जांच शुरू की। प्रतिबंधित मांस होने की बात गलत पाई गई। पुलिस ने बताया कि भैंस का मांस है जो उन्नाव, अजगैन से बिल्टी के साथ चमनगंज जा रहा था। सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

जुर्माना वापस करने और हॉस्टल सुविधा देने की मांग पर अड़े छात्र

पिछले साल हंगामे के आरोप में निलंबित हुए थे 9 छात्र, हुई बहाली, मांगें अभी अधूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अपनी मांगों को लेकर बुधवार को छात्रों ने विश्वविद्यालय गेट पर धरना दिया। धरने पर बैठे छात्र जुर्माना वापस लिए जाने और हॉस्टल सुविधा बहाल किए जाने की मांग कर रहे थे। धरना देने वाले छात्रों को पूर्व में हंगामा किए जाने के आरोप में विश्वविद्यलाय प्रशासन की ओर से निलंबित किया गया था। निलंबन वापसी और परीक्षा में बैठने की अनुमति मिलने के बाद छात्र उस वक्त लगे अन्य दंड को भी माफ किए जाने की मांग कर रहे हैं।

सीएसजेएमयू गेट पर सुबह से ही छात्रों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया था। इस दौरान छात्रों ने 'विश्वविद्यालय प्रशासन मुर्दाबाद' और 'समय बीता अब तो करो बहाल जैसे' नारे भी लगाए। प्रदर्शन के दौरान 9 महीने पहले मारपीट के मामले में निलंबित छात्रों के साथ अन्य छात्र भी धरने पर बैठे थे। छात्रों के प्रदर्शन के बीच विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से एक पत्र भी जारी किया गया। इस पत्र में छात्रों के निलंबन की वापसी की बात कही गई। छात्रों का यह भी आरोप है कि निलंबन का समय बीत जाने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सिर्फ कोरी बयानबाजी की गई है। छात्र जल्द उस दौरान लगाए गए शुल्क दंड और छात्रावास सुविधा बहाल किए जाने की मांग कर रहे हैं।

छात्रों ने दिया धरना, तानाशाही का लगाया आरोप। अमृत विचार

दो मई को हुए थे निलंबित

दो मई 2023 को डॉ. अनिल कुमार यादव ने मारपीट के मामले में नौ छात्रों को दिसंबर 2023 तक के लिए निलंबित किया था। निलंबन और धरना देने वाले छात्र अभिजीत राय ने बताया कि उनसे कहा गया कि समाज सेवा करो तो निलंबन का समय घटा दिया जाएगा। उनकी बात पर सभी निलंबित छात्रों ने समाज सेवा का कार्य किया।

यह था मामला

27 अप्रैल 2023 को सीएसजेएमयू परिसर के बाहर मकड़ीखेड़ा की ओर जाने वाली रोड पर जूनियर और सीनियर दो छात्र समूह में मारपीट हुई थी। एफआईआर भी दर्ज की गई थी। घटना को संज्ञान में लेते हुए दो मई को रजिस्ट्रार डॉ. अनिल यादव ने बीटेक. बीजेएमसी, बीबीए और एमएमसी (माइक्रोबायोलाजी) विषय के 9 छात्रों को दिसंबर 2023 तक के लिए कोर्स से सस्पेंड कर दिया था।

पीएम 26 को करेंगे दो अमृत भारत स्टेशनों का शिलान्यास

कानपुर। अमृत भारत स्टेशन और रेलवे ओवरब्रिज व अंडरब्रिज का वर्चुअली शिलान्यास 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी करेंगे। रेलवे प्रशासन ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं। अमृत योजना के तहत गोविंदपुरी, अनवरगंज स्टेशन और नगर व नगर से जुड़े छह आरओबी, आरयूबी का शिलान्यास होना है।

एसीएम रेलवे संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री 26 फरवरी को सुबह 10:30 बजे गोविंदपुरी और अनवरगंज स्टेशनों का वर्चुअली शिलान्यास करेंगे। शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद सत्यदेव पचौरी, अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले, सभी विधायक, प्रशासनिक अधिकारी और प्रबुद्धजन, स्कूलों के विद्यार्थी मौजूद रहेंगे। शिलान्यास के बाद विद्यार्थियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत गोविंदपुरी और अनवरगंज स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण होंगे। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सारे कार्य होने हैं। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर तैयारियों पर काम हो रहा है।

सार-संक्षेप

जानकारी देते टैक्स एक्सपर्ट संतोष गुप्ता। अमृत विचार

करे कोई, भरे कोई नियम जीएसटी में हो समाप्त

कानपुर। टैक्स बार एसोसिएशन ने बुधवार को जीएसटी टैक्स पर गोष्ठी का आयोजन किया। एक्सपर्ट संतोष कुमार गुप्ता ने कहाकि करे कोई भरे कोई का नियम जीएसटी में समाप्त करने होंगे। बताया कि जीएसटी के इनपुट टैक्स क्रेडिट की अनुमन्यता में धारा-16 (4) के अंतर्गत समय सीमा में दावा करने का प्रतिबंध उचित व न्याय संगत नहीं है। इनपुट टैक्स क्रेडिट की अनुमन्यता का दावा धारा-73 व धारा-74 के तय कर, ब्याज व अर्थदंड आरोपण कार्यवाही तक प्रदान किया जाना चाहिए। वैट में भी यह अनुमन्यता समय सीमा से बाधित नहीं थी। आईटीसी दावा निर्धारित समय सीमा में न कर पाने के कारण कारोबारी अनावश्यक कर, ब्याज व अर्थदंड आरोपण के वित्तीय भार का सामना कर रहे हैं। जीएसटी रिटर्न फार्म-3बी अपलोड करते समय गलती होने पर उसमें नियमों के तहत सुधार किया जाना चाहिए। विक्रेता व्यापारी द्वारा क्रेता व्यापारी से वसूल की गई जीएसटी को जमा न किये जाने पर क्रेता की आईटीसी अनुमन्य न किया जाना उचित नहीं है। ऐसे में विक्रेता पर जीएसटी वसूली की कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान महामंत्री राजेश कुरील, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सदाकत हुसैन, पूर्व अध्यक्ष एसवी पाण्डेय, विमल बाजपेयी, पंकज श्रीवास्तव, एस मनु, चन्द्र शेखर शर्मा, आशीष गुप्ता, अरूण आहूजा व वीके निगम आदि मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते शिवराम सिंह। अमृत विचार

संपर्क व संवाद बूथों पर जीत का आधार

कानपुर। लोकसभा चुनाव में इस बार प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजय हासिल करने के लिए देश भर में भाजपा के पक्ष में अनुकूल वातावरण बन चुका है। देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। भाजपा 2024 लोकसभा चुनाव विकास और विरासत के मुद्दे पर लड़ेगी। पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचे और उनसे संवाद कर मोदी और योगी सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाएं। बुधवार को केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने किदवई नगर विधानसभा चुनाव संचालन समिति, जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी और मंडल अध्यक्षों के साथ परिचयात्मक बैठक की। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन की योजना अनुसार अगले 100 दिन तक हमें फिर एक बार मोदी सरकार के संकल्प के साथ काम करना है। हर बूथ पर जीत के लक्ष्य के साथ प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने के खातिर प्रत्येक बूथ व घर में निवास करने वाले प्रत्येक व्यक्ति से सतत संपर्क व संवाद स्थापित करें। लोकसभा चुनाव सह संयोजक कौशल किशोर दीक्षित ने चुनाव प्रबंधन, बूथ संपर्क, प्रचार व्यवस्था, युवा, महिला, लाभार्थी संपर्क, मीडिया प्रबंधन, सामाजिक संपर्क, बस्ती संपर्क, जुग्गी झोपड़ी संपर्क, वाहन एवं मतगणना व्यवस्था सहित कई जिम्मेदारियों के बारे जानकारी दी। प्रमुख रूप से रामदेव शुक्ल, संतोष सिंह, विनोद मिश्रा, राजन चौहान, जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, संजय कटियार, अनुराग शुक्ला, शिवपूजन, आलोक शुक्ला, राजेश श्रीवास्तव, उपेंद्र सिंह, गौरव तिवारी, अखिलेश अवस्थी, प्रवीण मिश्रा, गोपाल मिश्रा रहे।

छात्रों ने स्टेशन साफ किया

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान की ओर से बुधवार को कल्याणपुर रेलवे स्टेशन पर सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संस्थान के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। रेलवे स्टेशन पर सफाई करते समय कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने वेंडरों व यात्रियों से कूड़ा न फैलाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की ओर से पर्यावरण अनुकूल सौ प्रतिशत कम्पोस्टेबल कैरी बैग या कपड़े के थैले का उपयोग करने और प्लास्टिक के थैलों का त्याग करने का भी अनुरोध किया गया। वहां से आने के बाद सभी ने संस्थान परिसर में एक वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। इस दौरान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने संस्थान के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से परिसर को स्वचछ व हरा-भरा रखने का आह्वान किया।

एमएसपी कानून का विरोध करें व्यापारी-उद्यमी

कानपुर। आंदोलन कर रहे किसानों की प्रमुख मांग एमएसपी पर कानून बनाने की है। एमएसपी कानून बनने पर कृषि उत्पाद से जुड़े व्यापारियों व उद्यमियों पर कानूनी कार्रवाई, मुकदमा व सजा का प्रावधान होगा। व्यापारियों व उद्यमियों के खिलाफ इस धारा का इस्तेमाल और दुरुपयोग की पूरी आशंका रहेगी। इस संबंध में भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा ने मंडियों को पत्र भेजकर अपनी आवाज उठाने की मांग की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्र के माध्यम से बताया कि अगर यह कानून लागू हुआ तो किसानों से खरीद करने वाले कृषि उत्पाद के व्यापारियों व उद्यमियों पर भी लागू होगा। व्यापारियों व उद्यमियों पर कानूनी कार्रवाई, सजा का प्रावधान होगा। किसानों की एक और मांग भारत देश का डब्ल्यूटीओ से समझौता समाप्त करने की मांग कतई उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि पूर्व में कृषि उत्पाद के व्यापारियों के खिलाफ 1955 में बनी आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 में भी मुकदमा व सजा के प्रावधान के कारण जेल जाने के साथ अदालतों के चक्कर लगाने पड़े थे। कृषि उत्पादों में एमएसपी पर कानून बनने से वही स्थिति आ सकती है। व्यापारियों व उद्यमियों को इस कानून के खिलाफ आवाज उठानी होगी।

दवा, भोजन, कृषि सामग्री से जीएसटी हटाया जाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भारतीय किसान यूनियन ने एसीएम को ज्ञापन सौंपा

अमृत विचार। भोजन, दवा व कृषि सामग्री और मशीनरी जैसी जरूरी वस्तुओं पर महंगाई के कारण आम जनमानस बेहाल है। इसलिए जरूरी है कि इन चीजों से जीएसटी हटाई जाए। इसके अलावा पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कमी होनी चाहिए। इन मुद्दों को लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसीएम दो ज्वाला प्रसाद को सौंपा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, दिव्यांगों, खिलाड़ियों की रेलवे की रियायतें बहाल की जाएं। सभी को मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी और स्वच्छता के अधिकार की गारंटी व आवास सुनिश्चित करें। 15 सूत्री ज्ञापन में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, सरकारी विभागों का निजीकरण बंद करने और खनिजों व धातुओं के खनन पर मौजूदा कानून में संशोधन की मांग की गई। स्थानीय समुदायों, आदिवासियों व किसानों के उत्थान के लिए कोयला खदानों समेत अन्य से लाभ का 50 प्रतिशत हिस्सा सुनिश्चित किया जाए।

एक घंटे के भीतर साउथ में दो चेन लूट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बर्रा व गुजैनी थानाक्षेत्र में लुटेरों ने महिलाओं को निशाना बना कर एक घंटे के भीतर दो चेन लूट कीं। राहगीरों ने पीछा किया तो लुटेरों ने उन पर तमंचा तान दिया। एडीसीपी साउथ ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें नीले रंग की बाइक सवार दो लुटेरे कैद हो गए।

जरौली फेस वन निवासी पीएसी में तैनात अरविंद कुमार ने बताया कि उनकी मां देववती (50) बुधवार सुबह 11 बजे छोटी बहन एकता के साथ कर्रही भारत गैस के पास स्थित एक क्लीनिक से लौट रही थीं। बाइक सवार दो युवक उनका पीछा करने लगे। जरौली पानी की टंकी के पास पहुंची बाइक सवार लुटेरों ने उनकी सोने की दो तोले की चेन तोड़ ली और भाग निकले। करीब एक घंटे बाद दूसरी चेन लूट की घटना गुजैनी थानाक्षेत्र में हुई। गुजैनी, अंबेडकर नगर निवासी ठेकेदार लाखन सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 11:45 बजे उनकी पत्नी जयदेवी बाजार से लौट रही थीं कि तभी पीछे से आए बाइक सवार लुटेरों ने गले में झपट्टा मार कर चेन तोड़ ली। जयदेवी ने शोर मचाया तो मनीष पटेल व प्रताप ने पीछा किया। जिस पर लुटेरों ने उन पर तमंचा तान दिया और फरार हो गए। घटना की जानकारी पर एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें लुटेरे कैद हो गए। एडीसीपी साउथ ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना किसी एक गिरोह की प्रतीत हो रही है।

चेन लूट का शिकार महिला।

- बर्रा, गुजैनी में बाइक सवार लुटेरों ने की वारदात
- नीली बाइक सवार लुटेरे कैमरों में कैद हुए

कांजीवरम साड़ियों ने जीता दिल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हथकरघा व वस्त्रोद्योग विभाग की ओर से लगी एक्सपो की बुधवार को शुरुआत हुई। एक्स्पो में 8 राज्यों के उत्पादो ने सभी को आकर्षित किया। खासतौर पर कांजीवरम साड़ियां महिलाओं को रिझा रही थी। बृजेंद्र स्वरूप पार्क में लगी एक्सपो में उत्पादों को सराहा गया।

एक्सपो की शुरुआत एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने की। इस दौरान आयुक्त एवं निदेशक राजेश कुमार, अतिरक्त आयुक्त एवं निदेशक राज कमल यादव, ज्वाइंट कमिश्नर केपी वर्मा व डिप्टी कमिश्नर पीसी ठाकुर मौजूद रहे। इस दौरान एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि हथकरघा उद्योग में कई संभावनाएं हैं। इसके लिए यह जरूरी है कि सरकार की ओर से हथकरघा व वस्त्रद्योग से जुड़े लोगों के लिए चलाई जा रही याजनाएं उनतक पहुंचे। योजनाओं का लाभ लेकर इन उद्योगों से जुड़े लोगों को बहुत अधिक लाभ होगा। उधर एक्सपो में इस बार आठ राज्यों के सौ स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, जम्मू और कश्मीर, हरियाणा व उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्य शामिल है। नेशनल हैंडलूम एक्स्पो के बारे में बताया गया कि गांधी बुनकर मेले में खरीदारी करने आने वाले लोगों को कई राज्यों के पकवान भी चखने को मिलेंगे। इनमें मुंबई, पंजाब व बंगाल के पकवान खासतौर पर खाने के शौकीनों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

उद्घाटन करते एमएसएमई मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

- हथकरघा व वस्त्रोद्योग विभाग की एक्सपो शुरू

तेज रफ्तार कार युवक को रौंदते हुए पलटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बिठूर थानाक्षेत्र में बुधवार सुबह सब्जी लेने के लिए निकले युवक को कार सवार ने रौंद दिया। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह अनियंत्रित होकर पलट गई। आसपास के ग्रामीणों ने दौड़कर चालक को पकड़ लिया और सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने चालक की कार सीधी कराई इसके बाद उसी गाड़ी से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

मकसूदाबाद निवासी 32 वर्षीय प्रमोद यादव बुधवार सुबह सब्जी लेने के लिए निकले थे। पत्नी मनीषा ने बताया कि घर से कुछ दूरी पर तेज रफ्तार कार सवार उन्हें रौंदते हुए पलट गई। लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया। कार को सीधा कराया और घायल को उसी कार से हैलट अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक की पत्नी मनीषा, बच्चे प्रिया व शिवा का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं हैलट अस्पताल कर्मियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कार चालक की बुधवार को शादी थी, इस कारण व पुलिस और डॉक्टर से छोड़ देने के लिए गिड़गिड़ाता रहा। जिस पर चालक को छोड़ दिया।

घटना के बाद गमगीन पत्नी मनीषा।

नशे से दूरी, जरूरी | सीएसजेएमयू के सीनेट हॉल में हुआ मादक द्रव्य जागरूकता व संवेदीकरण कार्यक्रम

नशे से भविष्य, पैसा, शरीर, रिश्ता सब हो जाता बर्बाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। युवा वर्ग खुद को अधिक उम्र का महसूस कराने, अच्छा महसूस करने, सहकर्मी के दबाव झेलने, तनाव कम करने, उत्सव मनाने, भावनात्मक व शारीरिक आघातों से बचने के लिए मादक पदार्थ (ड्रग) का सेवन बिल्कुल भी न करे। इसकी लत लगने पर भविष्य, शरीर, पैसा, रिश्ते, घर व परिवार सब बर्बाद हो जाता है, इसलिए ड्रग से युवाओं को दूर रहना चाहिए। यह जानकारी राष्ट्रीय अकादमी सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर व नारकोटिक्स आंचलिक परिसर के अपर निदेशक रजनी कांत मिश्रा ने दी।

सीएसजेएमयू के सीनेट हॉल में बुधवार को मादक द्रव्य जागरुकता व संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, राष्ट्रीय अकादमी सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर व नारकोटिक्स आंचलिक परिसर के अपर निदेशक रजनी कांत मिश्रा, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. नीरज कुमार सिंह, डॉ.प्रवीन कटियार, डॉ.मानस उपाध्याय आदि ने किया। प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि वर्तमान में इस तरह के कार्यक्रम अत्यधिक प्रासंगिक हैं। युवा वर्ग को मादक द्रव्यों से दूर रहना चाहिए। अपर निदेशक रजनी कांत मिश्रा ने बताया कि विश्व के बहुत से सेलिब्रिटी ड्रग का सेवन करते हैं और उसके दुष्प्रभावों से कई लोगों की युवा अवस्था में ही मृत्यु हो जाती है। उन्होंने बताया कि मादक द्रव्यों के सेवन को रोकने और व्यक्ति को सामान्य बनाने के लिए सरकारी पुनर्वास केंद्र और निजी केंद्र भी काम कर रहे हैं। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस यूनिट-1 डॉ. मानस उपाध्याय, यूनिट-2 डॉ. पंकज द्विवेदी, यूनिट-3 डॉ. स्नेह पांडे, यूनिट-4 डॉ. पुष्पा ममोरिया, यूनिट-5 डॉ. प्रवीन कटियार, विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व एनएसएस की पांचों यूनिट के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत करते अपर निदेशक रजनी कांत मिश्रा, साथ में प्रति कुलपति प्रो. सुधीर अवस्थी, कुलसचिव डॉ. अनिल यादव, डॉ.प्रवीन कटियार समेत अन्य। अमृत विचार

ये होते दुष्प्रभाव

- कोई सामाजिक समर्थन नहीं होता।
- स्वस्थ मनोरंजन या रुचि का अभाव
- शैक्षणिक विफलता, नशे में निर्भरता
- स्कूल के प्रति कम प्रतिबद्धता।

मंत्री का प्रतिनिधि बता रौब दिखाने वाला गिरफ्तार

कानपुर। खुद को मंत्री का प्रतिनिधि बताकर क्षेत्रीय लोगों को धमकाने और तमंचे के साथ सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने बताया कि कुछ दिन पहले एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था, जिसमे एक युक्क तमंचा लहराते हुआ दिख रहा था। आरोपी युक्क की पहचान चंद नगर सीसामऊ निवासी रजत वर्मा के रूप में हुई। आरोपी के परिजनों ने पुलिस को बताया कि रजत से कोई संबंध नहीं है। बुधवार की सुबह गश्त के दौरान पुलिस ने आरोपी को फजलगंज तिराहे के पास में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को तलाशी के दौरान युवक के पास से एक तमंचा व दो कारतूस मिले है। आरोपी क्षेत्र में खुद को एक मंत्री का प्रतिनिधि बताकर रौब झाड़ता था। साथ ही लोगो को डराता व धमकाता था।

अधिवक्ता के हत्यारोपियों पर लगाया गया गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दिसंबर 2021 में नवाबगंज में हुई थी हत्या

अमृत विचार। नवाबगंज थानाक्षेत्र में गंगानगर में तीन वर्ष पूर्व घर के पास अधिवक्ता राजाराम वर्मा की गोली मारकर हत्या के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ नवाबगंज पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

नवाबगंज इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्री ने बताया कि चार हत्यारोपी में से गैंग लीडर रामखिलावन निवासी परमियापुरवा, गैंग सदस्य दिलन्याज उर्फ रिहान निवासी हकीमनगर चौबेपुर, रोहित यादव निवासी बूढनपुर, अंकित यादव निवासी फतेहपुर बिठूर के खिलाफ गैंगस्टर के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

मूलरूप से उन्नाव के निवासी 78 वर्षीय अधिवक्ता राजाराम वर्मा ने नवाबगंज क्षेत्र में गंगानगर सोसायटी नाम से कालोनी विकसित की थी। खुद भी इसी कालोनी के एक मकान में परिवार के साथ रहते थे। बेटे नरेंद्र ने बताया था कि वर्ष 2021 दिसंबर माह में शाम करीब सवा सात बजे घर के बाहर आए तीन युवकों ने पिता को बाहर बुलाकर कनपटी पर गोली मार दी थी। जिससे उनकी मौत हो गई थी। हत्या की वजह जमीनी विवाद आई थी। नवाबगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि उक्त गिरोह जनता के बीच दहशत फैलाए हुए है।

राजाराम का रिश्तेदार है रामखिलावन

केस में नामजद राजबहादुर मृतक अधिवक्ता राजाराम का सौतेला भाई है। रामखिलावन राजबहादुर का समधी है। इस हिसाब से रामखिलावन, राजाराम का भी दूर का रिश्तेदार हुआ। इसलिए उसको राजाराम के बारे में एक-एक बात की जानकारी थी।

प्रदूषण और अतिक्रमण करने में सात फैक्ट्रियों पर जुर्माना

जोन-5 पनकी इंडस्ट्रियल एरिया में नगर निगम ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सड़क, फुटपाथ पर बिल्डिंग मैटेरियल एकत्र करने और प्रदूषण फैलाने के मामले में नगर निगम ने पनकी इंडस्ट्रियल एरिया की सात फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की है। जोन–5 के अधिशाषी अभियंता को निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे गिट्टी, मौरंग, ईंट व मलबा मिला, जिसके बाद फैक्ट्री मालिकों के खिलाफ 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाने के साथ ही जल्द ही राशि को जमा करने के निर्देश दिये। बिल्डिंग मटैरियल को तत्काल हटाने के निर्देश भी दिये। नगर निगम ने यह कार्रवाई एनजीटी के आदेश का पालन न करने पर की है।

शहरी क्षेत्र में बढ़ रहे वायु प्रदूषण को रोकने लिए खुले में निर्माण पर रोक लगाई गई है। इसके बाद भी शहर में बिना नियमों को पूरा किये ही निर्माण कार्य हो रहे हैं। सड़क पर ही मौरंग, गिट्टी फैलाकर और बिना ढके भवनों को ताना जा रहा है। जबकि प्लान के तहत निर्माण कार्यों में 10.5 मीटर और 7.5 मीटर के बैरिकेट्स लगाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण कार्य के दौरान हर स्टेज में उसे हरे तिरपाल या जूट की शीट से ढकने को भी कहा गया है। निर्माण स्थल पर स्प्रिंकलर सिस्टम अनिवार्य रूप से रखने के साथ ही किसी भवन को ध्वस्त करने के दौरान भी उसे ढकने के निर्देश हैं। लेकिन, शहर में बहुत कम जगह ही नियमों का पालन हो रहा है। नगर निगम ने इसका पालन कराने के लिये अब सख्ती करना शुरू कर दिया है।

पूरी सड़क पर फैली निर्माण सामग्री। अमृत विचार

- **50-50 हजार रुपये जुर्माना सामग्री हटाने के निर्देश**

नहीं तो गृहकर में जुड़ेगा जुर्माना

नगर निगम ने सात फैक्ट्रियों पर 3 .5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही निर्देश दिये हैं कि जोनल कार्यालय में तत्काल जुर्माना राशि जमा कराये नहीं तो जुर्माने की राशि को गृहकर की राशि से जोड़ दिया जायेगा। इसके साथ ही नियमानुसार एनजीटी के आदेश का उल्लंघन करने पर सख्त कार्यवाही भी की जायेगी।

इनपर की गई कार्रवाई

फैक्ट्री जी–103 पनकी साइट नंबर तीन, फैक्ट्री जी–88 पनकी साइट नंबर तीन, फैक्ट्री नेट प्लास्ट प्रा. लिमिटेड पनकी साइट नंबर – 1, फैक्ट्री एस–6 पनकी साइट नंबर–4, फैक्ट्री डी–56 पनकी साइट नंबर–2, फैक्ट्री डी–12,13,14 पनकी साइट नंबर–3, फैक्ट्री सी 29, पनकी साइट नंबर–1 आदि।

डीएम ने बैठक कर प्रदूषण पर लगाम कसने को कहा। अमृत विचार

वायु प्रदूषण रोकें ,गंगा को करें निर्मल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **डीएम ने जिला पर्यावरण समिति की बैठक ली**

अमृत विचार। शहर में वायु प्रदूषण रोकने के साथ ही माघ मेले के दौरान गंगा नदी में सीवरेज को रोकने के लिए डीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए। डीएम राकेश कुमार सिंह ने जिला पर्यावरण समिति की बैठक में अधिकारियों से कहा कि माघ मेला 2025 को देखते हुए सहायक पर्यावरण अभियंता जल निगम गंगा नदी व पांडु नदी में प्रवाहित होने वाले नालों की टैपिंग की वस्तु स्थिति के साथ डीपीआर प्रेजेंटेशन से रिपोर्ट दें।

प्रोजेक्ट मैनेजर यूपी जल निगम (रूरल) को निर्देश दिए कि शीतला बाजार नाले के अस्थाई टैपिंग में हो रहे लीकेज की जांच कर निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। प्रोजेक्ट मैनेजर यूपी जल निगम (अर्बन) को निर्देश दिया कि बनियापुर एसटीपी का संचालन शुरू किया जाए और परमिया नाले को टैप किया जाए। उन्होंने सभी अफसरों व संस्थाओं को निर्देश दिए कि माघ मेला के दौरान किसी भी एसटीपी का संचालन बाधित न हो।

डीएम ने बुधवार को सरसैया घाट स्थित सभागार में संबंधित विभागों के अफसरों के साथ बैठक की। उन्होंने पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, नगर निगम व अन्य विभागों के अफसरों को वायु प्रदूषण को कंट्रोल करने के निर्देश दिए। अर्बन एरिया में निर्माण गतिविधियों से मॉनीटरिंग करने का निर्देश दिया। धूल व एयर पॉल्यूशन पर कंट्रोल करने के लिए विभाग-वार की गई समीक्षा की। साथ ही बैठक में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, कानपुर मेट्रो रेल कारपोरेशन एयर पॉल्यूशन को कंट्रोल करने के लिए कारवाई करने के लिए कहा।

एआरटीओ को निर्देश दिए गए कि वाहनों के पॉल्यूशन सटिर्फिकेट बनाने वाले नॉन आइडेंटिफाईड, नॉट ऑपरेशनल पीयूसी सेंटर को लाइसेंस निरस्त किए जाने के लिए की गई कार्रवाई एक हफ्ते के भीतर की जाए। उन्होंने वर्कशॉप का आयोजन करने के लिए भी कहा, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अफसर सभी चिन्हित भट्ठों की जांच के लिए एक कमेटी का गठन कर पालन करें। नगर निगम को बैटरी वेस्ट की निगरानी के लिए पीटीजेड कैमरा लगाए जाने के साथ ही पॉल्यूशन डिपार्टमेंट को निर्देश दिए कि सभी विभागों को डस्ट एप में एनरोल करा कर आंकड़े भेजे जाएं।

निजी आईटीआई चला रहे दपंति पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

कानपुर। रायपुरवा थानाक्षेत्र में प्रशिक्षण संस्थान में उपकरणों के लिए मित्र से उधार लिए करीब साढ़े उन्नीस लाख लेकर प्राइवेट आईटीआई चला रहे दपंति की नीयत खराब हो गई। इस पर पीड़ित ने आरोपियों पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

तेजाब मिल कैंपस निवासी सुशील कुमार बाथम ने पुलिस को बताया कि उनके परिचित उमेश कुमार मिश्रा पत्नी रश्मी के साथ कानपुर व उन्नाव में आईटीआई चलाते हैं। दंपति ने अलग-अलग समय पर उनसे उपकरणों की खरीद के लिए 20 लाख रुपये से ज्यादा उधार दे दिए। अपने दिए हुए रुपये मांगे तो दोनों ने चेक दे दीं। दोनो चेकें बाउंस हो गईं। शिकायत करने पर दंपति ने उल्टा रुपये हड़पने का आरोप लगाया। दोनो लोग झगड़े पर आमादा हो गए और गालीगलौज करने लगे। इस संबंध में रायपुरवा प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित सुशील कुमार बाथम की तहरीर पर दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

सोना कारीगर की गिरफ्तारी भूली पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **13 करोड़ का सोना लेकर महेश के साथ भागा था संपत**

अमृत विचार। बजरिया थानाक्षेत्र के बेकनगंज इलाके में दो माह पूर्व सराफा कारोबारियों का करोड़ों रुपये का सोना लेकर फरार कारीगर संपत लवेटे की गिरफ्तारी पुलिस भूल गई है। कारीगर के साथी महेश मस्के को पुलिस कुछ माल के साथ पहले गिरफ्तार कर चुकी है।

बेकनगंज सर्राफा बाजार में पुराने सोने के आभूषणों को गलाने के लिए यहां के तमाम कारोबारी पिछले 25 से 30 वर्षों से संपत राव लवेटे नाम के कारीगर को अपना सोना देते थे। संपत मूलरूप से महाराष्ट्र के सांगली जनपद का रहने वाला है। वह परिवार के साथ बिरहाना रोड में नील वाली गली में किराए का मकान लेकर रह रहा था, जबकि बेकनगंज में उसने एसआर गोल्ड टेस्टिंग के नाम से एक दुकान खरीदी थी। संपत के साथ महेश मस्के के नाम का एक अन्य व्यक्ति भी रहता था। पांच दिसंबर 2023 को दोनों का कोई अता पता नहीं था। उनके घर पर ताला लगा था। पता चला कि वह परिवार सहित गायब है। इसके बाद कानपुर महानगर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा पीड़ित सर्राफा कारोबारियों को साथ लेकर तत्कालीन संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध नीलाब्जा चौधरी से मिले थे, जिसके बाद मामले में बजरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

कारोबारियों ने बताया कि एक दर्जन से अधिक कारोबारियों का तकरीबन 13 करोड़ के आसपास का सोना और कैश लेकर फरार हुआ है। तत्कालीन पुलिस कमिश्नर ने 11 सदस्यीय एसआईटी गठित करके महाराष्ट्र भेजा था। लेकिन स्थानीय पुलिस की भाषाशैली के कारण टीम को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इसके बाद. डीसीपी क्राइम रहे सलमान ताज पाटिल को भेजा गया था। जहां तीन दिनों के भीतर ही महेश मस्के को कुछ माल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं स्थानीय स्तर पर पुलिस ने संपत के घर का ताला बंद दरवाजा तोड़कर छानबीन की थी। लेकिन कुछ भी हाथ नहीं लगा था। तलाशी के दौरान घर का सामान गायब मिला था। संपत लवेटे की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने नेपाल की सीमा में चौकसी बढ़ा दी थी। एतियातन के तौर पर लखनऊ, कानपुर, मुंबई, दिल्ली के एयरपोर्ट प्रबंधन को सूचनाएं भेजी थीं। हालाकिं संपत का पासपोर्ट नहीं था इसलिए वह फ्लाइट से नहीं भाग सकता था। आरोपी के नेपाल भागने की संभावना को देखते हुए नेपाल के बार्डर जिले लखीमपुर खारी, बहराइच, महराजगंज और बार्डर पर चैक पोस्ट पर जानकारियां भेजी थीं। लेकिन इस प्रकरण को तीन माह बीतने वाला है, लेकिन पुलिस शातिर संपत लवेटे को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

मास्टर प्लान से घंटाघर में खत्म होगा ई-रिक्शा आतंक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **डीसीपी ट्रैफिक ने चौराहे से ऑटो, ई-रिक्शा की अराजकता खत्म करने के लिए तैयार की योजना**

अमृत विचार। ऑटो, टेंपो व ई-रिक्शा चालकों की अराजकता से जाम की समस्या से ग्रस्त घंटाघर चौराहा को ई-रिक्शा व ऑटो-टेंपों से मुक्त कराया जाएगा। रामादेवी, टाटमिल चौराहे को ई-रिक्शा फ्री जोन घोषित करने के बाद शहर के सबसे मुख्य चौराहे घंटाघर को ई-रिक्शों के मकड़जाल से मुक्ति दिलाई जाएगी। चौराहे को ई-रिक्शा से मुक्ति दिलाने के लिए तीन चरणों में योजना तैयार की गई, पहले चरण की योजना गुरुवार से लागू होगी।

तैयार की गई है योजना

प्रथम चरण: ● हरबंश मोहाल की ओर से घंटाघर चौराहा की ओर जाने वाले ई रिक्शा, ऑटो, टैंपो चौराहा से 100 मीटर पहले तिराहा से यू टर्न लेकर जाएंगे।

● नरोना चौराहा से कैनाल रोड होते हुए घंटाघर चौराहा पर आने वाले ऑटो, टेंपो व ई–रिक्शा चौराहा से 100 मीटर पहले एक्सप्रेस रोड की ओर मुड़कर वापस नरोना चौराहा की ओर जाएंगे।

दूसरा चरण : ● नयागंज की ओर से आने वाले सभी ऑटो, ई रिक्शा चौराहा से डम्पिंग यार्ड के पहले से यू टर्न कर वापस होंगे।

● मूलगंज चौराहा से घंटाघर चौराहा की ओर जाने वाले ऑटो, ई रिक्शा चौराहा से पहले कंक्रीट बैरियर से यू टर्न कराया जाएगा।

तीसरा चरण : ● बांसमंडी, कोपरगंज की ओर से घंटाघर की ओर जाने वाले ई रिक्शा, ऑटो, टेंपो व सिटी बसों को माल गोदाम गेट नंबर एक के पास से यू टर्न कराया जाएगा।

● बाकरगंज टाटमिल चौराहा से घंटाघर जाने वाले ई रिक्शा को बाकरगंज चौराहा से यू टर्न कराया जाएगा।

पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 24 से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **फ्लोरीकल्चर सोसाइटी की ओर से जेके लॉन कमला नगर में होगा आयोजन**
- **चित्रकला और टॉक शो के जरिए आम लोगों को प्रकृति से जोड़ा जाएगा**

अमृत विचार। फ्लोरीकल्चर सोसाइटी की ओर से 24 फरवरी से दो दिनी पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन होने जा रहा है। इस प्रदर्शनी में आम लोगों को 60 विशेष किस्म के फूलों को देखने का मौका मिलेगा। इनमें पॉपी, लिलियम, कॉन्फ्लॉर सहित अन्य विदेशी फूल भी शामिल हैं।

वार्ता के दौरान संस्था के पदाधिकारी अंजलि अग्रवाल, मनोज गुप्ता व राजश्री डालमिया ने बताया कि प्रदर्शनी के साथ ही आयोजन में कई तरह के कार्यक्रम भी होंगे। इनमें टॉक शो में सीएसए के विशेषज्ञ वैज्ञानिक गमलों में बेहतर पौधे उगाने के टिप्स भी देंगे। इसके अलावा एक चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित होगी।

इस प्रतियोगिता में स्कूली बच्चे प्रकृति से जुड़े विभिन्न चित्रोंको प्रदर्शित करेंगे। वार्ता के दौरान ऊष्रा झुनझुनवाला, कंचन गर्ग व डॉ. आईवी शाही भी मौजूद रहे। इन लोगों ने बताया कि फूलों के साथ प्रदर्शनी में लोगों को फल व सब्जियों की भी कई तरह की किस्में देखने को मिलेंगी।

प्रदर्शनी की जानकारी देंती राजश्री डालमिया, अंजलि अग्रवाल आदि। अमृत विचार

फूलों के बनाएंगे आभूषण

दो दिनी प्रदर्शनी के दौरान विशेषज्ञ डिजाइन फूलों के आभूषण बनाकर भी दिखाएंगे। प्रदर्शनी के दौरान होने वाले नौ इवेंट में बगैर आग के भोजन पकाकर भी विशेषज्ञ दिखाएंगे। वार्ता के दौरान बताया गया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य आम लोगों को प्रकृति से जोड़ना है। इसके अलावा यह भी संदेश देना है कि दौड़भाग भरी जिंदगी में प्रकृति के नजदीक रहने से प्रदूषण से राहत मिलेगी। इसके अलावा युवाओं के बीच पनपने वाले तनाव जैसे रोग को भी कम किया जा सकेगा।

इलाज के दौरान बच्ची की मौत, परिजनों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **निजी अस्पताल पर लगाया लापरवाही का आरोप**
- **रेफर कराकर हैलट ले गए तो मृत घोषित किया**

अमृत विचार। नौबस्ता स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दुधमुंही बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल पर मृत बच्ची का इलाज कर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

कोयला नगर निवासी प्रॉपर्टी डीलर गोविंद सिंह ने बताया कि पांच दिसंबर को पत्नी निधि ने बेटी को जन्म दिया था। 18 फरवरी को उसकी तबियत बिगड़ गई, जिस पर उसे बसंत विहार स्थित चाइल्ड केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। बुधवार सुबह रेफर करा कर हैलट ले गए, जहां मौजूद डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

गोविंद ने बताया कि डॉक्टर ने बच्ची के कई घंटे पहले मौत की जानकारी दी, जिस पर परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। नौबस्ता थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

जेडी और नेशनल क्लब ने जीते अपने मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रमेश वर्मा एकलव्य मेमोरियल टी-20 प्रथम क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन बुधवार को पालिका स्टेडियम में हुआ। जिसमें चार टीमें भिड़ीं। अपने शानदार प्रदर्शन के कारण जेडी और नेशनल क्लब ने मैच में अपनी जीत दर्ज कराई।

पहला टी-20 मैच जेडी क्लब और फ्रेंड्स सपोर्टिंग टीम के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए जेडी क्लब ने 144 रन बनाए। जिसमें अमन राजपूत ने 52 रन और शुभम कुमार ने 25 रनों का योगदान दिया। फ्रेंड्स सपोर्टिंग के भरत पांडेय ने पांच विकेट झटके। जवाब में फ्रेंड्स सपोर्टिंग टीम 134 रन ही ही बना पाई और यह मुकाबला जेडी क्लब ने 10 रन से जीत लिया। वहीं दूसरा मैच यशराज क्लब और नेशनल क्लब के बीच खेला गया। जिसमें यशराज क्लब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 123 रन बनाए। यशराज के मोहित ने 38 व आदित्य सिंह ने 19 रन बनाए। जवाब में उतरी नेशनल क्लब के खिलाड़ियों ने बड़ी आसानी से 126 रन बनाकर मैच जीत लिया।

नेशनल क्लब के शिवम दुबे मैन ऑफ द मैच रहे। उन्होंने नाबाद 56 रनों का योगदान दिया। मैच के दौरान दिनेश कटियार, आकाश वर्मा, हर्षित शुक्ला, अमित थापा, मोहित शुक्ला, देवाशीष वर्मा, आशुतोष राजपूत, राहुल सिंह, संजय दीक्षित, निहाल अहमद, मनीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। वहीं कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एसएन सिंह, केसीए के पूर्व अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा, केसीए सेक्रेटरी कौशल कुमार, क्लब के अध्यक्ष एके द्विवेदी, महामंत्री सुरेश तिवारी ने अतिथियों को शॉल व व स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया।

मैच में खिलाड़ियों ने दिखाया दम। अमृत विचार

- **रमेश वर्मा एकलव्य मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट**

सार-संक्षेप

आज शहर आएंगे बॉबी देओल

कानपुर। बॉलीवुड के स्टार और हाल ही में फिल्म एनीमल से चर्चाओं में आए फिल्म अभिनेता बॉबी देओल गुरुवार को शहर आ रहे हैं। वे कल्याण ज्वैलर्स के बिरहाना रोड पर एक नए डिजाइन शोरूम लॉन्च के मौके पर शिरकत करेंगे। बताया गया कि कानपुर के इस नए शोरूम में कल्याण ज्वैलर्स के आभूषण संग्रह से डिजाइनों की एक विस्तृत रेंज पेश की जाएगी। लांचिंग अवसर पर कंपनी न्यूनतम 1 लाख रुपए की खरीद पर आधे खरीद मूल्य के लिए जीरो प्रतिशत मेकिंग चार्ज का ऑफर भी दे रही है। इसके अलावा कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड दर भी लागू की जाएगी। यह दर बाजार में सबसे कम और कंपनी के सभी शोरूमों में मानकीकृत है। ये ऑफर केवल सीमित अवधि के लिए वैध हैं। नए शोरूम के लांच पर कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने बताया कि कानपुर में अपने शोरूम को रीलोकेट करते हुए खुशी का अनुभव हो रहा है, क्योंकि इस एकदम नए शोरूम पर मूल्यवान ग्राहकों को खरीदारी का एक बेहतर और शानदार माहौल मिलेगा।

15.6 हुआ न्यूनतम पारा

कानपुर। मौसम के बदलते रुख से न्यूनतम तापमान में बढोत्तरी दर्ज की गई। सीएसए के मौसम वैज्ञानिकों ने बुधवार को न्यूनतम पारा 15 .6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया। उधर नए पश्चिमी विक्षोभ का असर बुधवार को भी शहर में रहा। दिनभर बादलों की आवाजाही लगी रही। सीएसए के मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि 24 तक यह स्थिति बनी रह सकती है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि तेज उत्तर पश्चिमी हवाओं के चलने से मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। 22 व 23 को शहर में मध्यम बारिश की भी संभावना बन रही है।

करियर | सीएसआईआर–सीएलआरआई ने की कार्यशाला, विशेषज्ञों ने दी राय

चमड़ा उद्योग में डिजाइन की संभावनाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चर्म उद्योग तेजी के साथ बदल रहा है। वैश्विक बाजार में मांग के अनुसार इस उद्योग में सबसे जल्दी बदलाव होता है। आज का युग पारंपरिक डिजाइन का है। इसलिए सबसे ज्यादा फोकस गुणवत्ता के साथ पारंपरिक डिजाइन को बाजार में लाने पर है। वहीं बाजार में कम कीमत पर बेहतर उत्पादन का इस वक्त चलन है। ऐसे में उपलब्ध संसाधन का बेहतर प्रबंधन आज उद्योग में जरूरी हो गया है।

यह विचार सीएसआईआर व सीएलआरआई की ओर से चल रही पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में विशेषज्ञों ने व्यक्त किए। केएलसी कांप्लेक्स के सीएलई सभागार में हुए आयोजन चर्म कारोबार और उससे जुड़े प्रोफेशनल्स वैश्विक कारोबार में आए परिवर्तन को बताया गया। कार्यक्रम की शुरुआत यूपीएलआईए के अध्यक्ष अनवर उल हक, सीएलई मध्य क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक, पल्लवी दुबे, प्रधान वैज्ञानिक, पीपीएमई (सीएलआरआई) डॉ टी शकीला शोभना व प्रभारी वैज्ञानिक सीएलआरआई अभिनंदन कुमार ने किया। कार्यशाला में अनवर उल हक ने कहा कि कारोबार के प्रतिस्पर्धी युग में सभी उद्योग अपना मुनाफा कम करने के लिए मजबूर हैं। छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए प्रतिस्पर्धा करना कठिन है। ऐसे में अपना लाभ बढ़ाने का केवल एक ही तरीका है और वह है अपने संसाधनों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करना। ऐसे में सीएसआईआर-सीएलआरआई की ओर से चर्म क्षेत्र के लिए प्रबंधन विकास कार्यक्रम की व्यवस्था करना एक अच्छी पहल है। तकनीकी प्रगति के साथ, प्रबंधकीय कौशल का विकास भी महत्वपूर्ण है।

युवाओं को करियर की राह दिखाई गई। अमृत विचार

- **संसाधन का कुशल उपयोग कर कम की जा सकती है कीमत**

उद्योग में तकनीक जरूरी

कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि चर्म उद्योग अब पहले की तरह नहीं रहा है। पारंपरिक उत्पादन की वैश्विक मांग जरूर है लेकिन इस उद्योग से जुड़ी तकनीक भी तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी तरह बाजार में रह समय कुछ नया आ रहा है। ऐसे में इस उद्योग से जुड़े नए तरह के चमड़े पर हुए शोध को उत्पाद में परिवर्तित करना भी बहुत जरूरी है।

पत्र विक्रेताओं ने अजय कपूर का स्वागत किया

अजय कपूर का जन्म दिन मनाया।

कानपुर। समाचार पत्र विक्रेता संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक अजय कपूर के गोपी नगर स्थित कार्यालय में उनका जन्मदिन मनाया। इस मौके पर संयोजक रमेश बाजपेई अध्यक्ष राजेश शुक्ला, बल्ला यादव, प्रदीप त्रिपाठी, राकेश सक्सेना, रामनरेश और अमित यादव आदि रहे।

छात्रा की मौत में छह लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **काकादेव थानाक्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच**

अमृत विचार। काकादेव थानाक्षेत्र में चार दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में 11 वीं की छात्रा की मौत के मामले में उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद छह लोगों के खिलाफ बलवा, जहरीला पदार्थ खिला देना, हत्या, छेड़छाड़, षडयंत्र रचना और पॉक्सो एक्ट जैसे संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मंगलवार को छात्रा की मां ने पुलिस ऑफिस पहुंचकर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद वह रोते-रोते वहां बेहोश हो गईं थीं। पुलिस कमिश्नर की स्टॉफ ऑफिसर अमिता सिंह ने जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए थे।

मंगलवार को पुलिस ऑफिस पहुंची छात्रा की मां ने बताया था कि उनका कमल मिश्रा, रामकेवल गुप्ता, टीटू गुप्ता, हरीशचंद्र गुप्ता, ईश्वर चंद्र शर्मा, संजय गुप्ता से काफी समय से फौजदारी व दीवानी का मुकदमा चल रहा है। आरोप लगाया कि उक्त विवादित सम्पत्ति से उन्हें हटाने के लिए हत्या करने को षड्यन्त्र तरीके से कमल मिश्रा को उपरोक्त पांच लोगों ने भेजा था। बताया कि कमल मिश्रा का घर पर आना जाना था। उनकी पुत्री संजना को टॉफी चाकलेट देकर प्यार जताता था। जरूरत पड़ने पर उनका घर का काम भी कर देता था। जिसके बाद कमल मिश्रा पर पारिवारिक सदस्य की तरह विश्वास करने लगी थी। आरोप लगाया कि 16 फरवरी को पुत्री संजना अपनी नानी के घर से आ रही थी। वह कमल मिश्रा के साथ विजय नगर चौराहा पर दिखी। बेटी ने उनसे हाथ-पैर में खुजली होने की बात कही। कमल मिश्रा ने दवा दिलाकर घर छोड़ देने के लिए कहा था। आरोप है कि वह दवा लाया जिससे खाने से उसकी हालत बिगड़ गई। हैलट अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मां का आरोप है कि कमल मिश्रा के कमरे की तलाशी ली गई थी तो वहां से चार सल्फास पाउडर का पैकेट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, डीएल, टोपी, लपेटा हुआ मिला था। इस संबंध में काकादेव प्रभारी निरीक्षक काली प्रसाद गौड़ ने बताया कि पीड़िता सावित्री की तहरीर पर कमल मिश्रा, रामकेवल गुप्ता, टीटू गुप्ता, हरीशचंद्र गुप्ता, ईश्वर चंद्र शर्मा, संजय गुप्ता के खिलाफ बलवा, जहरीला पदार्थ खिला देना, हत्या, छेड़छाड़, षडयंत्र रचना और पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज की गई है।

आसमान से बरसी आफत, किसानों के सपने टूटे

भारी ओलावृष्टि से किसानों की लाही, आलू, प्याज, गेहूं व दलहन की फसलें चौपट हो गईं, सरकार से मदद करने की गुहार

संवाददाता,बिल्हौर

अमृत विचार। मंगलवार देर रात आसमान से बरसी आफत ने किसानों की समस्या को बढ़ा दिया है। भारी ओलावृष्टि से किसानों की लाही, आलू, प्याज, गेहूं व दलहन की फसलें चौपट हो गई है। ककवन विकासखंड क्षेत्र के दर्जन भर गांव मे मंगलवार की देर रात हुई भारी ओलावृष्टि के बाद किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। सबसे ज्यादा फसल का नुकसान विषधन क्षेत्र में हुआ है।

असमय हो रही बारिश से किसान परेशान हैं। वहीं दो-तीन दिनों तक मौसम खराब रहने की जानकारी पर किसानों की बेचैनी कई गुना बढ़ गई है। वहीं ककवन राजकीय बीज भण्डार प्रभारी धनपाल राजपूत ने बताया कि बारिश केवल आलू फसल के अलावा सभी के लिए नुकसानदायक है।

ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। सरसों व लाही में फली गिरने का खतरा है और नुकसान होगा। जबकि धनिया की फसल मे भी भारी नुकसान हुआ है। मंगलवार की देर रात हुई ओलावृष्टि के बाद बुधवार की सुबह क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर व तहसीलदार तिमिराज सिंह ककवन क्षेत्र के कई गांव पहुंचे।

वहां पर फसल नुकसान का आकलन किया और वहां के तमाम किसानों से भी मिले। उनसे बातचीत कर सरकार द्वारा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस भारी बारिश से सबसे ज्यादा ककवन ब्लॉक का नुकसान हुआ है। ब्लॉक क्षेत्र के दलेलपुर, उठ्ठा, रौस, विषधन, मैदौं, मौजमपुर, ककवन समेत दर्जनों गांव भारी ओलावृष्टि से नुकसान की चपेट में आ गए हैं। हालांकि अगर ओलावृष्टि और होती तो भारी नुकसान हो सकता था। ओलावृष्टि काआलम यह था कि मंगलवार की रात विषधन की सड़के बर्फ की चादर से ढकी नजर आ रही थी।


ओलों से पूरी तरह से पट गईं सड़कें। अमृत विचार

पशु पक्षियों की भी हुई मौत

भारी ओलावृष्टि के बीच देर रात को कई पशु पक्षियों की भी मौत हुई है। पशु चिकित्सा अधिकारी डा नीरज पटेल ने बताया कि आधा दर्जन राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत की सूचना मिली है जिनका पोस्टमार्टम किया गया है और कई ऐसे पक्षी भी मरे है जिनको देर रात सुरक्षित स्थान नही मिल पाया है।

व्यथा सुनाते किसान जावेद खान, सोम प्रकाश, वीर बहादुर सिंह व प्रताप नारायण।

सपाइयों ने भी किसानों से की मुलाकात

ककवन ब्लॉक के कई गांव में सपा के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने भी कई गांव के किसानों से जाकर बातचीत की और उनके नुकसान के बारे में उनको सरकार से मुआवजा दिलाने के लिए संघर्ष की भी बात कही ककवन के मौजमपुर, मुन्नौव्वरपुर, मैदों , विषधन,ककवन समेत कई गांव जाकर विनय यादव ने किसानों के बीच उनकी समस्याओं को सुना और जिलाधिकारी से वार्ता कर किसानों को मुआवजा दिलाए जाने की बात कही है। मनांवा गांव निवासी किसान जावेद खान ने बताया कि इस बार उन्होंने कई किसानों के खेत नगद फसल पर रखी थी। फसल के एवज में वह पैसा चुका चुके हैं लेकिन भारी ओलावृष्टि ने उनकी पूरी गेहूं की फसल बर्बाद कर दी है ऐसे में अब ऊपरवाला ही उनके परिवार के भरण पोषण करेगा । मडैय्यन गांव निवासी प्रताप नारायण यादव ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने बैंक से कर्ज लेकर गेहूं की फसल बोई थी। उम्मीद थी कि गेहूं की अच्छी फसल होने के चलते इस बार पूरा कर्ज निपट जाएगा लेकिन लगातार मंगलवार को हुई ओलावृष्टि गेहूं की फसल को चौपट कर दिया है। कुछ दिन पहले ही उन्होंने गेहूं की फसल में पानी लगाया था। जिसके कारण पूरी गेहूं की फसल गिरकर बर्बाद हो गई है मौजमपुर गांव निवासी किसान सोम प्रकाश यादव ने बताया कि तमाम बच्चों की पढ़ाई खेती की फसल की उम्मीद पर कर रहे थे लेकिन ओलावृष्टि ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। अब तो सरकार से ही मदद की उम्मीद है। प्याज की फसल भी उनकी बर्बाद हो गई है। ककवन निवासी वीर बहादुर सिंह ने कहा कि बारिश से बर्बाद हुए किसानों की सरकार को मदद करनी चाहिए।

मुसलमान भी अब भाजपा के साथः साध्वी निरंजन

संवाददाता घाटमपुर

अमृत विचार। मूसानगर आश्रम से हमीरपुर प्रवास पर जा रहीं केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति कुछ देर के लिए मंसूरी ढाबा में रूकी। जहां कार्यकर्ताओ ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।

निजी कार्यक्रम के तहत जनपद हमीरपुर जा रही मंत्री महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति का कानपुर ग्रामीण के पूर्व जिलाध्यक्ष रामजी शुक्ला व शारूख मंसूरी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। कार्यकताओ से साध्वी ने कहा कि कार्यकर्ताओ के सम्मान व स्वाभिमान में भाजपा सरकार में आंच नहीं आने देंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो कहा वो करके दिखाया और पांच सौ वर्षों से पूरा देश जिस पल के लिए व्याकुल था। वो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने करके दिखाया है और अयोध्या में भव्य राम मंदिर तैयार हो गया है। जबसे भाजपा सरकार आई पूरे प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ है। देश का मुसलमान भी अब भाजपा के साथ है। भाजपा सरकार आने के बाद से वो खुशहाल हुआ है। अब किसी व्यापारी को हफ्ता वसूली नहीं देनी पड़ती है। इसराफिल अंसारी, मयंक अवस्थी,रिषभ तिवारी, गुड्डू अंसारी, जेपी गौतम, मजहर कुरैशी,तालिब, परवेज अंसारी, अर्पित आदि रहे।

केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर हुई चर्चा

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार। विकासखंड के बेंदा न्याय पंचायत के कंपोजिट विद्यालय हथेरूआ में मंगलवार को संकुल शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बेंदा न्याय पंचायत के सभी प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र व अनुदेशक सम्मिलित हुए। बैठक में निम्न बिंदु, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संकुल बैठक सुनिश्चित करने के लिए 5 पॉइंट टूल किट का उपयोग किया जाए। समस्त शिक्षकों का निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से प्रत्येक बच्चे का आकलन किया जाए। माह में एक बार निपुण संवाद के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। शिक्षकों को दीक्षा एवं यूट्यूब के माध्यम से वीडियो साझा किए जा रहे हैं। शिक्षक प्रशिक्षण वीडियो का अवलोकन यथा आवश्यकतानुसार शिक्षण में प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। समस्त शिक्षक एवं संकुल द्वारा छात्र उपस्थिति में वृद्धि हेतु डोर टू डोर अभियान का आयोजन किया जाए। डोर टू डोर अभियान दौरान शिक्षक संकुल ऐसे अभिभावकों के घर जाएं जिनके बच्चे नियमित विद्यालय नहीं आ रहे हैं, आदि बिंदुओं पर चर्चाएं की गई। बैठक में डायट मेंटर अब्दुल नदीम, इंद्र जीत सिंह ने कई दिशा निर्देश दिए। एआरपीआलोक शर्मा,स्वप्निल वर्मा, संकुल शिक्षक प्रेम कुमार, यूनुस कुरैशी, और न्याय पंचायत के सभी प्रधानाध्यापक, शिक्षक, अनुदेशक आदि रहे।

बैठने का इंतजाम कराते शिक्षक।

बोर्ड परीक्षा की तैयारी

शिवराजपुर। गुरुवार को शुरू हो रही यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं परीक्षा केंद्र बनाए गए स्कूलों में सिटिंग व्यवस्था भी पूर्ण कर ली गई है। जिससे बच्चों को कोई असुविधा न हो। वहीं नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए परीक्षा केंद्रों में वॉइस कैमरे भी लगाए गए हैं। शिवराजपुर क्षेत्र में राम सहाय इंटर कॉलेज बैरी, राजेंद्र नाथ इंटर कॉलेज मुश्ता, और विनोदिनी इंटर कॉलेज जिंदपुर सखरेज में केंद्र बनाए गए हैं वहीं कोई घटना न हो इसके लिए स्कूल के बाहर पुलिस प्रशासन तैनात होगा। प्रथम पाली में हाई स्कूल बच्चों के बैठने के लिए सीटिंग व्यवस्था भी पूर्ण कर ली गई है राम सहाय इंटर कॉलेज में हाई स्कूल में 547 बच्चे और इंटरमीडिएट में 467 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगें।

शराब के नशे में युवक ने फंदे से लटक कर दी जान

संवाददाता घाटमपुर

- मोटरसाइकिल मैकेनिक था, रात को शराब पीकर घर आया था

अमृत विचार। पतारा में नशे में धुत एक युवक ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सुबह घर पहुंचे परिजनो ने युवक का शव लटकता देखा तो फोन कर पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच करने के साथ फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए है।

पतारा कस्बा निवासी छोटे प्रजापति ने बताया कि उनका बेटा विकास (20) मोटर साइकिल मैकेनिक था। उसी से परिवार का भरण पोषण होता था। रात में शराब के नशे में घर पर आया और उत्पात मचाने लगा। जिससे परेशान होकर परिजन युवक को घर पर अकेला छोड़कर दूसरे घर पर चले गए। सुबह जब परिजन घर पहुंचे तो युवक ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। परिजनो ने बगल में लगी खिड़की से अंदर झांककर देखा तो उनके होश उड़ गए। युवक का शव धन्नी के सहारे फांसी के फंदे पर लटका देखा। परिजनो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएंगी। पिता ने बताया कि विकाश अपनी तीन बहनों का अकेला भाई था।

महिला की मौत के मामले में नर्सिंग होम की जांच शुरू, कई वार्ड सील

संवाददाता घाटमपुर

- डीएम ने समिति गठित कर दिये मामले की जांच के आदेश
- एसीएमओ ने चंद्रभाल नर्सिंग होम में पहुंचकर की जांच

अमृत विचार। सीएचसी घाटमपुर में प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ने पर चंद्रभाल नर्सिंग होम में भर्ती करने व इलाज के दौरान महिला की मौत का मामला डीएम तक पहुंच गया है। उन्होंने समिति गठित कर जांच के आदेश दिए हैं। बुधवार को एससीएमओ सुबोध प्रकाश ने पहुंच कर नर्सिंग होम की जांच की। कई खामियां पाए जाने पर नर्सिंग होम के कई वार्डों को सील कर दिया।

राम देवी।

घाटमपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सरैया निवासी अंकित कुमार ने अपनी पत्नी रामदेवी को प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार को सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां पर राम देवी ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया था। जन्म देने के बाद महिला की हालत बिगड़ गई थी।

जहां पर उसे कानपुर के लिए रेफर किया गया। अंकित ने आरोप लगाया कि उसे गांव की आशा बहू व संविदा पर तैनात एक डॉक्टर ने उन्हें चंद्रभाल नर्सिंग होम में भर्ती कराने का सुझाव दिया था। जिसके चलते उसने रामदेवी को चंदभाल नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। आरोप है कि जहां पर डॉक्टर के गलत इलाज से राम देवी की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल में जब हंगामा किया तो मौके पर पहुंची ने मृतका के पति अंकित की तहरीर पर अग्रिम कार्रवाई की।

सूचना पर पहुंचे एसीएमओ डॉक्टर सुबोध प्रकाश ने नर्सिंग होम पहुंच कर जांच- पड़ताल की और कई वार्ड सील कर दिए हैं। इस दौरान साथ में सीएचसी प्रभारी डॉक्टर कैलाश चंद्र ने बताया कि उक्त मामले को कानपुर नगर के डीएम ने संज्ञान में लेते हुए एक जांच कमेटी गठित की है। जो रामदेवी की मौत एवं नर्सिंग होम की जांच करेगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं मृतका रामदेवी के पति अंकित ने कहा है कि जांत में किसी प्रकार की लीपापोती न हो। निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

व्यापारी पर लोहे की रॉड से कातिलाना हमला

संवाददाता सरसौल

- पूरी घटना हुई सीसीटीवी में कैद, एक दिन पूर्व आरोपी की हुई थी बहस

अमृत विचार। महाराजपुर थाना क्षेत्र के प्रेमपुर में एक युवक ने दुकान के बाहर बैठे हार्डवेयर व्यापारी को लोहे की रॉड से सिर में ताबड़तोड़ प्रहार कर मरणासन्न कर दिया। व्यापारी को गंभीर हालत में इलाज के लिए पहले कांशीराम और फिर हैलट अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वारदात के पीछे पुरानी रंजिश की बात कही जा रही है।

प्रेमपुर गांव निवासी सत्यप्रकाश का बेटा मनीष 28 वर्ष प्रेमपुर चौराहे पर बनी मार्केट में उत्तम हार्डवेयर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम से दुकान चलाता है। बुधवार शाम वो दुकान के बाहर कुर्सी पर बैठा था। इसी बीच बड़ा गांव निवासी शिवम कुशवाहा हाथ में लोहे की रॉड लेकर आया और मनीष के सिर पर ताबड़तोड़ कई प्रहार कर दिए। आसपास के दुकानदारों ने शोर मचाया तो आरोपी युवक मौके से भाग गया। पूरी वारदात मार्केट में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। घटना के बाद एसीपी चकेरी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। एसीपी चकेरी दिलीप कुमार ने बताया घायल मनीष को अस्पताल में भेजा गया है। वही आरोपी पर महाराजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

खराब हैंडपंप, क्षतिग्रस्त सड़कों का उठा मुद्दा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। जिला समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक अकबरपुर सांसद की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक के अनुपालन की समीक्षा विभागवार की गई। जिसमें सदस्यों ने जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाया।

बुधवार को दिशा की बैठक में सदस्यों ने जनहित के मुद्दे उठाते हुए सांसद देवेंद्र सिंह भोले से खराब हैंडपंप, पानी की टंकी, सड़क पुनर्निर्माण आदि की शिकायत की। अभियंता जल निगम ने बताया कि जनपद में संचालित 504 परियोजनाओं में से 417 में पाइपलाइन टेस्टिंग का कार्य किया जा चुका है। 36 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। जहां पर क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरस्त भी करा लिया गया है। जिन स्थानों पर जमीन विवाद के संबंध में शिकायत आ रही हैं। उनका निस्तारण भी कराया जा रहा है। कोरारी गांव में जमीन चिंहित कर ली गई है। नगर पंचायत विस्तारित क्षेत्र में पाइपलाइन द्वारा जल आपूर्ति के संबंध में भी सदस्यों ने शिकायत की। जिसपर डीएम आलोक सिंह ने संबंधित को डीपीआर बनाकर उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। विद्युत से संबंधित मामलों की समीक्षा में अध्यक्ष ने कहा कि जिन लोगों पर बिल जमा करने के बाद भी विजिलेंस टीम ने जुर्माना लगाया है। उसकी जांच कराकर रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। पुखरायां पालिका रोड से किसान केंद्र तक रोड़ पर जलभराव की शिकायत रखने पर अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि नाला निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। शीघ्र ही नाले का निर्माण कराया जाएगा। डीएम ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में यदि किसी दूसरे विभाग से संबंधित कोई प्रकरण हो, तो नगर उससे एनओसी प्राप्त कर समस्या का समाधान करें। इस दौरान राजपुर क्षेत्र के भाल गांव से किशनपुर तक सड़क निर्माण, अकबरपुर से माती मुख्यालय तक रोड चौड़ीकरण, अकबरपुर पोस्टमार्टम हाउस रोड निर्माण के लिए सदन के सम्मुख प्रस्ताव रखे गए। जनप्रतिनिधियों ने सीएसआर के बैठक में आमंत्रित किए जाने का मुद्दा उठाया। ताकि सीएसआर से प्राप्त धनराशि का उपयोग जन कल्याणकारी योजनाओं में हो सके। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि आने वाले बैठक में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। सदस्य गुड्डन सिंह ने बताया कि अकबरपुर में बस अड्डे का निर्माण तेजी से हो रहा है। सदस्यों ने पीएचसी पर एक्स-रे मशीन न होने, सीएचसी पर डॉक्टरों की कमी के मुद्दे उठाए।

दिशा की बैठक में सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, डीएम आदि रहे। अमृत विचार

सार-संक्षेप

राहू माता मंदिर में शिव परिवार मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

बिठूर। मंधना में स्थित अतिप्राचीन राहू माता मंदिर में 16 फरवरी से चल रहे श्रीमद भागवत कथा एवं महायज्ञ को बुधवार को विश्राम दिया गया। भागवत कथा के उपरांत मंदिर में शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। शिव मंदिर जोकि काफी प्राचीन हो गया था, उसका जीर्णोद्धार कर उसमे नई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा में एक हजार आठ छिद्र वाले कलश से व दो हजार गिलासों से मूर्तियों को महास्नान कराया गया। मूर्तियों का स्नान कराने के बाद जयपुर में बनी सुंदर पोशाक मूर्तियों को पहनाई गई। जिसके उपरांत मूर्तियों का भव्य श्रंगार किया गया। मूर्तियों को नगर भ्रमण भी कराया गया। भागवत कथा कार्यक्रम के समापन में व्यास पीठ से मंत्रमुग्ध कर देने वाले भजनों में डूबकर भक्तों ने जमकर जयकारे लगाए तथा सभी नाचने पर विवश हो गए। गुरुवार को पूर्ण आहुति एवम् भंडारे से कार्यक्रम समाप्त होगा।मुख्य रूप से ऋषि दुबे,पं नमोनारायण त्रिपाठी, शोभित सविता, हर्ष गुप्ता,दिनेश चंद्र मिश्रा,अशोक दुबे, आदि उपस्थित रहे।

ट्रक की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

रेउना । थाना क्षेत्र के रूपनगर गाव के पास मुग़ल रोड बुधवार शाम को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दिया। इसके कारण बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस के जरिए घायल युवकों को सीएचसी घाटमपुर भेजवाया।पिंटू और कल्लू मोतीपुर थाना घाटमपुर के निवासी है। जो किसी कार्य से मूसानगर गये थे वापस लौटते समय तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गये। इस बावत एसआई अनिसुल ने बताया की दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक केंद्र भेज दिया है तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी ।

धोखे से की दूसरी शादी, अब घर से निकाला

घाटमपुर। थाना रेउना के गांव गड़ाथा निवासिनी शशि देवी ने धोखे से दूसरी शादी करने वाले पति पर हत्या की योजना बनाने का आरोप लगाया है। युवती के मुताबिक पिछले साल बुलंदशहर के मानसरोवर कॉलोनी निवासी संदीप ने फौज मे कर्नल बताते हुए धोखे से उससे दूसरी शादी कर ली। उसके घर वाले जयदीप, कुलदीप ,प्रदीप, बिंदु गुलशन तथा बहनें करिश्मा, संगीता कविता सरोज देवी ने भी इस धोखाधड़ी में साथ दिया। युवती का आरोप है कि अब वे लोग चार लाख रुपए मांग रहे हैं। ऐसा न करने पर मुझे घर से निकाल दिया गया। पुलिस के पास पीड़िता शिकायत लेकर पहुंची तो उसे थाने से भगा दिया गया। इस संबंध में एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में युवती का कहना है कि जय सिंह चौहान ने चार अज्ञात लोगों के साथ मिल कर रेप करने का प्रयास किया, लेकिन वह वहां से भाग आई। परिजनों को पूरी दास्तां बताई।

ग्रामीण भड़के | क्षेत्र के मरियानी गांव के लोग लंबे समय से करते आ रहे हैं अंडरपास अथवा कट की मांग

हाईवे पर अंडरपास की मांग पर ग्रामीणों ने निर्माण रुकवाया

संवाददाता, चौबेपुर

अमृत विचार । क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने हाईवे पर अंडरपास अथवा कट न दिए जाने की मांग को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने वहां चल रहे निर्माण कार्य को भी रुकवा दिया। हंगामे की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझा किसी तरह शांत कराया। वहीं ग्रामीणों ने समस्या का जल्द समाधान न होने पर पुनः धरना प्रदर्शन करने की धमकी दी है।

मरियानी गांव के लोग राष्ट्रीय राजमार्ग-91 के चौड़ीकरण का कार्य शुरू होने के समय से ही यहां अंडरपास अथवा कट दिए जाने की मांग कर रहे हैं। ग्राम प्रधान श्यामजी कुशवाहा के साथ ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों ,जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि गांव की 80 फीसदी उपजाऊ भूमि व गांव का पूर्व माध्यमिक विद्यालय हाईवे के दूसरी ओर दक्षिण दिशा में है। ऐसे में किसानों व पढ़ने लिखने वाले बच्चों को दो किमी अतिरिक्त चक्कर काट कर जाना पड़ेगा। बताया कि गांव के सामने कोई रास्ता न दिए जाने से फसल की देखरेख करने में समस्या होगी। साथ खेतों से पशुओं के लिए चारा आदि लाने में तमाम समय बर्बाद होगा। वहीं दूसरी ओर गांव के छोटे-छोटे बच्चों को विद्यालय पहुंचने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा,जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी।

इधर हाईवे का निर्माण कार्य अंतिम चरण में होने व मामले में कोई सुनवाई न किए जाने से आक्रोशित लोगों ने बुधवार को ग्राम प्रधान की अगुवाई में हाईवे की सर्विस लेन पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने प्रदर्शन किए जाने के साथ वहां हो रहे कार्य को भी रुकवा दिया। जानकारी पर कार्यदाई संस्था पीएनसी के अधिकारी मनोज शर्मा मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया ,लेकिन ग्रामीण अपनी जिद पर अड़े थे।हंगामा बढ़ने की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा बुझा किसी तरह धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। वहीं ग्रामीणों का कहना था कि यदि समस्या का समाधान न शीघ्र न कराया गया ,तो जल्द ही गांव के लोग अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन शुरू करने को बाध्य होंगे।मामले मे कार्यकारी प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि समस्याओं को लेकर ग्रामीण अंडरपास अथवा कट बनाए जाने की मांग कर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। समझाये जाने पर लोग प्रदर्शन खत्म कर घरों को चले गए। इस मौके पर पूर्व प्रधान नीलिमा तिवारी, दुर्गेश पांडे, नीरज तिवारी, कमलेश राठौर, रविकांत शुक्ला, नीरज पांडे, दीपेश द्विवेदी, शिवम पांडे, श्याम जी मिश्रा व राम मोहन तिवारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

- हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा बुझा किसी तरह शांत कराया

अंडरपास की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
उप संपादक व वरिष्ठ उप संपादक की
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8307111100, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

मरहला चौराहे पर कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते राहुल गांधी। अमृत विचार

नवीन पुल पर सड़क से लेकर फुटपाथ पर कतारों में खड़े वाहन सवार। अमृत विचार

राहुल के स्वागत को खड़े रहे, काफिला नहीं रुका

राहुल गांधी बिना रुके हाथ हिलाते हुये कानपुर की ओर चले गये तो इंतजार कर रहे कार्यकर्ताओं के चेहरे पर मायूसी छा गई

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्वागत करने के लिये बुधवार सुबह से ही जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता बनी पुल से लेकर शुक्लागंज तक कैंप लगाकर इंतजार करते रहे। लेकिन, जब यात्रा के दौरान राहुल गांधी बिना रुके हाथ हिलाते हुये कानपुर की ओर चले गये तो कार्यकर्ताओं के चेहरे पर मायूसी देखने को मिली।

राहुल गांधी को शहर के मोती नगर स्थित शास्त्री पार्क में स्थापित शास्त्री प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का कार्यक्रम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बनाया था। जब राहुल का काफिला वहां पहुंचा तो कार्यकर्ताओं ने उन्हें यहां रोकने का प्रयास किया लेकिन वे बिना रुके आगे बढ़ते चले गए। इसके बाद गांधी नगर तिराहा पर भी राहुल गांधी के स्वागत की तैयारी थी। लेकिन, कार्यकर्ताओं को वहां भी मायूसी ही मिली। अकरमपुर में जरूर वे पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मिलने को कुछ देर रुके और फिर उनका काफिला सीधे शुक्लागंज के मरहला चौराहा पहुंचा। जहां क्षेत्रीय कांग्रेसियों ने उनके जोरदार स्वागत की तैयारी कर रखी थी। अपने नेता का स्वागत करने के लिये पूर्व जिलाध्यक्ष जंग बहादुर सिंह कार्यकर्ताओं के साथ कैंप लगाकर घंटों इंतजार करते रहे लेकिन जब काफिला नहीं रुका और सीधे नवीन पुल की ओर रुख कर गया तो सभी को खासी मायूसी हुई। वहीं थाने के सामने मुन्ना सोनी के कार्यालय में पुत्तीलाल वर्मा, संजय सिंह, प्रेमशंकर बाजपेई, कमलेश तिवारी, गिरिजा शंकर पांडे, जयपाल साहू, राम सिंह, निर्मल, मयंक बाजपेई, मो. रईस, रवि गुप्ता समेत तमाम लोग फूल माला लेकर खड़े रहे। कुछ क्षण के लिये राहुल गांधी की गाड़ी रुकी और जैसे ही कार्यकर्ता उनके ओर बढ़ने लगे तो काफिला आगे चल दिया।

राहुल की यात्रा के दौरान चहुंओर रहा जाम

शुक्लागंज। कानपुर की ओर राहुल गांधी का स्वागत करने के लिये सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे और अपने वाहन दोनों ओर खड़े कर दिये। मार्ग संकरा होने से वहां जाम लगने लगा। कुछ ही देर में कानपुर से शुक्लागंज तक लंबा जाम लग गया। जाम में सीबीएसई बोर्ड का पेपर देने जा रहे कई छात्र-छात्राएं फंस गईं। भीषण जाम के चलते छात्र-छात्राओं ने पैदल ही पुल पार किया। पुलिस कर्मी काफी देर तक जाम खुलवाने के लिये मशक्कत करते रहे। राहुल गांधी के आने पर नवीन पुल पर सवारी वाहनों को जाने से रोका गया। जब जाकर जाम खुल सका।

- मोती नगर में शास्त्री प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम कांग्रेसियों ने बनाया था

60 किमी का सफर दो घंटे से भी कम समय में पूरा किया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी बुधवार को जिले के पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को थकाकर खुद बिना रुके और बिना थके निकल गए। उनके काफिले ने जिले में करीब 60 किमी का सफर दो घंटे से भी कम समय में पूरा किया और कानपुर रवाना हो गए।

इस दौरान उन्होंने शहर के अकरमपुर में कुछ मिनट रुककर पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों का हालचाल लिया। यहां से उनका काफिला आगे चल दिया। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बुधवार सुबह करीब 9:35 बजे लखनऊ से उन्नाव की सीमा में पहुंची। इसके बाद 9:45 बजे अजगैन होते हुये सीधा उन्नाव बाईपास पर 9:55 बजे पहुंची।

ड्रोन के साथ पकड़ा गया युवक।

ड्रोन उड़ाने वाले को पुलिस ने दबोचा

शुक्लागंज स्थित मरहला चौराहे पर राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरने के दौरान एक युवक ड्रोन कैमरे से इसका वीडियो बना रहा था। तभी यात्रा में मौजूद एनएसजी कमांडो की नजर ड्रोन पर पड़ी तो उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत ड्रोन उड़ा रहे युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस युवक से पूछताछ में जुटी है। बताया जा रहा है कि युवक के पास ड्रोन उड़ाने की कोई परमीशन नहीं थी।

हाथ हिलाते निकल गए राहुल गांधी

नबावगंज टोल प्लाजा पर कांग्रेस नेता कमल तिवारी, आशीष त्रिपाठी, अतुल शुक्ला, रामकृष्ण रावत, अमित मिश्रा समेत बांगरमऊ के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। जहां राहुल गांधी ने हाथ हिलाते हुये कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। जिसके बाद वे आगे बढ़ गये। काफिला न रुकने पर कार्यकर्ता मायूस हो गये। वहीं अजगैन में युवा नेता प्रदीप सिंह राठौर, आतिफ हसन किदवई के साथ कार्यकर्ता खड़े थे। यहां पर भी जीप को धीमी कर अभिवादन किया और माला लेकर कार्यकर्ता आगे बड़े तो गाड़ी चल दी।

शहर में चल रहे अवैध ई-रिक्शा, डीएम ने दिया चालकों पर कार्रवाई का आदेश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। शहर में रोज लगने वाले जाम से लोगों को छुटकारा दिलाने के लिए डीएम ने अफसरों के साथ बैठक कर यातायात व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में डीएम अपूर्वा दुबे ने गदन खेड़ा, पुरवा व शहर में रोज लगने वाले जाम की समस्या के निदान के लिए चर्चा की। साथ ही निर्देश दिये कि इसके लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि शहर में अवैधानिक तरीके से चलाए जा रहे ई-रिक्शों पर करवाई करें। जिससे लोगों को जाम से राहत मिल सके। बता दे कि इस समय शहर के मुख्य मार्ग पर लगने जाम से लोग परेशान हैं। शास्त्री चौक से गांधी नगर तक पूरे दिन यातायात रेंगता है। ई-रिक्शा और आटो के मार्ग परिवर्तित किए जाने से भी समस्या का निदान नहीं हो पाया है। उल्टे तंग गलियों में भी जाम लगने लगा है। डीएम के निर्देश से लोगों को इससे निजात की उम्मीद जगी है। एडीएम नरेंद्र सिंह, विकास सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, एआरटीओ प्रशासन व प्रवर्तन, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, ईओ उन्नाव व गंगाघाट मौजूद रहे।

बैठक में अफसरों को निर्देश देतीं डीएम अपूर्वा दुबे। अमृत विचार

- जाम की समस्या से निजात के लिए हुई बैठक

दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, पुलिस ने की जांच

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के गांव जलाल नगर में मंगलवार रात नशे में दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। दोनों पक्ष घायल अवस्था में कोतवाली पहुंचे। जहां पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजते हुए कार्यवाही शुरू की। मामले में दोनों पक्ष से एक-दूसरे के विरुद्ध पुलिस को प्रार्थनापत्र दिए हैं।

जमाल नगर गांव में मंगलवार रात दो पक्षों में मारपीट हुई थी। एक पक्ष से वीरेंद्र पुत्र गुरु प्रसाद ने बताया कि गांव के विजय पुत्र राधे ने नशे में गालीगलौज कर रहा था। विरोध करने पर बचाने आए सुशील व अन्य को भी उन लोगों लोगों ने पीट दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। दूसरे पक्ष से राजेश पुत्र राधे ने पुलिस को बताया कि वीरेंद्र आदि ने नशे में गालीगलौज की। मना करने पर उन लोगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडे से उसे पीट दिया। पुलिस ने दोनों पक्ष के घायलों का मेडिकल कराया।

जहां सीएचसी में इलाज के बाद गंभीर हालत में घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के प्रार्थनापत्र लेकर जांच व कार्रवाई शुरू की है। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के प्रार्थनापत्र लेकर जांच की जा रही है। घायलों का मेडिकल कराया गया है।

- दोनों पक्ष घायल अवस्था में कोतवाली पहुंचे
- दोनों पक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ दिया प्रार्थनापत्र

जन सरोकार पर दी विधिक जानकारी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। प्राथमिक विद्यालय में लीगल एड डिफेन्स काउंसिल एवं स्थाई लोक अदालत से लोगों को मिलने वाली विधिक सुविधाओं के संबंध में जागरूक करने के लिए शिविर लगाया गया। इसमें लोगों को मूलभूत सुविधाओं के संबंध में कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव के निर्देश पर बिछिया ब्लाक के प्राइमरी स्कूल टीकर गढ़ी में स्थाई लोक अदालत की अध्यक्ष कुमुदनी वर्मा ने बताया कि बिजली, पानी, अस्पताल सहित अन्य जनहित से संबंधित मामलों में केस दायर करने से पहले आपसी सुलह से निपटाने के लिए राज्य प्राधिकरण द्वारा स्थायी लोक अदालतों की स्थापना की गई है। कोई भी पक्ष जिसका संबंध इन जनहित सेवाओं से है वह इन विवादों को निपटाने के लिए स्थायी लोक अदालत में आवेदन कर सकता है। पहले विवाद को सुलह के द्वारा सुलझाने का प्रयास किया जाता है और सहमति बनने पर अवार्ड पास कर दिया जाता है। यदि आपसी सुलह के द्वारा केस का फैसला नही हो पाता तो स्थायी लोक अदालत में मामले का निपटारा किया जाता है। कार्यक्रम में डिप्टी चीफ रमेश चंद्र वर्मा व असिस्टेंट अंशु सिंह द्वारा लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल की स्थापना का उद्देश्य बताए गए। नायब तहसीलदार सदर अनुपमा सिंह ने शासन की जानकारी दी। कार्यक्रम में अधिवक्ता अजय श्रीवास्तव, दीपेन्द्र तिवारी लेखपाल, मनीष श्रीवास्तव लेखपाल, नन्ही देवी प्रधान, अर्चना देवी मौजूद रहीं।

शिविर में लोगों को दी जाती जानकारी। अमृत विचार

मनचले ने घर में घुस कर छात्रा से की छेड़खानी

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। माता-पिता की गैर मौजूदगी में गैर समुदाय का एक मनचला घर में घुस गया और घर में अकेली उसकी बेटी से छेड़छाड़ करने लगा। बेटी के शोर मचाने पर पड़ोसी दौड़े तो शोहदा बेटी को तेजाब डालकर मार डालने की धमकी देते हुए भाग गया। इस दौरान वह अपनी बाइक दरवाजे पर छोड़ गया। पिता ने युवक के विरुद्ध घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा बांगरमऊ के मोहल्ला कछियाना स्थित रिश्तेदारी में रहकर पढ़ाई करती है। मोहल्ले का ही युवक एजाज उर्फ जैस स्कूल आते-जाते समय उससे छेड़छाड़ करता रहता था। जिससे आजिज आकर पिता बेटी को अपने गांव में रखकर पढ़ाने लगा। 12 फरवरी को दिन में युवक गांव पहुंचा और मां-बाप की गैर मौजूदगी में उसके घर में घुसकर छात्रा से छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर छात्रा को तेजाब डालने की धमकी देकर भाग गया।

कोल्ड ड्रिंक में नशा पिलाकर किया रेप

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

अमृत विचार। बेहटा मुजावर थानांतर्गत ईंट-भट्ठा श्रमिक को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाने के बाद महिला से दुष्कर्म का वीडियो बनाए जाने की बात शोसल मीडिया के माध्यम से सामने आने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है। हालांकि ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

बेहटा मुजावर थानांतर्गत बीते सोमवार को एक महिला ने पृथ्वी खेड़ा निवासी युवक दीपक पर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताते हैं कि महिला एक ईंट-भट्ठे में मजदूरी करती है। आरोप है कि दुष्कर्म का वीडियो भी बनाया गया। सूत्र बताते हैं कि मामला दो पक्षों में आपसी रंजिश का है और घटना भी दोपहर की बताई गई है। मामला चर्चा में आने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ में कर रही है। पूरे मामले को लेकर लोगों चर्चाओं का बाजार गर्म है। बताते है आरोपी और महिला के बीच नजदीकियां हैं। इसी का फायदा उठाकर विरोधी पक्ष ने महिला और उसके पति को शराब के नशे में कर महिला व आरोपी युवक के बीच अश्लील वीडियो बनवा ली। बाद में विरोधियों ने उसे वायरल कर दिया और पति पर दबाव बनाकर युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी। चर्चा है कि प्रशासनिक अधिकारियों में अच्छी पहुंच रखने वाला एक तहसील कर्मी ही इस कहानी का सूत्रधार है। विरोधी पक्ष को पस्त करने लिए वीडियो बनवाने से लेकर वायरल करवाने में तहसील कर्मी की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है।

- दुष्कर्म का वीडियो बनाए जाने की चर्चा
- आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

दुष्कर्म के वांछित को पुलिस ने पकड़ा

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने करीब छह माह पूर्व क्षेत्र के गांव महरामऊ वर्तमान में कस्बे के मोहल्ला बेगमगंज निवासी विश्वजीत उर्फ सुजीत के विरुद्ध दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

तब से विश्वजीत मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। बुधवार सुबह दरोगा सियाराम चौरसिया ने फोर्स के साथ खिन्नी मोड़ के पास से उसे पकड़ लिया। उसे कोर्ट मे पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया है।

सार-संक्षेप

अज्ञात कारणों से महिला ने निगला जहरीला पदार्थ

गंजमुरादाबाद। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव महोलिया निवासी प्रियंका (26) पत्नी संतोष ने शुक्रवार सुबह अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

महिला को बाइक ने मारी टक्कर, टूटा पैर

आसीवन। थानाक्षेत्र के ऐनी खुर्द गांव निवासी ज्ञानवती पत्नी श्रीपाल (55) बुधवार को साधन से हसनगंज अपने रिश्तेदार के यहां गयी थी। जहां से बस से वापस आकर कस्बा हैदराबाद पौशाला के पास एक बाइक चालक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसका पैर टूट गया। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंपा और महिला को सीएचसी पहुंचाया। ग्रामीणों ने बताया कि बाइक चालक को पुलिस ने छोड़ दिया है।

घरेलू विवाद में युवक ने पिया थिनर, ट्रामा सेंटर रेफर

नवाबगंज उन्नाव। विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र के सरांय जोगा गांव निवासी गगन उर्फ आदित्य पुत्र गणेश प्रसाद ने बुधवार दोपहर घरेलू विवाद के चलते थिनर पी लिया। हालत बिगड़ते देख परिजन उसे नवाबगंज सीएचसी लाए। जहां डाक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। युवक के पिता गणेश प्रसाद ने बताया कि वह प्रेम-प्रसंग में शादी करना चाहता है। जिसका विरोध किया गया तो उसने गुस्से में थिनर पी लिया।

किसानों की मुसीबत

अधिकांश खेतों में लहलहा रही सरसों की फसल खेत में ही गिर गई, गेहूं की फसल को भी पहुंचा खासा नुकसान

तेज आंधी के साथ हुई बारिश, किसानों को हुआ भारी नुकसान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। इधर कई दिनों से मौसम सामान्य था। मंगलवार मध्य रात्रि अचानक मौसम बदला और रात में तेज आंधी से जन जीवन अस्त व्यवस्त हो गया। इसी बीच तेज झमाझम बारिश हुई। जिससे नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के निचले इलाकों में भारी जलभराव हो गया। वहीं बेमौसम बारिश होने से किसानों को खासा नुकसान पहुंचा है। अधिकांश खेतों में लहलहा रही सरसों की फसल खेत में ही गिर गई।

रात करीब 12 बजे अचानक मौसम बदला और आसमान में काले बादल छा गये। इसी बीच तेज आंधी आई। जिससे जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया और आने जाने वाले लोग जहां के तहां रुक गये। आंधी आने के कारण बैराज मार्ग, फोरलेन, नवीन पुल, हाइवे पर लगी बड़ी होर्डिंग और बैनर उड़ गये। आंधी पानी से कुछ स्थानों पर पेड़ की टहनिया टूट गई। जिससे गेंहू किसानों के चेहरे खिल गये। वहीं सरसों और आलू किसानों को नुकसान पहुंचा है। 25 दिन बाद सरसों कटने वाली है। जिन खेतों में पानी लगाया गया था, आंधी के कारण खेतों में सरसों गिर गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, क्षेत्र मंगलवार की रात तेज तूफान के झोंकों के साथ बारिश व ओलावृष्टि ने गेहूं और लाही की फसल को बर्वाद हो गई। दोनों फसलें तेज़ हवाओं से जमींदोज हो गईं। खुदाई के बाद खेत में रखी आलू भी भीगकर बर्बाद हो गई। वहीं हल्के ओलों की बौछार भी हुई। तेज हवा के झोंकों और ओलावृष्टि से गंगा व कल्याणी नदियों के दोआबा क्षेत्र के शिवपुरी, राजेपुर, कमलापुर, जामड़, परशुरामपुर, दौलतपुर व माढ़ापुर सहित करीब आधा सैकड़ा गांवों के खेतों में लहलहा रही गेहूं की फसल गिर गई। ग्राम चहलहा निवासी किसान देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनके 8 बीघा खेत में अगेती गेहूं की फ़सल में बालियां निकल आईं थीं। रात में तेज हवा के झोंकों के साथ बारिश और ओलों की बौछार से पूरी फसल जमीन पर गिर पड़ी। यदि पुनः बारिश हुई तो बालियां सड़ जाने की आशंका है। ग्राम शिवपुरी निवासी आलू किसान खजान सिंह के खेत में खुदाई के बाद करीब 300 बोरा आलू कोल्ड स्टोरेज ले जाने के लिए खेत पर ही रखा था। रात की तेज बारिश से आलू भीग गया है। अब तेज धूप न निकली तो आलू सड़ना शुरू हो जाएगा। ग्राम भुलभुलिया खेड़ा निवासी नरेश कुमार द्विवेदी ने करीब डेढ़ बीघा खेत में भिंडी, कुर्थी, गाजर और परवल आदि सब्जियों की फसल बोई थी। फसल की बुवाई में करीब बीस हजार रुपए ख़र्च हुआ था। उगने के बाद फसल की बढ़ोत्तरी भी हो रही थी। किंतु कल रात की अचानक बारिश और आंधी से पूरी फसल चौपट हो गई है।

फतेहपुर चौरासी संवाददाता के अनुसार, क्षेत्र में मंगलवार देर रात तेज हवाओं के साथ बरसात शुरू हो गई।बरसात के साथ ही हुई हल्की ओलावृष्टि से मौसम एक बार फिर सर्द हो गया।अचानक हुई बरसात से क्षेत्र के किसानों की फसलों में नुकसान हुआ है।क्षेत्र के किसान मोहित कुमार मुकेश राजेंद्र द्विवेदी छोटेलाल प्रजापति दिनेश मिश्रा सन्त कुमार त्रिवेदी श्याम जी आदि किसानों ने बताया कि बीती रात हुई बरसात से क्षेत्र में गेहूं के साथ धनिया आलू सरसों आदि की फसलों को भरी नुकसान पहुंचा है।

शुक्लागंज में आंधी से फोरलेन पर गिरी होर्डिंग। अमृत विचार



बांगरमऊ में खेत में पटी पड़ी फसल को सही करने का प्रयास करता किसान।

- खेतों में रखा आलू भी भीगकर बर्बाद हो गया

पीस कमेटी की बैठक में शांति बनाए रखने की अपील

बैठक में मौजूद अधिकारी व आमजन। अमृत विचार

संवाददाता सफीपुर, उन्नाव

अमृत विचार। कोतवाली परिसर में बुधवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम नवीन चंद्र ने बैठक में मौजूद धर्मावलंबियों से कांवड़ यात्रा व सब-ए-बारात के बारे में विस्तृत जानकारी लेकर शांति व सौहार्द पूर्वक पर्व मनाने की अपील की।

बैठक में सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने कहा कि कावड़ यात्रा व सब-ए-बारात में यदि अराजक तत्वों द्वारा खलल डालने का प्रयास किया गया तो उन्हें बक्सा नहीं जायेगा। साथ ही कावड़ियों को कस्बे से होकर गंगा नदी तक जाने वाले मार्ग पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिससे उन्हें यात्रा के दौरान परेशानी न हो। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बैठक में शामिल लोगों से आगामी पर्वों में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। जिससे पर्व शांतिपूर्वक मनाए जा सकें। इस दौरान पूर्व चेयरमैन नसीम अहमद, सैय्यद दानिश बकाई, रिजवान शेख, जितेंद्र सिंह, अनूप सिंह चंदेल, कमलेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

शुक्लागंज, गंगाघाट तो कहीं पुल बायां किनारा है नाम

शुक्लागंज को सरकारी दस्तावेजों में नहीं मिला नाम, कोतवाली व नगर पालिका गंगाघाट तो स्टेशन है कानपुर पुल बायां किनारा

अमृत विचार विशेष

प्रकाश तिवारी/अमन सक्सेना

अमृत विचार। शुक्लागंज नगर को जिले की शान माना जाता है। सरकारी इमारतों से लेकर रेलवे स्टेशन तक के अलग-अलग नाम होने से दूर-दराज से आने वाले लोग अक्सर यहां आकर भटक जाते हैं, नगर के लोग इसे शुक्लागंज कहते हैं तो कुछ गंगाघाट, तो कहीं इसे नेतुआ के नाम से जाना जाता है। प्रशासन इसे सरकारी दस्तावेजों में भी आज तक एक नाम नहीं दिला सका है। गूगल मैप में नेतुआ ग्रामीण दिखाता है। जिससे अन्य प्रदेशों से आने वाले लोग स्थानीय लोगों से सही पता पूछते अक्सर दिखाई देते हैं। ब्रिटिश शासनकाल में लखनऊ जाने के लिये कोई रास्ता नहीं था। जिस पर वर्ष 14 जुलाई-1875 में अवध एंड रुहेलखंड लिमिटेड कंपनी की ओर से रेजीडेंट इंजीनियर एसबी न्यूटन ने असिस्टेंट इंजीनियर ई-वेडगार्ड के साथ गंगा नदी में पुल बनाया गया था।

पशु चिकित्सालय के गेट में लिखा शुक्लागंज। अमृत विचार

डाकघर के बोर्ड में लिखा गंगाघाट। अमृत विचार

पीएचसी के गेट पर लिखा शुक्लागंज। अमृत विचार



गूगल मैप में दिखाता नेतुआ ग्रामीण। अमृत विचार

आधार कार्ड और गूगल मैप में दर्ज है नेतुआ

दूरदराज से आने वाले लोग गूगल मैप का सहारा लेते हैं। जिसमें शुक्लागंज के साथ नेतुआ भी दिखता है। जिससे आने-जाने वाले लोग भ्रमित होते हैं। वहीं लोगों के आधार कार्ड में भी नेतुआ उन्नाव ही अंकित हैं।

इसके बाद रेलवे व यातायात के लिये रास्ता बना था। जिस पर अंग्रेजों ने इसका नाम कानपुर पुल बायां किनारा रखा। उसके बाद आजादी से पहले 8 फरवरी-1935 को ज्वाला देवी शुक्ला ने शुक्लागंज की स्थापना की। 89 साल पूरे होने के बाद भी शुक्लागंज को अभी तक अपना एक नाम नहीं मिल सका है। शासकीय अभिलेखों में यह गंगाघाट दर्ज है। जिस कारण कोतवाली, पोस्ट आफिस, पशु चिकित्सालय और आयुर्वेदिक अस्पतालों के बाहर गंगाघाट का बोर्ड लगा है। वहीं आधार कार्ड में शुक्लागंज वासियों के पता में नेतुआ उन्नाव लिखकर आता है। जो नेतुआ पुरानी ग्राम पंचायत हुआ करती थी।

इस तरह सरकारी इमारतों के हैं नाम

यहां का रेलवे स्टेशन कानपुर पुल बांया किनारा के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा पुलिस स्टेशन, नगर पालिका, पोस्ट आफिस, पशु चिकित्सालय व आयुर्वेद के बाहर गंगाघाट नाम का बोर्ड है। पीएचसी के बाहर न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज लिखा हुआ है। वहीं, सरकारी दस्तावेजों में नेतुआ अंकित है।

89 साल बाद भी शुक्लागंज को नहीं मिला नाम

89 साल पहले शुक्लागंज की स्थापना हुई थी। जिसके बाद से लेकर अब तक शुक्लागंज नगर जिसे आज तक सरकारी दस्तावेजों में अपना एक नाम नहीं मिल सका। इससे शुक्लागंज कई नामों से जाना जाता है।

सभी मूलभुत सुविधाओं से लैस है नगर

नगर व ग्रामीण क्षेत्र को मिलाकर यहां करीब 10 लाख की आबादी है। इसे देखते हुये शुक्लागंज में कई शॉपिंग मॉल, सिनेमा घर, रेस्टोरेंट व साप्ताहिक बाजारें हैं। जिससे रोजमर्रा की जरूरत के सामान के लिये लोगों को भटकना नहीं पड़ता है। वहीं पास में कानपुर महानगर होने से लोगों को हर सुविधाएं मिलती है।

कोतवाली गेट पर दर्ज गंगाघाट। अमृत विचार

रेलवे स्टेशन गेट पर लिखा कानपुर पुल बायां किनारा। अमृत विचार

नगर पालिका में गंगाघाट लिखा है नाम।। अमृत विचार

टॉप-10 की सूची में शामिल छात्राओं को किया सम्मानित

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित आरएस इंटर कॉलेज प्रबंधन द्वारा शैक्षिक सत्र-2023 की बोर्ड परीक्षा में जिले की टॉप-10 सूची में स्थान बनाने वाली हाईस्कूल की छात्रा आयुषी पटेल व इंटरमीडिएट की छात्रा शालिनी सिंह को सम्मानित किया गया।

प्रबंधक रिज़वान अहमद ने छात्राओं को 5 हज़ार का चेक, मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान से उत्साहित छात्रा शालिनी ने कहा कि यदि योजना बनाकर किसी लक्ष्य को पाने का प्रयास किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। हाईस्कूल की मेरिट धारक छात्रा आयुषी ने बताया कि वह भविष्य में डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहती है।

प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर छात्राओं को सम्मानित करते प्रबंधक रिजवान अहमद।

इस अवसर पर प्रबंधक ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से प्रयास करने वाले व्यक्ति के सफलता कदम चूमती है। उन्होंने बच्चों की इस सफलता का श्रेय शिक्षकों को दिया और उन्हें भी बधाई दी। प्रबंधक ने आगामी बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए भी बच्चों को शुभकामनाएं दी। इसमें प्रधानाचार्य संतोष कुमार, उपप्रधानाचार्य अंजू बाजपेई व कोआर्डिनेटर आमिर अहमद समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

किशोरी से छेड़छाड़ करने के दोषी को 52 महीने की सजा

उन्नाव। नाबालिग साली को घर से ले जाकर छेड़छाड़ करने के आरोपी जीजा को पाक्सो एक्ट की विशेष कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए 52 माह की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 13 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

अचलगंज थानांतर्गत एक गांव निवासी पिता ने 25 सितम्बर-2019 को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी को उसका दामाद अकील निवासी आजाद नगर पहलवान पुरवा थाना नवाबगंज जिला कानपुर नगर अपने साथ ले गया था। आरोप था कि बेटी अपने साथ घर में रखे जेवर व 80 हजार रुपये भी ले गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बेटी को बरामद किया। किशोरी ने अपने साथ छेड़छाड़ की बात कही थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा था।

ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक सवार किसान को रौंदा, मौत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली के मिर्जापुर के मजरा भटपुरवा निवासी एक किसान सहजनी शंकरपुर मार्ग से बाइक से घर जा रहा था, तभी शंकरपुर गांव के पास एक साइकिल सवार अचानक निकल पड़ा। जिससे उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर जा गिरा। तभी उसे ईंटा लदी ट्रैक्टर ट्राली ने रौंद दिया। घायल अवस्था में उसे इलाज के लिये ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतक संतराम।

भटपुरवा निवासी किसान संतराम वर्मा (50) पुत्र कालिका बुधवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे पेट्रोल भरवाने के बाद बाइक से एक अन्य बाइक सवार से बाते करते हुये घर की ओर आ रहे थे, तभी शंकरपुर के पास एक साइकिल सवार निकला। जिससे वह टकरा गये और सड़क पर जा गिर। इसी बीच ईंटा लदी ट्रैक्टर ट्राली ने उन्हें रौंद दिया। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और ट्रैक्टर ट्राली को रोक लिया। जिसके बाद संतराम के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री पत्नी रामकली, बेटे अखिलेश और शेरू पहुंचे। जहां उन्हें इलाज के लिये पास के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया। जहां कानपुर में डॉक्टरों ने संतराम को मृत घोषित कर दिया। मौत होने की सूचना पर गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति मौके पर पहुंचे।

सार-संक्षेप

विजेता मुद्रा में बैठी खांडेकर की टीम साथ में आयोजक और मुख्य अतिथि।

खांडेकर की टीम ने पांच विकेट से मैच जीता

शुक्लागंज उन्नाव। उन्नाव शुक्लागंज मां ज्वालादेवी द्वारा संस्थापित शुक्लागंज नगर के 89वें स्थापना दिवस पर आयोजित 20वां मां ज्वालादेवी क्रिकेट ट्राफी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खांडेकर क्रिकेट अकादमी और जीटीबी के बीच खेला गया। जिसमें खांडेकर की टीम ने पांच विकेट से जीतकर ट्राफी अपने नाम की। रामकली स्टेडियम में बुधवार को खेले गये मैच के दौरान जीटीबी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सभी विकेट होकर 106 रन बनाए। जिसमें रहमान ने 41 रनों का योगदान दिया। खांडेकर की ओर से हिमांशु प्रजापति ने चार विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खांडेकर की टीम ने 18 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। जिसमें मुजम्मिल ने 35 व हर्षित ने 33 रनों का योगदान दिया। जीटीबी की ओर से गुरविंदर ने दो विकेट झटके। फाइनल मुकाबले को खांडेकर की टीम ने 5 विकेट से अपने नाम किया। जहां हिमांशु प्रजापति को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। जिसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजन किया गया। जहां बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार स्वाभिमान सिंह, बेस्ट बॉलर रोहित सिंह को दिया गया। इस मौके पर भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य आनंद अवस्थी ने विजेता टीम को ट्रॉफी दी। इस दौरान अजय त्रिवेदी, संजय बाजपेई, अनुराग त्रिवेदी, अमरनाथ पांडे, संतोष त्रिवेदी, एहसान इमरान, अनुज त्रिवेदी, अखिलेश निषाद, कमल दोसर, परवेज अहमद, राज भारती, सुनील निषाद मौजूद रहे।

चोरों ने दो घरों से पार किये लाखों के जेवरात व नकदी

औरास उन्नाव। थानाक्षेत्र के लसगरपुर गांव में मंगलवार रात चोरों ने दो घरों से नगदी व जेवरात समेत लाखों का सामान पार कर दिया। बुधवार सुबह पीड़ितों को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने औरास थाने में तहरीर दी है। लसगरपुर गांव निवासी रामेश्वरी पत्नी स्व. रंजन ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात घर में कोई न होने पर वह ताला बंद कर गांव निवासी अपनी देवरानी के घर सोने चली गई थी। देररात चोर उसके घर का ताला तोड़कर घुसे और कमरे में रखे बक्से व आलमारी का ताला खोलकर सोने-चांदी के जेवरात व 75 हजार रुपए नगद ले गए। इसके बाद चोरों ने पड़ोसी अरुना पत्नी कल्लू के घर को निशाना बनाया। वहां से भी चोर सोने-चांदी के जेवर और 3000 रुपए ले गए। बुधवार सुबह जगने पर उनको घटना की जानकारी हुई। पीड़िता रामेश्वरी ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। एसओ रेखा सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। घटना की जांच की जा रही है।

भाजपा के हुए बालेंद्र प्रताप, लोगों ने जताया हर्ष

नवाबगंज। निदेशक जिला सहकारी संघ लिमिटेड उन्नाव, प्रतिनिधि पीसीएफ लखनऊ व पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत उन्नाव बालेंद्र प्रताप सिंह ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष व दोनों उप मुख्यमंत्री की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा की सदस्यता लेने पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी, शिवदीप सिंह, सुशील श्रीवास्तव, दीपक सिंह, उदय भान सिंह समेत काफी लोगो ने हर्ष व्यक्त कर कहा कि इससे पार्टी मजबूत होगी।

वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के समदपुर भावा गांव निवासी राम औतार (70) की बीती मंगलवार देररात अचानक मौत हो गई। संदेह होने पर बड़े बेटे सर्वेश रावत ने पुलिस को सूचना देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की। बुधवार को हुए पोस्टमार्टम में उसकी मौत बीमारी से होने की बात सामने आई है।

रुपये दोगुने करने की बात कह कर तांत्रिक ने ठगे 40 हजार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- ठग को पकड़कर पुलिस कर रही पूछताछ

अमृत विचार। अचलगंज थानांतर्गत अपने को तांत्रिक बताकर रुपए दुगने करने का झांसा देकर एक दुकानदार से 40 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस आरोपी को पकड़कर पूछताछ कर रही है।

शुक्लागंज निवासी विमलेश ने बताया कि हड़हा निवासी राजीव उर्फ बंगाली बाबा ने उससे कहा कि वह तंत्रमंत्र से रुपए दोगुने करने की विद्या जानता है। जिस पर कथित तांत्रिक को घर बुलाकर 500-500 रुपए के 80 नोट दिए। पीड़ित ने बताया कि बंगाली बाबा ने उसके सामने कागज के टुकड़े लगा बंडल बनाकर वापस करते हुए कहा कि इसे बक्से में रख दो। सुबह सभी कागज के टुकड़े नोट में बदल जाएंगे। सुबह उठकर जब उसने बक्सा खोला तो उसमे केवल कागज के टुकड़े निकले। उसके द्वारा दिए गए 40 हजार रुपये उसमें नहीं थे। इसके बाद उसे अपने साथ हुई ठगी की जानकारी हुई।

पीड़ित ने बाबा को अन्य व्यक्तियों के रुपए दुगने करने का झांसा देकर बुलाया। कथित तांत्रिक ने उसे लोहचा मोड़ पर मिलने बुलाया। जैसे ही ठग वहां पहुंचा विमलेश ने उसे साथियों के साथ दबोच लिया और अचलगंज पुलिस को सौंपा। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि इससे पूर्व भी आरोपी पर नकली नोट के मामले में रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है।

नायब तहसीलदार ने कब्जामुक्त कराई वन विभाग की भूमि

फतेहपुर चौरासी। क्षेत्र के रुस्तमपुर गांव में वन विभाग की जमीन है। जिसमें दो वर्ष पूर्व वन विभाग द्वारा पौधे लगवाए गए थे। जिसके बाद आसपास के गांव के दबंगों ने जमीन पर लगे पौधों पर ट्रैक्टर से जुताई करा दी थी। इसके बाद वन रक्षक की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी दबंग लगातार भूमि पर कब्जा किये हुए थे। बुधवार को नायब तहसीलदार दीपक कुमार वन विभाग की टीम व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कब्जा की गई जमीन को कब्जामुक्त करवाया। वन दरोगा पप्पू ने बताया कि जमीन कब्जा मुक्त हो गई है। उच्चाधिकारियों के आदेश पर आगे का कार्य किया जायेगा।

'नकली विकास भाजपा की पूंजी'

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। मनगढ़ंत विकास और नकली आर्थिक उन्नति भाजपा की राजनीतिक पूंजी है। एमपी चुनाव में यूपी माडल और यूपी चुनाव में नकली गुजरात माडल का सपना दिखा भाजपा लगातार जनता को गुमराह कर रही है। यह बात भगवंत नगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित नुक्कड़ सभा में पूर्व सांसद व सपा की लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने कही।

उन्होंने कहा कि 10 साल पहले भारत पर विश्व बैंक का कर्ज़ा आज तीन गुना हो गया है। हमारे सालाना आर्थिक बजट से ज्यादा भारत सरकार को लिए गए कर्ज़ का ब्याज अदा करना पड़ रहा है। भाजपाई भारत को विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर बता रहे हैं। जहां तक सवाल विकास का है तो उन्नाव की जमीन पर पीएनसी व अमृत पेयजल योजना अब तक जिले में हुए विकास को नेस्तनाबूद कर विनाश की इबारत लिख रही है। अमृत योजना की पाइप लाइन बिछाने में उन्नाव व शुक्लागंज की गलियों में अब तक हुआ विकास भी ध्वस्त हो चुका है। अब गावों की गलियों की बारी है। जबकि पीएनसी के खनन ठेकेदार हरे खेत खोदकर तालाब व झील पोखर बना रहे हैं। उन्होंने बुधवार को सिकंदरपुर कर्ण के शिवसिंह खेड़ा नरी बाजार, शिवदीन खेड़ा, आंटा, सुपासी आदि गावों का दौरान किया। इस दौरान पूर्व प्रत्याशी अंकित परिहार, धर्मेंद्र यादव पूर्व जिलाध्यक्ष, वीरेंद्र शुक्ला, शिवआसरे शुक्ला आदि मौजूद रहे।

आमजन को संबोधित करतीं पूर्व सांसद व सपा से लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन।

विकास की रफ्तार | क्रासिंग शुरू होते ही पिलर पायलिंग का काम भी शुरू कर दिया गया

सीएसटीई की मौजूदगी में शुरू हुई नई सरैयां क्रासिंग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर जाम के कारण आरओबी का कार्य पिछड़ रहा था, जिसे देखते हुये नई क्रासिंग बनवाई गई थी। सिग्नल का काम पूरा होने के बाद बुधवार शाम डिप्टी सीएसटीई की मौजूदगी में नई रेलवे क्रासिंग को चालू करा दिया गया। जिससे नई क्रासिंग से वाहन सवार गुजरने लगे। अब राहगीरों को जाम से कुछ राहत मिल सकती है। वहीं रेलवे ने आरओबी का काम भी शुरू करा दिया।

सरैयां क्रासिंग के बगल में बनी नई रेलवे क्रासिंग का काम पूरा हो चुका था। सिग्नल का कार्य पूरा न होने के कारण क्रासिंग यातायात के लिये नहीं खोली गई। इधर रेलवे के अधिकारियों ने निरीक्षण किया और क्रासिंग का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिये थे। जिस पर सिग्नल एंड टेलीकॉम विभाग ने आयोध्या से फिटर मिस्त्री हृदयराम विश्वकर्मा को बुलाया था। मंगलवार को क्रासिंग के सिग्नल एंड टेलीकॉम का काम पूरा कर लिया गया। कार्य का निरीक्षण करने के लिये बुधवार शाम डिप्टी सीएसटीई विकास श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल अभियंता अमित कुमार, एसएनटी विभाग के धीरेन्द्र कुमार पहुंचे। जहां उन्होंने क्रासिंग का निरीक्षण किया।

जिसके बाद पुरानी सरैयां क्रासिंग को बंद करा दिया और नई रेलवे क्रासिंग को शाम 05:45 बजे यातायात के लिये खोल दिया गया। वहीं रेलवे ने पिलर पायलिंग का कार्य भी शुरू करा दिया है। नई क्रासिंग से यातायात चालू होने पर राहगीरों को जाम से निजात मिल सकती है।

नई क्रासिंग के खुलने के इंतजार में वाहन सवार। अमृत विचार

नई क्रासिंग से झंडी दिखाकर ट्रेन रवाना करते गेटमैन।

सरकारी स्कूलों में बच्चों को स्मार्ट कक्षाओं में मिलेगी बेहतर शिक्षा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत ग्राम प्रधानों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों की एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का बुधवार को मरहला चौराहा स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजन किया गया। जहां सिकंदरपुर सरोसी ब्लॉक के तमाम शिक्षकों, ग्राम प्रधानों को शिक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये।

कार्यशाला को संबोधित करते हुये सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिये स्मार्ट कक्षाएं शुरू कराई गई है। जिसमें शिक्षकों के साथ ही ग्राम प्रधानों का भी अहम रोल रहेगा। जिससे उन्हें अच्छी शिक्षा मिल सके। वहीं ऑपरेशन कायाकल्प निपुण भारत मिशन एवं कन्या शिक्षा आदि पर चर्चा की गई। खंड शिक्षाधिकारी मधुलिका बाजपेई ने कान्या यूपीएस देवारा कलां के स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। उत्तर प्रदेश संकुल शिक्षक संघ के महामंत्री अवनीश पाल, पवन तिवारी, श्याम सिंह, फरहद खान, विनोद वर्मा, रजम कुमार, पीयूष सिंह, प्रदीप पाल आदि रहे।

शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पंच यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए।

संपादकीय

पाकिस्तान में चुनौतियां

पड़ोसी देश पाकिस्तान की राजनीति में दो पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी दलों ने गठबंधन सरकार बनाने की घोषणा की है। पाकिस्तान में 2024 चुनाव के नतीजे राजनीति में अस्थिरता के साथ आर्थिक परेशानी और आतंकवाद बढ़ाने की ओर इशारा कर रहे थे। परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र में सरकार बनाने में देरी चिंता का कारण बन रही थी। क्योंकि पाकिस्तान में धीमी वृद्धि और रिकॉर्ड मुद्रास्फीति, बढ़ती आतंकवादी हिंसा के बीच निर्णय लेने के लिए अधिकार संपन्न के साथ एक स्थिर प्रशासन की आवश्यकता हमेशा रही है। आखिरकार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे। पीएमएल-एन 79 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है और पीपीपी 54 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है। कहा जा रहा है 8 फरवरी को घोषित चुनाव परिणामों के बाद पाकिस्तान जिस राजनीतिक गतिरोध का सामना कर रहा था, उन पर फिलहाल विराम लगा है।

हालांकि देश में बनने वाली नई सरकार को गंभीर आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ेगा, जिसमें देश का खराब आर्थिक विकास, महंगाई, बेरोजगारी के साथ-साथ एक बड़ी चुनौती है। देश का आंतरिक और बाह्य कर्ज का बोझ है, जो पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती उसके विदेशी मुद्रा भंडार में आई कमी है। 2023 की शुरुआत में उसका विदेशी मुद्रा भंडार ऐतिहासिक रूप से गिरकर केवल 3.19 अरब डॉलर रह गया था। ये रकम केवल दो सप्ताह के लिए पाकिस्तान के आयात का बिल अदा कर सकने लायक़ थी और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा सुझाए गए न्यूनतम तीन महीने के भंडार के भी नीचे चली गई थी। पाकिस्तान द्वारा लिए गए तमाम क़र्ज़ों में से 73 अरब डॉलर को 2025 तक चुकाने की चुनौती से ये नाजुक हालात और भी बिगड़ गए। पाकिस्तान पर लदे कर्ज के बोझ में से ज्यादातर हिस्सा चीन और सऊदी अरब का है। पिछले 60 वर्षों के दौरान पाकिस्तान, खुद को संकट से उबारने के लिए आईएमएफ से 22 बार मदद की गुहार लगा चुका है। अब देखना होगा कि सरकार किस तरह सबसे बड़ी चुनौती से निपटती है। अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि गठबंधन सरकार, अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए कठिन निर्णय लेने में अन्य सहयोगी दलों का समर्थन जुटा पाएगी या नहीं।

सबसे बड़ा मुद्दा बन गया राज्य बहाली का दर्जा

प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं।

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में जनप्रतिनिधियों और जनता की जब-तब की जाने वाली राज्य के दर्जे की मांग लद्दाख में भी मुद्दा बन गई है। एक महीने से ज्यादा समय से लेह और कारगिल के लोग खुद को छठी अनुसूची में शामिल करते हुए विशेष दर्जे के की मांग के साथ अपनी विधानसभा, लोकसभा सीटें दो करने और पृथक लोकसेवा आयोग के लिए आंदोलित हैं। लद्दाख अपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रतिनिधियों ने 19 फरवरी को दिल्ली में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय से इस बारे में बैठकर बात की। इस बावत दोनों पक्ष कुछ बता नहीं रहे है, लेकिन विचार-विमर्श आगे भी जारी रहना तय हो गया है।

लोकसभा चुनाव से पहले किसी भी मांग पर फैसला होने के आसार नहीं हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में छह लोकसभा सीटें हैं और राज्य बहाली की मांग चुनाव पर असर डालेगी। हालांकि केंद्र में सरकार बनने-बिगड़ने पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा फिर भी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति अछूती नहीं रहेगी। 2014 से जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं हुए है, वहीं लद्दाख में विधानसभा खत्म ही कर दी गई है। पांच अगस्त 2019 से पहले जम्मू-कश्मीर स्वायत्तशासी और पूर्ण राज्य था और लद्दाख इसका हिस्सा था।

विपक्ष से जुड़े जनप्रतिनिधियों के लिए केंद्र शासित प्रदेशों को फिर से राज्य बनाने की मांग महज चुनावी मुद्दा नहीं है। संस्कृति की रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना भी इससे जुड़ी है। लद्दाख के लोग नवंबर 2022 में भी अपनी मांगें मनवाने के लिए दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। गौरतलब है कि लेह के बौद्ध लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिलाने के लिए 30 साल तक आंदोलन कर चुके हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में भाजपा के अलावा अन्य सभी दल राज्य के दर्जा हासिल करने के लिए किसी ने किसी रूप में एकजुटता जताते रहते हैं। जनता के बीच राज्य के मुद्दे पर जद्दोजहद नहीं है। साफ मांग भाजपा के लिए बड़ी चुनावी चुनौती

> छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है।

है। जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली का आश्वासन अनुच्छेद-370 हटाने के तुरंत बाद से लगातार दिया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कहते रहे हैं कि विधानसभा चुनाव के बाद राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा।

अनुच्छेद-370 हटाने को जायज ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के थोड़े समय बाद पूर्व प्रशासनिक अधिकारी आरके माथुर के बाद लद्दाख में पूर्व सेनाधिकारी बीडी मिश्र को जिम्मेदारी सौंपना हो या फिर नौकरशाह गिरीश चंद्र मुर्मू के हाथ से कमान लेकर राजनीतिज्ञ मनोज सिन्हा को दिया जाना रणनीतिक पहल रहा है। इसके अलावा सियासी समीकरण साधने के लिए केंद्र सरकार समय-समय पर कदम उठाती रही है। स्थानीय निकाय चुनाव में अति पिछड़ों और विधानसभा में और पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जातियों में आरक्षण देना भी इसी का हिस्सा है। चूंकि लद्दाख में विधानसभा नहीं है, इसलिए राजनीतिक दृष्टि से उसकी चिंता नहीं की जाती है। तीन फरवरी को लद्दाख में बड़ा प्रदर्शन तब हुआ था, जब 16 जनवरी को केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपे गए मांग पत्र पर ध्यान नहीं दिया गया था। इस पर लद्दाख के भाजपा सांसद जामयांगा त्सेरिंग नामग्याल, भाजपा के ही पूर्व सांसद थुपस्तान छेवांग और शिक्षा व पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के कड़े रूख अपनाए जाने के बाद दिल्ली में वार्ता की सहमति बनी। कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने पर केंद्र सरकार ने जितने भी वार्ताकार नियुक्त किए, उनका कार्यक्षेत्र मुख्यतः कश्मीर ही रहा। एनएन वोहरा को जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को इसमें शामिल कर लिया था, लेकिन शांतपूर्ण-अपराधमुक्त और पर्यटन के लिए विख्यात लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया।

वोहरा 2003 में वार्ताकार बनाए गए और 2008 में राज्यपाल नियुक्त किया गया था। तिब्बत, चीन और पाकिस्तान से घिरे सामरिक महत्व के लद्दाख के लोग पूरी शिद्दत से चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। जब तक यह संभव न हो, संविधान की छठी अनुसूची के तहत उनके हित सुरक्षित किए जाएं। दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजन के समय लद्दाख के लोग बहुत खुश थे। कारण, कश्मीरी हुक्मरानों से आजादी की उनकी मांग पूरी हो गई थी। खुशी के आलम में उन्होंने यह सोचना भी मुनासिब नहीं समझा कि दिल्ली ने उन्हें विधानसभा न देकर नौकरशाहों की नीतियों और नीयत पर छोड़ दिया है। पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर की 87 सदस्यीय विधानसभा में लद्दाख के दो जिले लेह और कारगिल से चार विधायक चुने जाते थे। सरकार किसी भी पार्टी की हो, एक मंत्री अनिवार्य तौर पर रहता था। यहां के लोगों के हक-हकूक के लिए नए सिरे से एकजुट होने से नहीं लगता कि ये सिलसिला कुछ हासिल किए बिना खत्म होगा।

पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के कार्यकाल में लद्दाख को अलग मंडल बनाया गया था। इससे पहले लेह और कारगिल के लोगों को श्रीनगर के चक्कर काटने पड़ते थे। यही नहीं, पहली बार हुए आंदोलन के बीच केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के मनाली और लद्दाख के कारगिल को जोड़ने वाली शिंकूला सुरंग के निर्माण की मंजूरी दी। अभी तक हिमाचल प्रदेश से अटल टनल के जरिए ही लद्दाख पहुंचा जा सकता है। श्रीनगर-लेह के बीच जोजिला पर भी सुरंग बनाई जा रही है। छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है। 5,40,493 आबादी वाले सिक्किम में 32 सीटें हैं। लद्दाख की जनसंख्या सवा तीन लाख है। आंदोलनकारी चाहते हैं कि क्षेत्र में सरकारी नौकरियों में सिर्फ लद्दाख के युवाओं को ही नियुक्ति देने के अलावा लद्दाख के अलावा लेह और कारगिल को अलग-अलग संसदीय सीट बनाना भी उनकी मांग है। बीते दिनों उन्होंने संसदीय सीटों की मांग को विस्तार देते हुए गिलगित-बाल्टिस्तान को भारत में शामिल कर लोकसभा की सीटें दो करने का सुझाव दिया है। 2019 में लद्दाख में बौद्ध अनुयायी 45.87 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 47 फीसदी थी। बौद्धों की बहुतायत लेह में है, जबकि कारगिल में शिया मुस्लिम ज्यादा हैं। संभावना है कि आने वाले दिनों में लेह और कारगिल के अलावा नुब्रा और जांस्कार को भी जिला बनाया जा सकता है। नुब्रा और जांस्कार पहले विधानसभा सीटें थीं।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं। इस बीच लद्दाख की लगातार लड़ाई ने जम्मू-कश्मीर के अवाम को ही नहीं, नेताओं को भी अहसास करा दिया है कि राज्य के अपने अधिकार के प्रति उनकी थोड़ी सी अनदेखी वर्षों तक उनके वजूद को बदनीयती के दायरे में ले आएगा। बुनियाद की मजबूती के लिए वोट भी बड़ा हथियार है। लग रहा है कि चुनाव में मतदाता सबसे पहले अपनी मंशा पर ही मुहर लगाएंगे।

प्रसंगवश

न अदालत की परवाह और न ही जनता की चिंता

20 फरवरी को पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय ने धरना-प्रदर्शन को नागरिक का अधिकार तो कहा, लेकिन ट्रेक्टर लेकर राजमार्ग पर आने को गलत बताया। इसके बावजूद 21 फरवरी को हरियाणा-पंजाब की सीमाओं पर कई जगह किसानों के मोर्चे हजारों ट्रकों के साथ लगे थे।

हालांकि किसानों का धरना दिल्ली से कोई 247 किलोमीटर दूर हरियाणा-पंजाब की सीमा पर है, लेकिन पिछले कड़वे अनुभवों से सीख लेकर सरकार ने दिल्ली की जो किलेबंदी की है, उससे आम लोग बहुत परेशान हैं। हर दिन दफ्तर जाने वाले हों या रेल, हवाई जहाज से यात्रा करने वाले या बोर्ड के इम्तहान के लिए जा रहे बच्चे या अस्पताल जा रहे बीमार, तीमारदार एहतीयतन उठाए गए कदमों से सड़कों पर लग रहे जाम ने आवागमन का समय और परेशानी दोनों बढ़ा दी है। हालांकि भारत के कानून में दर्ज की ऐसे प्रावधान हैं जिनके अंतर्गत सड़क या रेल को रोकना दंडनीय अपराध है, लेकिन भीड़ को किसी कानून की परवाह होती ही कहां है। हाल ही में देश भर की सड़कों, राज्यों के राजमार्ग को लंबे समय तक धरना प्रदर्शन या किसी अन्य तरीकों से बाधित किए जाने की घटना से निपटने के लिए विधि आयोग ने केंद्र सरकार के समुचित कानून बनाने की सिफारिश की है। समझना होगा कि परिवहन और संचार में किसी भी तरह का व्यवधान देश की विकास गति में अवरोध होता है।

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

आयोग ने केंद्र सरकार को भेजी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सड़कों को बाधित करने वालों से निपटने के लिए समुचित कानून या फिर भारतीय दंड विधान या हाल ही में बनाए गए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में संशोधन करके प्रावधान करने की जरूरत है। विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ऋतु राज अवस्थी की अगुवाई वाली समिति ने अपनी 284 वीं रिपोर्ट में सरकार से कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों को बाधित किया जाता है तो इससे निपटने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 है और रेलवे लाइनों को बाधित करने पर रेलवे अधिनियम 1989 है और इसमें दंडात्मक प्रावधान पहले से है, लेकिन समय की मांग है कि ऐसे कानून और कड़े बनाए जाएं। लोकतंत्र में निर्णय जनता के हाथों होता है। इसका यह मतलब कतई नहीं है कि लोकतंत्र जनता के हाथों में खेलता है। चुनाव वह समय होता है जब जनता अपनी अपेक्षाओं पर खरा न उतरने वालों को कुर्सी से नीचे उतार फेंकती है, लेकिन आज हालात तो अराजकता की ओर इशारा कर रहे हैं। अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए सड़क पर आ जाओ, जाम कर दो, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाओ, प्रशासन तंत्र को बंधक बनाओ।

सरकारी आंकड़े गवाह हैं कि हमारे देश में हर साल सड़कों पर हंगामें की 56 हजार छोटी-बड़ी घटनाएं होती हैं। इनकी चपेट में आकर कोई पचास हजार वाहन बर्बाद हो जाते हैं जिनमें 10 हजार बस या ट्रक होते हैं। इस प्रकार के रोज-रोज के बंद, धरने, प्रदर्शन, जाम से आम आदमी आजिज आ चुका है। इन अराजकताओं के कारण समय पर इलाज न मिल पाने के कारण मौत होने, परीक्षा छूट जाने, नौकरी का इंटरव्यू न दे पाने जैसे किस्से अब आम हो चुके हैं और सरकार इतने गंभीर विषय पर संवेदनहीन बनी हुई है।

पुलिस का काम कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस का काम सुचारु यातायात बनाए रखना है, लेकिन जब पच्चीस, पचास लोग नारे लगाते हुए चौराहों पर लेट जाते हैं तो पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है, इंतजार करती है, लंबे ट्रैफिक जाम का या फिर स्थिति बिगड़ने का और उसके बाद अपनी चरम कार्यवाही यानी बल प्रयोग पर उतारू हो जाती है। साफ दिखता है कि पुलिस का प्रशिक्षण ऐसे हालातों से निपटने के नाम पर शून्य है। अब समय आ गया है कि विधि आयोग की सिफारिशों के अनुरूप नई बन रही भारतीय न्याय संहिता में देश के विकास में व्यवधान बनी ऐसी हरकतों को सख्ती से रोकने के लिए प्रावधान किए जाएं और इसमें संबंधित अधिकारियों को अधिक जिम्मेदार बनाया जाए। इस तरह की हरकतों में शामिल राजनेताओं पर भी कुछ पाबंदियां हों।

भू-माफिया कीट चट कर रहे खेती की जमीन

असलम कोहरा
वरिष्ठ पत्रकार, रुद्रपुर

> नाबार्ड की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है।

मौजूदा वक्त में उपजाऊ कृषि भूमि के रकबे का घटते जाना बढ़ती आबादी के लिए खाद्य आपूर्ति के मार्ग में खतरे की घंटी है। पिछले साल के मुकाबले में इस साल सरकारी भंडार में 1.38 करोड़ कम गेहूं हैं। यही नहीं 2023-24 में गेहूं का उत्पादन 10.64 करोड़ टन कम रहने का अनुमान है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के मुताबिक गेहूं बुआई के रकबे में पिछले साल के मुकाबले 4.7 लाख हेक्टेयर की गिरावट आई है। पिछले साल 91.02 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस साल घटकर 86.02 लाख हेक्टेयर रह गया है। पानी की कमी के कारण किसानों ने गेहूं की खेती कम कर दी है। केवल गेहूं का ही नहीं, धान और दालों की बुवाई का भी रकबा कम हुआ है। चिंता की बात यह भी है कि जनसंख्या के मुकाबले में खाद्यान्न उत्पादन की वृद्धि दर कम है।

आजादी के बाद देश की जनता को भरपेट भोजन मुहैय्या कराने की ज्वलंत चुनौती थी। देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाने की चुनौती को स्वीकारते हुए महान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन ने 1960 में हरित क्रांति नारा दिया। इसका आगाज तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान में उत्तराखंड) के नैनीताल जिले (वर्तमान में उधम सिंह नगर) के तराई भूभाग में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के रूप में हुआ। इसके साथ ही बांध बनाए गए, उत्तम गुणवत्ता के बीच एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई और बीज निगमों की स्थापना की गई। इन बहुआयामी प्रयासों से न केवल देश खाद्य आपूर्ति में आत्मनिर्भर बन गया, बल्कि दूसरे देशों को निर्यात करने की स्थिति में आ गया। 1991 में नई आर्थिक नीतियां लागू होने के बाद औद्योगिक क्रांति ने कृषि क्रांति को निगलना शुरू कर दिया। भू माफियाओं एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अंधाधुंध कमाई चक्कर में खादों के असंतुलित प्रयोग एवं अन्य माध्यमों से जमीन, पानी और हवा को प्रदूषित करने के साथ ही उपजाऊ कृषि भूमि की प्लॉटिंग कर भूखंड और कुकुरमुत्तों की तरह आवासीय कॉलोनियां उगाकर करोड़ों की धंधेबाजी शुरू कर दी। उधर पारिवारिक बंटवारे के बाद छोटी होती जोतों, कर्ज और खेती में घाटे के दबाव में आत्महत्या का ग्राफ बढ़ने लगा।

इससे मुक्ति पाने के लिए विवश होकर किसान भूमाफियाओं को खेत बेचने लगे। वर्तमान में पूरे देश में कॉलोनाइजर्स द्वारा बनाई जा रही कॉलोनियां हर साल हजारों हेक्टेयर कृषि उपजाऊ भूमि लीलती जा रही है। शायद ही कोई प्रांत, कोई शहर और कोई गांव इस त्रासदी से अछूता हो। इस संबंध में एक लचर दलील यह दी जाती है कि भूमि की खरीद-फरोख्त से रेवेन्यू जेनेरेट होता है। सवाल है, क्या खाद्यान्न के स्थान पर नोट खाए जा सकते हैं? विकास तो होना ही चाहिए, लेकिन खेती भी बचना चाहिए। आवासों, कारखानों एवं सड़कों के लिए उपजाऊ कृषि भूमि के बजाए बंजर भूमि को उपयोग में लाया जा सकता है। भला हो वैज्ञानिकों एवं किसानों का जोकि अपने शोध एवं तकनीकों और परिश्रम से बढ़ती आबादी का पेट भर रहे हैं, लेकिन आखिर कब तक? कृषि उपज पर अब चौतरफा मार पड़ने के संकेत मिलने लगे हैं। स्थिति ये है कि एक ओर दिनोंदिन खेती की जमीन सिकुड़ती रही है और उधर आबादी थमने का नाम नहीं ले रही। 2015 में 60.43 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि का रकबा आज घट कर 51.43 प्रतिशत रह गया है और जो कृषि भूमि बची भी है, उसकी उपजाऊ शक्ति कम होती जा रही है, साथ ही बहुरुपिए मौसम की धोखेबाजी भी एक बड़े दुश्मन के रूप में सामने आ रही है और प्रदूषण की मार अलग से है।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है। नेशनल सैंपल सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक एक किसान परिवार को खेती से केवल 3798 रुपये मासिक आय होती है। बहुत कम आमदनी होने के कारण लोग खेती ही नहीं, वरन् रोजगार के लिए गांव भी छोड़ रहे हैं। 1962 में गांवों में जो आबादी 82 प्रतिशत थी, आज घटकर 64 प्रतिशत रह गई है। कृषि पर निर्भर रहने वालों का प्रतिशत 70 से घटकर 47 रह गया है। नतीजतन जीडीपी में भी कृषि का योगदान आजादी के समय के 50 प्रतिशत से घटकर मात्र 15 प्रतिशत रह गया है। उनकी जमीनों पर भूमाफियाओं एवं भवन निर्माण व्यक्तियों एवं कंपनियों का कब्जा होता जा रहा है। ऐसे में अगर उपजाऊ कृषि भूमि यूं ही इनकी भेंट चढ़ती रही तो वह दिन दूर नहीं कि फिर से देश की जनता का पेट भरने के लिए दूसरे देशों की मोहताजी पर निर्भर रहना पड़ सकता है। सरकार को इस समस्या पर गंभीरता से मंथन करना होगा।

सोशल फोरम

गुलजार और ज्ञानपीठ

आदमी परंपरा से ग्रहण करता है और उसमें अपनी तरफ से कुछ जोड़ता भी है, जो वह जोड़ता है, वह उसकी देन है। इसकी कद्र होनी चाहिए। मिसाल हैं शेक्सपियर, जिन्होंने अपनी सारी कहानियां अपने पूर्ववर्ती रचनाकारों से लीं, लेकिन उन कहानियों के माध्यम से मानव मनोविज्ञान का और जीवन तथा जगत की समस्याओं का इतना गहन और सम्यक विश्लेषण किया कि वे आज अंग्रेजी साहित्य के, बल्कि विश्व साहित्य के, महानतम नाटककार के रूप में समादृत हैं।

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इसी तरह से, वाल्मीकि ने अपनी रामायण लिखी, बाद में इस रामायण को और राम कथा को आधार बनाकर दर्जनों कृतियों की रचना हुई और उन सभी कृतियों का अपने आप में महत्व है। इधर चर्चा चल पड़ी है कि गुलजार ने अपने बहुतेरे गीतों की पंक्तियों को यहां वहां से लिया है, (कुछ लोगों के अनुसार 'चुराया' है)। दूसरे लेखकों के विचारों या पंक्तियों को अपनी रचना में स्थान देना या प्रयोग करना एक सुनियोजित सिद्धांत और सोच के चलते भी होता है। इसमें कोई बुरी बात भी नहीं है। असली बात यह देखना है कि रचनाकार ने अपनी तरफ से इसमें क्या जोड़ा? गुलजार ने अगर अपनी रचनाओं में यहां वहां से पंक्तियां ली हैं तो यह साहित्यिक रचना-प्रक्रिया का स्वाभाविक अंग माना जाना चाहिए, न कि इसे नकल या चोरी कहना चाहिए। इस तरह की बातें उनके ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने के बाद ही इधर शुरू हुई हैं, पहले मैंने कभी नहीं सुना। भाजपा की नीतियों के प्रति अपनी असहमति और विरोध को किसी सम्मानित लेखक के खिलाफ ले जाना कहां तक वांछित है।

चर्चा को यहीं तक सीमित रख रहा हूं, क्योंकि गुलजार को मैंने लगभग नहीं के बराबर पढ़ा है। विशेष परिचय तो उनको पढ़ने वाले ही दे सकते हैं। बॉब डायलन को अगर नोबेल प्राइज मिल सकता है तो गुलजार को ज्ञानपीठ क्यों नहीं? वैसे भी चुनावों का मौसम है। इस साल इतने सारे भारत रत्न पैदा हुए हैं तो बहुत सारे ज्ञानपीठ लेखक भी पैदा हो सकते हैं। कौन जाने दो चार दिन बाद कुछ और लोगों के नाम घोषित हो जाए। शैलेंद्र और साहिर दो इसके सबसे बड़े हकदार हैं।

-फेसबुक वॉल से

क्या थे वे दिन, गीतमाला वाले

उन दिनों अमूमन अखबारों के दफ्तर में देर शाम फोन की घंटी बजती थी (तब मोबाइल नहीं जन्मा था), तो अंदेशा होता था कि 'कुछ तो हुआ होग'। मसलन ताशकंद में लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु (तड़के तीन बजे), जान कैनेडी की हत्या (आधी रात), याहया खान द्वारा भारतीय वायुसेना स्थलों पर बांग्लादेश युद्ध पर प्रथम रात वाला हवाई हमला, इत्यादि।

उस रात (दिसंबर,1966) दफ्तर में अचानक फोन की घंटी बजी। तीसरी मंजिल के रिपोर्टर कक्ष में बैठा, मैंने फोन उठाया। कोई पूछ रहा था : 'सिटी डायरी' के लिए फलां कार्यक्रम भेजा था छाप दीजिएगा'। खोजकर मैंने उन्हें बताया कि आइटम दे दिया है। उधर से वह व्यक्ति अपना नाम बताने ही वाला था कि बीच में मैंने टोका। कह दिया : 'आपको कौन नहीं पहचानता? आपकी आवाज ही आपकी पहचान है'। वे थे अमीन सयानी। उनकी दिलकश वाणी सुनकर ही मेरी स्कूली पीढ़ी वयस्क हुई थी। तभी रेडियो सीलोन पर बिनाका गीतमाला शुरू हो गई थी। बुधवार की शाम हुई कि आठ बजते-बजते रेडियो से सभी कान सटाकर बैठते थे। 'भाइयों और बहनों,'अमीन सयानी...।' उनकी उद्घोषणा का अंदाज भी निराला था। मानो श्रोता के सामने बैठकर संवाद कर रहे हों। बीन बजा रहे हों! एकदा बॉलीवुड में किस्मत आजमाने से पहले अमिताभ बच्चन रेडियो उद्घोषक बनना चाहते थे। इसके लिए वह 'ऑल इंडिया रेडियो' के मुंबई के स्टूडियो में अमीन सयानी के पास ऑडिशन देने भी गए थे। तब अमिताभ से मिलने का समय उनके पास नहीं था, क्योंकि इस युवक ने अमीन सयानी जी से वॉयस ऑडिशन के लिए पहले से समय नहीं लिया था। अमीन सयानी को याद कभी हुआ कि 'जब मैं एक हफ्ते में 20 कार्यक्रम करता था तो हर दिन मेरा अधिकतर समय साउंड स्टूडियो में गुजरता था। मैं रेडियो प्रोग्रामिंग की हर प्रक्रिया में शामिल रहता था।'

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

सयानी याद करते हैं कि एक दिन अमिताभ बच्चन नाम का एक युवक बिना समय लिए वॉयस ऑडिशन देने आया। मेरे पास उस पतले-दुबले व्यक्ति के लिए बिल्कुल समय नहीं था। उसने इंतजार किया और लौट गया। इसके बाद भी वह कई बार आया, लेकिन मैं उससे नहीं मिल पाया और रिसेप्शनिस्ट के माध्यम से यह कहता रहा कि वह पहले समय लें, फिर आएं।' हालांकि 1970 के दशक में निजी टीवी चैनलों के आने और फिल्मी गीतों की गुणवत्ता में लगातार गिरावट के कारण गीतमाला ने अपनी चमक खोनी शुरू कर दी थी। विविध भारती की जो चमक रही है, उसमें भी अमीन सयानी को ही श्रेय देना चाहिए। आकाशवाणी के संचालक समझ गए कि फिल्मी गीत धनोपार्जन का अजेय स्रोत हैं। उसे परिमार्जित कर चलाया गया। आज वह शीर्ष पर है।

अब संकल्प दिवस की आस

पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को भारत रत्न देने के बाद संसदीय संकल्प पूरा होने की आस बढ़ गई है। भारत की जम्मू-कश्मीर और लद्दाख नीति के संदर्भ में भारतीय संसद द्वारा 22 फरवरी 1994 को पारित प्रस्ताव एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक दस्तावेज है।

इसके अनुसार पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा, जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। सदन का मानना है कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकियों को हथियारों और धन की आपूर्ति के साथ-साथ आतंकियों को भारत में घुसपैठ करने में मदद दी जा रही है। सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हर संभव प्रयास करेगा। भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता और संकल्प है कि वह उन नापाक इरादों का मुंहतोड़ जवाब दे, जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हो और मांग करता है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों को खाली करे, जिसे उसने कब्जाया हुआ है। 22 फरवरी के संकल्प की भारतीय संसद को आवश्यकता क्यों पड़ी, इसके लिए पाकिस्तान अधिक्रांत भूभाग की स्थिति को समझना आवश्यक है। पाक अधिकृत भूभाग के लोग बार-बार अपने साथ उत्पीड़न की घटनाओं को विभिन्न माध्यमों से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष रखते रहे थे। पाकिस्तान की सेना पश्चिमी ताकतों के इशारे पर वहां के खनिज और प्राकृतिक संपदा का निरंतर दोहन कर रही है। वहां न सिर्फ भौगोलिक स्थिति से छेड़छाड़ की जा रही है, बल्कि सामाजिक संरचना को भी अस्त व्यस्त किया जा रहा है। यदि इतिहास में लौटें तो द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद कमजोर हो चुके ब्रिटिश अब ज्यादा समय भारत को अपने आधीन रखने की स्थिति में नहीं थे। ब्रिटेन के साथ उसका सहयोगी अमेरिका अपनी जर्जर हो चुकी आर्थिक व्यवस्था के बीच एशिया में ऐसे ठिकानों की तलाश में थे, जहां से वह अपने दुश्मन सोवियत संघ और चीन पर काबू रख सकें। जम्मू कश्मीर भूभाग उनकी इन दोनों जरूरतों पर खरा उतरता था। तत्कालीन परिस्थिति, षड्यंत्रकारी ब्रिटिश सोच और अमेरिका के आर्थिक हितों के बीच पाकिस्तान उन्हें एक मोहरे की तरह मिल गया। यदि समग्रता के साथ देखें 1947 में इस भारतीय भूभाग का ब्रिटिश और अमेरिका द्वारा तत्कालीन सोवियत संघ और चीन को नियंत्रित करने के लिए विवाद बताकर इसका अंतर्राष्ट्रीयकरण किया गया, अब वर्तमान में चीन और पाकिस्तान मिलकर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस भारतीय क्षेत्र का दोहन कर रहे हैं।

अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

हत्या के प्रयास में दो भाइयों को सात वर्ष कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

● दोनों पर अदालत ने लगाया 20 हजार रुपये का अर्थदंड

अमृत विचार। थाना सुमेरपुर कस्बे के इमिलिया थोक मोहल्ले में करीब 20 साल पूर्व पुरानी रंजिश में एक व्यक्ति पर तमंचा से गोली मारकर घायल करने के मामले में दो भाइयों को अदालत ने सात साल की सजा सुनाई है। वहीं अभियुक्तों पर 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मणिकर्ण शुक्ला व सुभाष श्रीवास्तव ने बताया कि सुमेरपुर कस्बे के इमिलिया थोक में पिछले 19 नवंबर 2004 को इदरीश खान अपने भाई सुभान के साथ बाजार से घर जा रहा था। तभी उसके पड़ोसी अभियुक्त राजू उर्फ बलवान सिंह व उसके भाई इंदल सिंह पुत्र रणधीर सिंह ने भूरेलाल के मकान के सामने तमंचा से गोली चलाई। गोली लगने से इदरीश गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया कि आरोपी पक्ष ने उनके खिलाफ झूठी डकैती का मुकदमा एसीजेएम कोर्ट में दाखिल किया था। जिस पर उन लोगों ने रिवीजन दायर किया जिसके चलते उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई थी। इसी को लेकर आरोपी पक्ष उनसे रंजिश मानने लगे।

गुरुवार को न्यायालय विशेष न्यायाधीश दप्रक्षे पीके जयंत की अदालत ने दोनों भाइयों को दोषसिद्ध पाया। अदालत ने प्रत्येक को सात वर्ष के कठोर कारावास व 10–10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

किसान, युवा, महिलाओं के दम पर जीतेंगे चुनाव: अजेंद्र

साक्षात्कार हमीरपुर- महोबा से सपा उम्मीदवार अजेंद्र सिंह राजपूत ने की अमृत विचार से बातचीत

महोबा। लोकसभा चुनाव में सपा ने हमीरपुर- महोबा- तिंदवारी संसदीय क्षेत्र से जातीय समीकरण को ध्यान में रखकर लोधी समाज के अजेंद्र सिंह राजपूत को मैदान में उतारा है। टिकट की घोषणा होते ही सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी प्रचार में भी जुट गए हैं। मोदी की गारंटी के नारे के बीच वे कैसे इस जंग में विजय दर्ज करेंगे इस मुद्दे पर अमृत विचार संवाददाता नईमुर्रहमान ने अजेंद्र सिंह राजपूत से बातचीत की। उन्होंने दावा किया कि किसान, मजदूर, युवा हर किसी का उन्हें समर्थन मिलेगा और वे चुनाव जीतेंगे। पेश है बातचीत के अंश...



2019 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन के बाद भी सपा- बसपा प्रत्याशी भाजपा से हार गया था इस बार कैसे जीतेंगे?

■ देखिए तब भाजपा के झूठे वादों और बहकावे में बुंदेलखंड की जनता आ गई थी, लेकिन पांच साल तक भाजपा की डबल इंजन सरकार ने कुछ भी नहीं किया। झूठे वादे और जुमले की इस सरकार की हकीकत मतदाता जान चुके हैं। भाजपा ने जनता को धोखा देने के अलावा कुछ नहीं किया। इसलिए अब मतदाता सपा के साथ जाएंगे और उनकी जीत को सुनिश्चित करेंगे। बैकवर्ड, दलित, अल्पसंख्यकों के अलावा सभी वर्ग के मतदाताओं का भरोसा सपा पर है। संसदीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा पिछड़े वर्ग के मतदाता हैं, इसी को देखते हुए सपा मुखिया ने पिछड़े वर्ग के प्रत्याशी को टिकट दिया है। सबका समर्थन ही हमारी जीत का आधार है।

☞ आपको कैसे लगता है कि किसान, युवा सब आपके साथ हैं?

■ चुनाव में किसानों की आय दोगुनी करने, फसल बीमा का लाभ देने के वादे किए थे, लेकिन आज तक कोई वादा पूरा नहीं किया। भाजपा सरकार ने किसानों की समस्याओं को नजरदांज कर आंखें मूंद ली हैं। एमएसपी की गारंटी देने के बजाय किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है। बेरोजगारी बढ़ी है। सभी को पता है कि हर किसी का हित सपा के साथ जाने में है।

☞ आपके नजर में पांच स्थानीय मुद्दे क्या हैं?

■ पाइपलाइन बिछाने के नाम पर घोटाला, किसानों की खाद बीज समस्या, दैवीय आपदा के समय किसानों को मुआवजा दिलाने, बिजली, सड़क जैसे प्रमुख मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगे। पांच साल तक महंगाई, बेरोजगारी, पानी, खाद बीज जैसी समस्याओं ने जूझ रही जनता अब भाजपा से ऊब चुकी है, इसका लाभ लोकसभा चुनाव में सपा गठबंधन को मिलेगा।

भाजपा ने जनता को धोखा देने के अलावा कुछ नहीं किया, मतदाता धोखे से नाराज हैं

☞ टिकट न मिलने से जो नाराज हैं उन्हें कैसे मनाएंगे?

■ समाजवादी पार्टी एक परिवार है। टिकट न मिलने से कोई भी नाराज नहीं है, बल्कि सपा मुखिया के निर्णय के बाद सपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एकजुट होकर इंडिया गठबंधन की सरकार को बनाने के लिए अभी से जुट गए हैं। सपा के सभी कार्यकर्ता, नेता सपा प्रत्याशी को जीताने के लिए एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। कंधे से कंधा मिलाकर प्रचार शुरू कर दिया है।



☞ आपको लगता है कि आपकी जीत का आधार पीडीए बनेगा?

■ भाजपा सरकार में पिछड़े, अल्पसंख्यकों और दलितों को पूरी तरह से नजरंदाज कर दिया गया है। पिछड़ों को उनके मानक के अनुरूप आरक्षण भी नहीं दिया जा रहा है, इसलिए जिसकी जीतनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी के अनुपात में पिछड़ों को आरक्षण दिया जाना चाहिए। जातिगत जनगणना करने से भी सरकार भाग रही है, इसलिए पीडीए लोकसभा चुनाव में जीत का एक बड़ा आधार बन सकता है। पिछड़ों, दलितों के लिए इस सरकार ने कुछ नहीं किया।

☞ लोकसभा चुनाव में आपके स्थानीय स्तर पर क्या मुद्दे होंगे?

■ गांव– गांव की टूटी पड़ी सड़कें, छोटे कस्बों और गांव में स्वास्थ्य केंद्र न होने से लोगों को बड़ी समस्याएं हैं। इक्का– दुक्का जगह पर स्वास्थ्य केंद्र हैं भी तो डॉक्टर नही हैं। डाक्टरों की नियुक्ति कराने का काम करेंगे। किसानों को सूखा राहत का पैसा दिलाए जाने, गांव– गांव में बिछाई गई पाइपलाइन के बाद भी घर तक पानी नहीं पहुंच रहा है, इन सारे मुद्दों को प्राथमिकता से उठाउंगा।

सीमा परिहार समेत चार को चार साल की कैद

कोर्ट ने पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया, 30 साल पहले के मामले में कोर्ट ने दिया फैसला

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिले में दस्यु सुंदरी सीमा परिहार समेत चार आरोपियों पर फिरौती के लिए अपहरण के मामले में दोष सिद्ध हो गया है। बुधवार को हुई पेशी में कोर्ट ने चारों दोषियों को चार-चार साल की सजा सुनाई। साथ ही पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। पेशी पर आने के दौरान दस्यु सीमा परिहार ने कहा कि मुझे कोर्ट पर विश्वास है, जिस तरह से न्याय मिलता आया है, अभी भी मिलेगा। जिस कार्य को मैंने किया ही नहीं, उसके लिए कोर्ट मुझे न्याय देगा।

दस्यु के रूप में आतंक का पर्याय रहीं सीमा परिहार दस्यु जीवन छोड़कर फिल्मों व टीवी के पर्दों पर सुखियां बटोरती रहीं। उन्होंने राजनीति में भी दांव आजमाए। हालांकि राजनीति में वह सफल नहीं हो सकीं। 30 साल पहले दस्यु लालाराम गिरोह के साथ सदर कोतवाली के गांव गढ़िया बक्सीराम से की गई एक पकड़ के मुकदमे में उनकी मुसीबतें बढ़ गईं। मामले में 20 फरवरी को दोष सिद्ध होने के बाद दोषियों को जेल भेज दिया गया था। बुधवार की तिथि सजा सुनाए जाने के लिए सुरक्षित की गई थी। अब उन्हें सजा सुनाई गई। अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश कुमार पोरवाल ने बताया कि 19/ 20 मार्च 1994 की रात्रि 12.30 बजे की यह घटना कोतवाली औरैया में पंजीकृत हुई थी। ग्राम गढ़िया बक्सीराम निवासी श्रीकृष्ण त्रिपाठी पुत्र रामसनेही ने रिपोर्ट लिखाई कि उसका भाई प्रमोद (25) अपने ट्यूबवेल पर खेतों में पानी लगा रहा था। तभी रात्रि 12.30 बजे 10-15 सशस्त्र बदमाश ट्यूबवेल पर आए और दरवाजा खुलवाकर प्रमोद कुमार त्रिपाठी को पकड़कर अजनपुर की तरफ चले गए। बाद में गिरोह की पहचान दस्यु लालाराम , सीमा परिहार आदि के रूप में हुई। थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ। बाद में यह पकड़ किसी तरह से गिरोह के चंगुल से छूट कर घर आई तथा दी गई जानकारी पर यह मुकदमा आरोप पत्र के आधार पर न्यायालय में सुना गया। पहले यह मामला इटावा में चला, बाद में औरैया जिला बनने पर औरैया न्यायालय ट्रांसफर हुआ। दस्यु सरगना लालाराम की मौत हो चुकी है। सीमा परिहार, रामकिशन उर्फ किशना, छोटे सिंह व अनुरुद्ध के खिलाफ दोष सिद्ध होने के बाद सजा सुनाई गई है। सीमा परिहार व उसके गिरोह के सदस्य रहे तीनों साथियों को अपहरण के मामले में कोर्ट ने चारों आरोपियों को चार-चार साल कैद और पांच-पांच हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पेशी के दौरान जिला न्यायालय में जातीं सीमा परिहार। अमृत विचार

जिला न्यायालय में पेशी के दौरान मौजूद दोषी। अमृत विचार

पीड़ित के घर के बाहर तैनात पुलिस फोर्स। अमृत विचार

अब सांसद -पूर्व मंत्री के बीच तू-तू, मैं-मैं का ऑडियो वायरल

कन्नौज। एक बार फिर से सांसद सुब्रत पाठक चर्चा में आ गए हैं। हफ्ते भर के भीतर ही उनका एक और ऑडियो वायरल हुआ है जिसमें वे पूर्व मंत्री द्वारा कन्नौज से पार्टी का टिकट मांगे जाने पर विफरते सुनाई दे रहे हैं। हालांकि अमृत विचार इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता लेकिन इसको लेकर लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं।

लोकसभा चुनाव सन्निकट है, किसी भी समय घोषणा हो सकती है। कन्नौज सीट से मौजूदा सांसद अपनी टिकट को लेकर आश्वस्त हैं और इस बारे में पूर्व में यहां पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अप्रत्यक्ष रूप से मोहर लगा चुके हैं। इस बीच बुधवार को एक ऑडियो प्रचलित हो गया जिसमें दर्जा प्राप्त पूर्व मंत्री सतीश पाल व सांसद के बीच बातचीत होने का दावा किया जा रहा है। इसमें सांसद द्वारा पाल को समझाने की बात कही जा रही है जिसमें वह मतलब पूछते हैं तो कहते हैं कि जो वे कर रहे हैं उससे भविष्य में उनका नुकसान होगा। इसमें पाल द्वारा कहा जाता है कि 'तुम्हें टिकट मिले तो तुम्हारो विरोध करें तो बतायो।'

एचटी लाइन टूटकर गिरी युवक की जलकर मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

● बाइक से दूध खरीदने जा रहा था, ग्रामीणों ने किया हंगामा

अमृत विचार। बाइक से दूध खरीदने जा रहे एक युवक के ऊपर सड़क के ऊपर से गुजरी एचटी लाइन का तार टूट कर गिरने से युवक की जलकर मौके पर मौत हो गई। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंचे एसडीएम और सीओ ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जरिया थाने के कैमोखर गांव निवासी ब्रजेश कमार यादव 42 पुत्र जागेश्वर यादव दूध बेंचने का काम करता था। बुधवार की सुबह करीब 6 बजे ब्रजेश बाइक से दूध लेने के लिए बिलगांव जा रहा था। कैमोखर बिलगांव गांव के बीच सड़क के ऊपर से गुजरी एचटी लाइन का एक तार अचानक टूटकर बाइक से जा रहे ब्रजेश के ऊपर जा गिरा। एचटी लाइन के तार के गिरते ही करंट की चपेट में आने से उसकी जलकर मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों को जब घटना की जानकारी लगी तो सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काट। मौके पर पहुंचे एसडीएम सरीला और सीओ ने ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा देते हुए शांत कराया। मृतक ब्रजेश के छोटे भाई सुरेश कुमार ने बताया कि वह तीन भाई ब्रजेश, दिनेश हैं।

पोल गिरने से घायल किसान की मौत

सुमेरपुर(हमीरपुर)। मंगलवार को आंधी–पानी के दौरान विद्युत पोल टूट कर गिरने से घायल किसान की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। क्षेत्र के पारा रैपुरा गांव का निवासी जनार्दन प्रजापति (45) मंगलवार को शाम खेतों पर मौजूद था। अचानक आंधी आने पर इसके ऊपर विद्युत पोल टूट कर गिर गया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने इसको उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत नाजुक होने पर इसको रात में ही कानपुर रेफर किया गया था। कानपुर में रात को इलाज के दौरान इसकी मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक दो भाइयों में बड़ा था।

दुष्कर्म के फर्जी मुकदमे पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, उरई

अमृत विचार। यौन शौषण का मुकदमा फर्जी पाया गया तो आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ कठोर कार्यवाही होगी। इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला में महिला कर्मियों को दी गई।

जिला विधिक सेवा आयोग के सचिव एडीजे महेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण में शामिल जिले की कार्यरत महिला कर्मियों को आगाह किया कि किसी भी परिस्थिति में किसी के खिलाफ फर्जी यौन शौषण का आरोप न लगाए और न किसी को लगाने दे। फर्जी यौन शौषण के आरोप के शिकार अधिकारियों, कर्मचारियों व आम जन के संरक्षण के लिए पॉश अधिनियम 2013 लागू किया गया है। इसके तहत फर्जी आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ कठोर कार्यवाही का प्रावधान है। अपर जिला जज सीनियर डिविजन अर्पित सिंह ने पॉश अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यौन शौषण, अश्लील हरकत, अश्लील चित्र दिखाना, अश्लील इशारा करना, अश्लील वीडियो बनाना, गलत नियत से छूना समेत कई अवांछनीयक्रियाओं को पॉश अधिनियम में शामिल किया गया है। प्रबंधक सखी वन स्टॉप सेंटर श्रीमती अंजना यादव ने अश्लील व अवांछनीय क्रिया कलापों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, साथ ही वास्तविक यौन शौषण की शिकार महिलाओं के संरक्षण के लिए आरोप सिद्ध होने पर 1 साल व अधिकतम 5 साल की सजा का प्राविधान है।

फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

पुखरायां। घाटमपुर थाना क्षेत्र के परास निवासी कामता प्रसाद ने बताया कि उन्होंने भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अमरौधा कस्बा के पटेल नगर निवासी रामू से 17 अप्रैल 2015 को अपनी पुत्री सपना (28) की शादी की थी। रामू मुंबई में रहकर काम करता है। बुधवार को उन्हें रामू के भाई पुत्तीलाल ने फोन करके बताया कि पुत्री सपना ने घर में कमरे के अंदर साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली है।

बांदा की कत्थक कलाकार गिनीज बुक में दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार : खजुराहो नृत्य महोत्सव के स्वर्ण जयंती वर्ष पर करीब डेढ़ हजार कत्थक कलाकारों ने एक साथ प्रस्तुति देकर जहां अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, वहीं इस ऐतिहासिक अवसर को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराकर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने वाद्ययंत्रों पर थाप देकर किया तो कलाकारों के पैरों की थाप ने उनके साथ ताल मिलाई।

मध्यप्रदेश के खजुराहो में आयोजित कथक महाकुंभ में शहर के स्वराज कॉलोनी में संचालित नृत्य कला गृह की संचालिका नृत्य गुरु श्रद्धा निगम समेत उनकी आठ शिष्याओं ने प्रतिभाग करके जनपद का नाम रोशन किया और अपनी कला को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराया।

नृत्य कला गृह की कत्थक कलाकारों में नृत्य गुरु श्रद्धा निगम समेत उनकी शिष्या छवि गुप्ता, शुभी गुप्ता, शैलजा पटेल, अनामिका धुरिया, आद्या तिवारी, सुप्रिया गुप्ता, स्वप्निल सक्सेना, राशिका ठाकुर शामिल रहीं।

कार्यक्रम के बाद सफलता से उत्साहित नृत्य गुरु श्रीमती निगम ने कहा कि कत्थक महाकुंभ का कार्यक्रम केवल विश्व कीर्तिमान स्थापित करने का अवसर ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश की समृद्ध कला संस्कृति को विश्व पटल पर पहुंचाने का एक शानदार मंच रहा।

बांदा की कत्थक कलाकार। अमृत विचार

कार्रवाई अपर मंडल रेल प्रबंधक ने किया स्टेशन का निरीक्षण, दूसरी कंपनी को मिलेगा ठेका, 26 को प्रधानमंत्री करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

कन्नौज रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कर रही संस्था ब्लैक लिस्टेड

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कन्नौज रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कर रही कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण काम न करने पर ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से दूसरी कंपनी को ठेका दिया जाएगा। खास बात यह है कि 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्टेशन का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे, जबकि यहां अभी तक महज दस फीसदी काम हुआ है।

बुधवार को अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने कन्नौज रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 13.50 करोड़ रुपये की लागत से हो रहे आधुनिकीकरण कार्य का निरीक्षण किया। कार्य की गुणवत्ता खराब मिलने पर उन्होंने कार्यदायी संस्था को हटाते हुए उसे ब्लैक लिस्टेड कर दिया। उन्होंने बताया कि जल्द ही टेंडर कर दूसरी कंपनी को ठेका दिया जाएगा। 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमृत भारत योजना के तहत सभी स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। कार्यदायी संस्था ने प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने में मानकों का ध्यान नहीं रखा और जांच में कार्य की गुणवत्ता भी खराब मिली। इस कारण उसे डिबार करते हुए हटा दिया गया है।

दैनिक यात्रियों ने की नई ट्रेन चलवाने की मांग: स्टेशन पर दैनिक यात्रियों ने एडीआरएम को घेर लिया और उनसे शाम को तीन बजे कन्नौज से कानपुर के लिए नई ट्रेन चलवाने की मांग की। यात्रियों ने बताया कि दोपहर बाद एक्सप्रेस ट्रेनें गुजरतीं है, जो कानपुर में मंधना, कल्यानपुर व रावतपुर स्टेशनों पर नहीं रुकतीं हैं। ऐसे में दैनिक यात्रियों को अनवरगंज उतरना पड़ता है। यात्रियों ने एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव कल्यानपुर स्टेशन पर किए जाने की मांग की। एडीआरएम राजीव अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि कानपुर-फर्रुखाबाद रेलखंड पर जल्द ही मेमू ट्रेनों को चलाया जाएगा। इस दौरान सहायक वाणिज्य प्रबंधक आईएस राना, मंडल वाणिज्य निरीक्षक राजकुमार वर्मा सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

स्टेशन के बाहर यात्रियों से बातचीत करते एडीआरएम राजीव अग्रवाल। अमृत विचार

रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करतीं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी नीतू सिंह। अमृत विचार

रेलवे ट्रैक पर मिलीं खामियां, कराया दुरुस्त

वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी नीतू सिंह ने रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन के इंटरलॉकिंग प्वाइंट को देखा तो कई खामियां मिलीं। उसे दुरुस्त कराया तथा सेक्शन इंजीनियर को प्रतिदिन इंटरलॉकिंग प्वाइंट का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। मंडल संरक्षा अधिकारी ने बताया कि स्टेशन पर ट्रैक बदलने के लिए इंटरलॉकिंग का उपयोग किया जाता है। पहले यह मैनुअली होता था, लेकिन अब इसे ऑटोमेटिक कर दिया गया है।

खड़े ट्रक से भिड़ी बाइक दो लोगों की मौत

संवाददाता रनियां

अमृत विचार। खड़े ट्रक में पीछे से बाइक भिड़ गई, जिससे बाइक सवार एक किशोर व एक युवक की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। सभी शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे। हादसा विसायकपुर के पास एक ढाबा के समाने हाईवे पर हुआ।

रनियां कस्बे के लक्ष्मीबाई नगर मोहल्ला निवासी श्रीकांत के पुत्र आदित्य गौतम (17) अपने सगे भाई अमन गौतम (22), पड़ोस के अजय गौतम (21) व ज्ञानू गौतम (20) के साथ एक बाइक में सवार होकर क्षेत्र के चिरौरा गांव निवासी अपने रिश्तेदार की बेटी के शादी समारोह में शामिल होने गए थे। मंगलवार की मध्य रात्रि में वापस घर जाते समय विसायकपुर के पास एक ढाबा के सामने हाईवे पर खड़े ट्रक में पीछे से बाइक सवार चारों युवक भिड़कर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल अकबरपुर भिजवाया। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने अजय कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि आदित्य की कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वहीं अमन को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। ज्ञानू का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

आदित्य।

अजय।

एक ही बाइक पर थे सवार

देर रात रनियां थाना क्षेत्र के विसायकपुर के पास हुई घटना में चारों एक ही बाइक पर सवार होकर घर वापस जा रहे थे। लोगों में चर्चा रही कि हादसे का कारण क्षमता से अधिक लोगों के बैठने का भी एक कारण था। अगर नियमानुसार बाइक में सवार होते तो शायद जान बच सकती थी।

अपने पुरातत्व स्वरूप में दिखेगा नैमिषारण्य: योगी

राज राजेश्वरी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया नैमिष का महत्व

संवाददाता,सीतापुर

अमृत विचार। नैमिषारण्य अपने जल्द ही पुरातन स्वरूप में स्थापित होगा जिससे हजारों लोगों को नौकरी और रोजगार नैमिष में ही मिल सकेगा। अयोध्या राम मंदिर निर्माण के दौरान लोगों की नकारात्मक देखने को मिली थी, लेकिन राम मंदिर स्थापना के बाद अयोध्या के व्यापारियों में व्यापार तीस गुना तक बढ़ गया है। उक्त बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने नैमिष स्थित स्कंदाश्रम स्थित जगदंबा राजराजेश्वरी नूतन देवालय में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान कहीं। सीएम ने आयोध्या का उदहारण देते हुए नैमिष विकास पर अधिक जोर दिया।

88 हजार ऋषियों की तपोभूमि नैमिषारण्य में बुधवार को सीएम योगी ने श्री श्री जगदंबा राज राजेश्वरी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव व नूतन देवालय के चित्तशक्ति द्वार का उद्घाटन किया। पूजन के दौरान मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी मौजूद रहे। मंदिर में पूजन के बाद मंच पर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने नैमिष के इतिहास पर बोलते हुए कहा कि नैमिष की परम्परा अपार है। सीएम योगी नैमिष में पहली बार विरोधियों पर निशाना साधे। साथ ही नैमिषारण्य को तीर्थ स्तर पर स्थापित करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कराये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के क्षेत्र काशी विश्वनाथ जब कोई जाता था तो संकरी गालियां मिलती थी। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में भव्य काशी के रूप में विराजमान है। अयोध्या राम मंदिर पर बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि न्यायालाय के फैसले पर जिस तरह से भारत के नागरिकों ने शांति का परिचय दिया है वह एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि 500 साल बाद यह रामलला अपने मंदिर में विराजमान हुए है। समाज और सरकार जब देश का विकास करती है तो देश की सूरत बदल जाती है।

ये अधिकारी रहे मौजूद: सीएम योगी के कार्यक्रम के दौरान मंडलायुक्त रोशन जैकब, एडीजी अमरेंद्र कुमार सेंगर, आईजी तरुण गाबा, डीएम अनुज सिंह, एसपी चक्रेश मिश्र, सीडीओ निधि बंसल, सहित जिले के अधिकारी मौजूद थे।

जगदंबा राजराजेश्वरी नूतन देवालय में पूजन करते सीएम योगी। अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान मौजूद जिले के जनप्रतिनिधि व श्रद्धालु। अमृत विचार

मंच पर रही इनकी मौजूदगी

मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ मंच पर एमपी के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, संत स्वामी सनमुखानंद पुरी महराज, अयोध्या से आए जगदगुरु रामानुजाचार्य सुग्रीव किलाधीश विश्वेश प्रपन्नाचार्य जी, कामदगिरी पीठाधीश्वर रामस्वरूपाचार्य महाराज, नरसिंह पीठाधीश्वर नरसिंह दास, स्वामी विद्या चैतन्य महाराज आदि लोग मौजूद रहे।

जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

सीएम योगी के कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला, मिश्रिख सांसद अशोक कुमार रावत, क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, एमएलसी पवन सिंह, सिधौली विधायक मनीष रावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक मौजूद रहे।

सनातन धर्म को बचाना होगा : सीएम

नैमिषारण्य में देश विदेश से आये श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि देश का नागरिक और सरकार दोनों जब जागरूक होंगे तो भारत दुनिया का सबसे ताकतवर देश होगा। सीएम योगी ने कहा कि शास्त्र कहता है कि धर्म से ही व्यक्ति व पशु में अंतर नहीं है। धर्म अच्छे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जब तक सनातन धर्म है, विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। सीएम ने कहा कि अगर विश्व मानवता को बचाना होगा तो सबसे पहले सनातन धर्म पर खतरा आएगा। इसलिए सनातन को बचाना होगा। सनातन धर्म का मूल यज्ञ है। उन्होंने कहा कि नैमिष क्षेत्र में नई कड़ी और नई मणि जुड़ने जा रही है।

नैमिष में ही मिलेगा लोगों को रोजगार : सीएम

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान मंच से सीएम योगी ने कहा कि नैमिषारण्य पुरातन वैभव का स्वरूप है इसे फिर से उसी स्वरूप में लाने का प्रयास किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि यहां का पुरातन वैभव पुर्नस्थापित हो जाता है तो स्थानीय हजारों नौजवानों को रोजगार प्राप्त होगा। सीएम ने अयोध्या के विकास कार्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि वह जब राम मंदिर का कार्य चल रहा था तो कुछ व्यापारियों में नकारात्मकता देखने को मिली। सीएम ने कहा कि जब वह प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहले सप्ताह में दो-तीन बार गये, तो व्यापारियों से पूछा कि कुछ लाभ भी हो रहा है या सिर्फ भीड़ ही आ रही है तो उन्होंने बताया कि हमारा व्यापार एक सप्ताह में तीस गुना बढ़ गया है।

395 करोड़ से निखरेगा प्रयागराज, अनुमोदन हुआ

महाकुंभ 2025

- प्रत्येक वार्डों में कच्ची सड़कों पर बनेगी इंटरलाकिंग

संवाददाता,प्रयागराज

अमृत विचार: महाकुम्भ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए बुधवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में बनी शीर्ष समिति की सप्तम बैठक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई। जिसमें लगभग 395 करोड़ की 21 परियोजनाओं को अनुमोदन मिला। इसमें प्रयागराज विकास प्राधिकरण की 05, नगर निगम की 02, उप्र राज्य सेतु निगम की 01, उप्र पावर कारपोरेशन लिमिटेड की 02, लोनिवि की 4 और प्रयागराज मेला प्राधिकरण की 02 परियोजनायें सम्मिलित हैं।

उप्र राज्य सेतु निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों के अन्तर्गत बेगम बाजार से भगवतपुर मार्ग तक एयरपोर्ट के समीप अर्द्धनिर्मित 02 लेन उपरिगामी सेतु को पूर्ण कराने के लिए सभी आवश्यक अनुमोदन मिल गए हैं। अब शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा । नगर निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों के अन्तर्गत शहर के स्टेक होल्डर्स से की गयी मीटिंग के पश्चात 91 वार्डों की 199 परियोजनायें प्रस्तुत की गयी थीं, जिनमें से सभी को अनुमोदन मिल गया। सभी 91 वार्डों की चिन्हित कच्ची सड़कों के अपग्रेडेशन इण्टरलाकिंग/ सीसी द्वारा सड़क का सुधार कार्य और पक्की नालियों एवं ब्रिक नालियों का निर्माण कराया जाएगा। जिले के सात घाटों के उच्चीकरण एवं सौन्दर्यीकरण के कार्यों को भी अनुमोदन मिला। इसमें बलुआघाट, अरैल घाट, मौज गिरि घाट, काली घाट, रसूलाबाद घाट, छतनाग घाट तथा नागेश्वर घाट को शामिल किया गया हैं। सौन्दर्यीकरण के अन्तर्गत घाटों पर चेन्जिंग रूम की व्यवस्था, फसाड एवं पेंटिंग, डिज़ाइनर पोलों द्वारा प्रकाश व्यवस्था, वृक्षारोपण, स्टोन रूलिंग, स्टोन बोल्डर्स, बेंच एवं डस्टविन तथा पूर्व निर्मित छतरी के सौन्दर्यीकरण का कार्य भी कराया जाएगा। शहर के तीन स्थलों पर जिसमें बक्शी बांध, मधवापुर सब्जी मण्डी और जीटी जवाहर चौराहा पर वेंडिंग जोन की स्थापना की जाएगी। तीनों स्थानों पर दुकानों हेतु स्थान आवंटन करने के साथ-साथ लाइट, रेलिंग, पेयजल एवं इण्टरलाकिंग का कार्य कराया जाएगा। वाल्मीकि एवं ब्रम्हा जी की मूर्ति स्थापना के लिए स्थल भी चिन्हित कर लिए गए हैं। अंदावा चौराहे पर वाल्मीकि जी की और लेप्रोसी चौराहे पर ब्रम्हा जी की मूर्तियां लगायी जाएगी।

जल्द शुरू होगा सप्त ऋषियों के मंदिर काम

कार्यालय, अयोध्या

अमृत विचार : राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में बुधवार को अंतिम शिखर बनाए जाने के साथ परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिर का निर्माण शुरू करने पर मंथन हुआ। इन कार्यों को मार्च के पहले सप्ताह से शुरू करने की तैयारी है। बैठक से पूर्व समिति के अध्यक्ष ने अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय का निरीक्षण किया।

समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि दो दिवसीय बैठक में मंदिर के प्रथम तल और तृतीय तल पर बचे कार्यों को तत्काल शुरू करने व परकोटे का निर्माण भी समय से पूरा करने के लक्ष्य पर मंथन हुआ है। अगले 15 दिनों में सप्त ऋषियों के मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। एलएनटी और टाटा कंसलटिंग और हमारे सभी ट्रस्ट के लोग एकजुट होकर प्रयास करेंगे कि मंदिर का निर्माण कार्य दिसंबर 2024 में पूर्ण हो जाए। उन्होंने कहा कि रामकथा संग्रहालय का संचालन जल्द शुरू करने की तैयारी है। इसके स्वरूप को लेकर मंथन हो रहा है, फिर ट्रस्ट के समक्ष रखा जाएगा सहमति मिलते ही काम शुरू हो जाएगा। ताकि काम को जल्द से जल्द शुरू किया जा सके।

ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि परिसर के अंदर जो रखरखाव की व्यवस्था होगी। उसके लिए एक विश्वस्तरीय एजेंसी चयनित करने की जिम्मेदारी टाटा कसंल्टेंसी को सौंपी गई है। बिजली, पानी, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, लिफ्ट आदि का ऑपरेशन व मेंटनेंस करने वाली कौन सी संस्था होगी, इस पर विचार हुआ। वहीं रिजर्व बैंक की संस्था मिंट के साथ ट्रस्ट का अनुबंध हुआ है।

दान में मिलने वाली सोना-चांदी व अन्य धातुओं के रखरखाव की जिम्मेदारी ट्रस्ट के निर्देशानुसार मिंट को ही करनी है। ट्रस्टी डॉ.अनिल मिश्र ने बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से भी एक अनुबंध बुधवार को हुआ है। परिसर में जितने भी दान काउंटर हैं, उसके रखरखाव के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को चुना गया है। बैठक में राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, राममंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव समेत अन्य मौजूद रहे।

रामकथा संग्रहालय का निरीक्षण करते मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र।

पत्नी के नाम खरीदी संपत्ति परिवार की

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संपत्ति विवाद के एक मामले में अति महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा कि हिंदू पति द्वारा अपनी गृहिणी पत्नी, जिसके पास आय का कोई स्वतंत्र स्रोत नहीं है, उसके नाम पर खरीदी गई संपत्ति पारिवारिक संपत्ति मानी जाएगी। बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम, 1988 की धारा 2(9)(बी) के प्रावधान (iii) के अनुसार पति द्वारा अपनी पत्नी या बच्चों के नाम पर खरीदी गई संपत्ति को बेनामी नहीं कहा जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि जब तक यह साबित ना हो कि संपत्ति पत्नी की आय से खरीदी गई थी, तब तक संपत्ति पर पूरे परिवार का अधिकार होगा। आदेश न्यायमूर्ति अरुण सिंह देशवाल की पीठ ने मृत पिता की संपत्ति पर स्वामित्व के अधिकार की अपील हुए पारित किया।

कुट्टी मंदिर के पुजारी की हत्या

संवाददाता बहराइच

- तख्त पर ही रस्सी से बंधा मिला हाथ, चेहरे पर चोट के गंभीर निशान

अमृत विचार। जनपद के मकरंदपुर गांव में स्थित भैरव दास कुट्टी मंदिर के पुजारी की अज्ञात लोगों ने हाथ बांधकर निर्मम हत्या कर दी। बुधवार शाम को खेत गए एक ग्रामीण ने शव देखा तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। एएसपी ग्रामीण ने फोरेंसिक टीम के साथ गांव पहुंच कर निरीक्षण किया है।

रामगांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी काशीराम आर्य (70) खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम मकरंदपुर में स्थित भैरव दास कुट्टी मंदिर में पुजारी थे। वह लगभग छह वर्ष से मंदिर में रहकर पूजा पाठ करते थे। मंदिर में ही निवास करते थे। बुधवार शाम को गांव निवासी राम किशुन पुत्र समयदीन अपने खेत को गए और पानी पीने के लिए भैरव दास कुट्टी चले गए। यहां पर बाबा को बिस्तर पर मृत पड़ा देखा। साथ ही उनका हाथ रस्सी से बांधा मिला। चेहरे से खून निकल रहा था। इस पर उन्होंने गांव के ग्राम प्रधान और अन्य को सूचना दी। काफी संख्या में लोग मंदिर पहुंचे। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह भी पुलिस टीम के साथ पहुंच गए। थानाध्यक्ष ने एसपी को घटना से अवगत कराया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी फोरेंसिक टीम के साथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने जांच की। पुलिस ने गांव के लोगों के बयान दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मौत दो दिन पुरानी लग रही है। जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतक के चचेरी बहू ने तहरीर दी है। केस दर्ज कर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चोरी हो गया सामान

मंदिर में रखी साइकिल, नकदी और अन्य सामान चोरी हो गया है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि लूट के बाद हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है।

आवाज न आने पर मंदिर पहुंचा किसान

मकरंदपुर गांव निवासी किसान राम किशुन अपने खेत में मवेशियों को देखने के लिए गया था। छुट्टा मवेशी न होने पर वह पानी पीने के लिए मंदिर गया और बाबा को आवाज लगाई। आवाज न आने पर उसने पास जाकर देखा तो बाबा मृत हालत में पड़े थे। इस पर उसके होश उड़ गए।

आयोग गेट पर छात्रों ने किया प्रदर्शन

पेपर लीक मामला

- सड़क पर बैठे छात्रों ने किया हंगामा - चक्का जाम

संवाददाता,प्रयागराज

अमृत विचार: समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी और पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में अब हवा लगने लगी है। रविवार को पेपर लीक होने के बाद से अलग-अलग गुटों के छात्र संगठन के माध्यम से प्रदर्शन और हंगामा कर रहे है। मंगलवार की रात के बाद बुधवार की सुबह फिर छात्रों ने आयोग गेट के पास पहुंचकर जमकर हंगामा किया। सड़क जाम करते हुए सरकार के विरोध में नारे बाजी की ।हंगामे की सूचना पहुंची सिविल लाइंस थाने की फोर्स ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह दोबारा परीक्षा कराने की मांग पर अड़े रहे। छात्रों का कहना है कि जो सरकार वीक, उसका पेपर लीक।

समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले में कई दिनों से छात्रों का प्रदर्शन और हंगामा अनवरत जारी है। बुधवार को सुबह से ही लोक सेवा आयोग गेट पर छात्रों का गुट इकट्ठा होकर प्रदर्शन और हंगामा करना शुरु कर दिया। छात्रों ने कहा जो सरकार वीक, उसका पेपर लीक। प्रतियोगी छात्र विराट यादव ने कहा कि उन्हे सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। उनकी मांगो को अभी नही मना गया है। उनकी पढ़ाई बर्बाद हो रही है। वहीं इविवि के छात्र सुनील कुमार ने कहा ये सरकार की मिली भगत है। सरकार छात्रों की मांग को नही मान रही है। हम अपना आंदोलन बंद नही करेंगे। अगर परीक्षा को दोबारा नही कराया गया तो हम छात्र विधान सभा का भी घेराव करेंगे।

सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के कामों दी मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सड़कों के चौड़ीकरण की मंजूरी, वाराणसी मेडिकल कालेज को मिली जमीन

अमृत विचार। राज्य सरकार ने कई जिलों की सड़कों के चौड़ीकरण समेत वाराणसी में मेडिकल कालेज को जमीन देने की मंजूरी दी है। साथ ही महाकुंभ मेला कार्य का पैसा खर्च करने की वित्त विभाग से अनुमति नहीं लेनी होगी। यह निर्णय कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से लिए गए हैं।

राज्य कैबिनेट मे प्रदेश के कई जिलों की सड़कों का चौड़ीकरण करने जा रही है। इसके प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी देने के साथ ही धन का आवंटन भी कर दिया गया है। प्रदेश कैबिनेट ने मुजफ्फरपुर, मेरठ व गाजियाबाद में चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग, गंग नहर की दायीं पटरी (चैनेज 51.910 से 163.400 तक) के नवनिर्माण की पुनरीक्षित लागत की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति को मंजूर कर दिया। इसके अलावा गोरखपुर में असुरन से मोहद्दीपुर चौराहा चारफाटक मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण होगा।

गोरखपुर में ही मानीराम बालापार टिकरिया गांगी बाजार मार्ग का चार लेन में चौड़ीकरण के साथ ही मिर्जापुर को भदोही जिले से जोड़ने के लिए के लिए गंगा नदी रामघाटपुर पर दीर्घ सेतु पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य के निर्माण कार्य व भूमि अध्याप्ति की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति भी दी गई है। कौशांबी पर्यटन स्थल को प्रयागराज मुख्यालय वाया एयरपोर्ट से चार लेन जोड़ने के कार्य की पुनरीक्षित प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति तथा मथुरा में कोसी-नंदगांव-बरसाना-गोवर्धन-सौरव-मथुरा व मथुरा-राया मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य की पुनः पुनरीक्षित प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति को भी मंजूरी दी गई है।

वाराणसी में नए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बनने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के अधीन मानसिक चिकित्सालय की रिक्त भूमि के अलावा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय को चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। इस प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दे दी गई। इस जमीन पर संस्था ब्राइट स्टार इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड को प्रशासनिक और आवासीय भवन, यूजी के लिए छात्रावास, इंटर्न पुरुष एवं महिलाओं के लिए छात्रावास का निर्माण करना है। फिर भवन को सरकार को हस्तांतरित किया जाएगा।इसके अलावा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय की समस्त चल-अचल संपत्ति भी चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित होगी। इस अस्पताल के समस्त कर्मचारी भी 3 साल के लिए मेडिकल कॉलेज में प्रतिनियुक्ति पर रहेंगे।

निफ्ट का केन्द्र उच्चीकृत होगा

उत्तर प्रदेश सरकार ने वाराणसी में चल रहे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी निफ्ट को उच्चीकृत करने का फैसला किया है। कैबिनेट में लाये गये प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी।

कही अपनी बात सांसद खेल स्पर्धा में विजेताओं को स्मृति ईरानी ने किया पुरस्कृत, कार्यक्रम में गांधी परिवार पर कसा तंज

मैं उस क्षेत्र से हूं जहां 5 दशक रहा गांधी परिवार का राज

संवाददाता, प्रयागराज/ कौशांबी

अमृत विचार: कौशांबी की बेटियों को सांसद खेल महाकुम्भ से नई उड़ान का अवसर मिल रहा है। बालिका खेल स्पर्धा महाकुम्भ की विशेष करे यह है कि इसमें बड़ी संख्या में हमारी बेटियां हिस्सा ले रहीं हैं। यह बातें बुधवार कौशांबी में खेल स्पर्धा कार्यक्रम में पहुंची केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहीं।

कौशांबी जिले के दौरे पर आई केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बुधवार को सांसद बालिका खेल स्पर्धा में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने खेल स्पर्धा कार्यक्रम में विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महाकुम्भ से कौशांबी की बेटियों को नई उड़ान का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सांसद बालिका खेल स्पर्धा महाकुम्भ की विशेष करे यह है कि इसमें बड़ी संख्या में हमारी बेटियां हिस्सा ले रहीं हैं। मुझे विश्वास है कि कौशांबी की यह बेटियां ऐसे ही राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगी। उन्होंने कहा कि मैं उस क्षेत्र से हू जहां लगभग पांच दशक तक गांधी परिवार का राज रहा है। इन पांच दशकों में कभी अमेठी का विकास नही हुआ है। आज मैं बहुत फक्र के साथ कहती हू कि अमेठी में 1.8 लाख परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री ने देश की महिलाओं के दर्द को समझा है। देश के करोड़ परिवारों को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत घरेलू गैस कनेक्शन, शौचालय और पक्की छत देने का काम किया है।

कार्यक्रम में पहुंची सांसद स्मृति ईरानी का स्वागत किया गया। अमृत विचार

स्मृति ईरानी की कार ने छात्रा को मारी टक्कर

प्रतापगढ़। अमेठी से उदयपुर थाना अंतर्गत अठेहा क्षेत्र से प्रतापगढ़ जाने वाले मार्ग पर मंगापुर तिराहे के पास सड़क पर साइकिल से स्कूल जा रही एक छात्रा को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से साइकिल सवार छात्रा घायल हो गई। उसे आनन-फानन में पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत ठीक बताई जा रही है। दरअसल, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे रायबरेली जिले के परशदेपुर स्थित मटियारा चौराहा पर आयोजित जनसभा में जाना था। वह बुधवार सुबह जब अमेठी से अपने घर से परशदेपुर के लिए निकलीं। केंद्रीय मंत्री का काफिला जैसे ही प्रतापगढ़ को जाने वाले मार्ग पर उदयपुर के मंगापुर तिराहे के पास पहुंचा कि साइकिल से आ रही चकिया राजापुर निवासी रामलाल यादव की पुत्री सुमन यादव को मंत्री की कार ने अचानक टक्कर मार दी। ठोकर लगने से घायल छात्रा का इलाज करवाकर घर भिजवा दिया गया। छात्रा सुमन ने कहा वह ठीक है।

राहुल गांधी के बयान पर किया पलटवार

अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर बुधवार को एक बार फिर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उनसे हम माफी की अपेक्षा नहीं करते हैं, माफी वो मांगता है जिसमें शर्म हो। प्रयागराज जाते समय स्मृति ईरानी ने कहा किस भ्रम की स्थिति में राहुल गांधी घूम रहे है ये मैं नहीं जानती लेकिन, उन्हें कोई अधिकार नहीं कि काशी, काशीवासियों और यूपी के नौजवानों का अपमान करे।

लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस को सांसद केशरी देवी ने दिखाई झंडी

संवाददाता, प्रयागराज

- स्थानीय लोगों की मांग पर प्रस्ताव पर लगी मुहर

अमृत विचार: संगम नगरी से लखनऊ जाने वाले यात्रियों को अब असुविधा नहीं होगी। इसके लिए एक नई शुरुआत बुधवार को शुरु की गई है। संगम से लखनऊ जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव अब लालगोपालगंज रेलवे स्टेशन पर भी शुरु करंव की तैयारी की जा रही है। बुधवार को फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल ने लालगोपालगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवना किया।

लालगोपाल गंज के रहने वाले लोगो को लख़नौ जाने के लिए काफी परेशान होना पड़ता था। या तो वो बस से जाते थे या फिर प्रयागराज आकर लखनऊ के लिए ट्रेन पकड़ते थे। इससे उनका समय भी खराब होता था साथी ट्रेन छुटने का भी डर बना रहता था। जिसको देखते हुए संगम से लखनऊ जाने के लिए लालगोपाल गंज में इस ट्रेन का ठहराव शुरु किया गया है। जिससे लालगोपालगंज से लखनऊ जाने वाले यात्रियों को अब परेशानियों का सामना न करना पड़े।

तो ऐसे होगा इंटरसिटी का ठहराव: लखनऊ इंटरसिटी का प्रयागराज से लखनऊ के अभी ठहराव तो था लेकिन लालगोपालगंज में ट्रेन नहीं रूकती थी। इंटरसिटी प्रयाग, कुंडा, ऊंचाहार, रायबरेली, हरचंद्रपुर, बछरावां एवं निगोहा स्टेशन पर ही रूकती थी। जिससे लालगोपालगंज के लोग परेशान होते थे। हलाकि इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग काफी समय से की जा रही थी। जिसके बाद बुधवार से ट्रेन का लालगोपालगंज में दोनों ओर से ठहराव शुरु करा दिया गया। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की तरफ से इसकी समय सारणी सूची जारी कर दी गई है। अब यह इंटरसिटी

लखनऊ से प्रयागराज संगम सुबह 10.23 बजे से 10.24 बजे यानी एक मिनट के लिए लालगोपालगंज में इसका ठहराव दिया गया है। प्रयागराज से लखनऊ जाने के लिए ट्रेन को शाम 4.12 बजे से 4.13 बजे तक लालगोपालगंज में रोकने का समय जारी किया गया है। सांसद केशरी देवी ने बताया कि लालगोपालगंज में ट्रेन के ठहराव की मांग स्थानीय लोग काफी संय से कर रहे थे। जिसके लिए प्रयास किया जा रहा था। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद यह शुरुआत की गई है। इससे यहां के रहने वाले लोगो को काफी राहत मिलेगी।

एक नजर

सीबीएसईः 10वीं हिंदी का आसान रहा पेपर

अमृत विचार लखनऊ : केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई बोर्ड सीबीएसई की परीक्षायें जारी हैं। बुधवार को दसवीं की परीक्षा में हिंदी विषय की परीक्षा छात्र-छात्राओं ने दी। परीक्षा देकर निकले छात्र-छात्राओं ने बातचीत में बताया कि प्रश्नपत्र सरल था। छात्रों ने बताया कि कुछ प्रश्नों को लंबा करके पूछा गया था जिससे हल करने में दिक्कत हुई बाकी पेपर ठीक था। सभी प्रश्न हल कर लिए हैं। बता दें कि लखनऊ के 38 केन्द्रों पर 40 हजार परीक्षार्थी परीक्षा दें रहे हैं। सीबीएसई के क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर डॉ जावेद आलम ने बताया कि परीक्षा में निगरानी के लिए सचल दल सक्रिय हैं बुधवार को भी परीक्षा दौरा कोई गड़बड़ी कि शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गये हैं कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न होने पाये।

22 को वाराणसी आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ठीक एक महीने बाद 22 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के प्रवास पर काशी पहुंचेंगे। इस दौरान उनके भव्य स्वागत की तैयारी है। लोकसभा चुनाव का शंखनाद करने के साथ वे 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे। चुनाव की घोषणा से पहले यह उनके दूसरे कार्यकाल का आखिरी दौरा होगा।

प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से बीएलडब्लू अतिथि गृह पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। उनकी अगवानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। प्रधानमंत्री 23 फरवरी को पूर्वांचल को 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें 10972 करोड़ रुपये की 23 योजनाओं का लोकार्पण और 3344.07 करोड़ रुपये की 13 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्य रूप से 23 फरवरी को तीन कार्यक्रम भाग लेंगे। सुबह बीएचयू के स्वतंत्रता भवन के कार्यक्रम में शिरक़त करेंगे। संत शिरोमणि रविदास के जन्मस्थली सीर गोवर्धन स्थित मंदिर में जाकर मत्था टेकेंगे। इसके बाद पीएम बनास काशी संकुल का औद्योगिक क्षेत्र करखियांव में उद्घाटन करेंगे। पीएम यहां जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

▸▸ लोकसभा चुनाव का करेंगे शंखनाद, 14316.07 करोड़ की 36 परियोजनाओं की देंगे सौगात

दूध की धारा पूर्वांचल के लगभग 1346 गांवों में लाएगी रोजगार

23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमूल के सबसे बड़े प्लांट बनास डेयरी का उद्घाटन करेंगे। परियोजना से करीब एक लाख लोगो को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसके शुरू होने से पूर्वांचल के किसानों व गो पालकों की आय भी दोगुनी होगी। लोग दूध के साथ मिठाई, आइसक्रीम, पनीर, खोआ, घी और अन्य मिल्क प्रोडक्ट का स्वाद चख सकेंगे। इसमें बनारस का ख़ास लौंगलता और लाल पेड़ा भी होगा। 622 करोड़ की लागत से बने इस प्लांट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 दिसंबर 2021 को किया था। बनास डेयरी अमूल इंडस्ट्रियल एरिया का निर्माण करखियांव, एग्रो पार्क में 30 एकड़ में हुआ है।

हेल्पलाइन नंबर्स के साथ लाइव मॉनीटरिंग भी की जाएगी

परीक्षार्थियों की शिकायतों का त्वरित निवारण करने के लिए दो हेल्पलाइन नंबर जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य स्तर पर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ के साथ-साथ विद्या समीक्षा केंद्र लखनऊ, परिषद मुख्यालय, प्रयागराज और 05 क्षेत्रीय कार्यालयों में भी कमांड एवं कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं। जिनसे प्रदेश के समस्त परीक्षा केंद्रों एवं जनपद स्तरीय कंट्रोल एवं मॉनिटरिंग सेंटर की लाइव मॉनीटरिंग की जाएगी।

अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने बताया कि परीक्षार्थियों एवं जनसामान्य की शिकायतों का त्वरित निवारण करने के लिए 2 हेल्पलाइन नंबर (1800 180 6607/8) तथा परीक्षार्थियों की जिज्ञासाओं के समाधान व मनोवैज्ञानिक परामर्श के लिए 2 हेल्पलाइन नंबर (1800 180 5310/12) भी स्थापित किए गए हैं। इसी प्रकार जनपद स्तर पर भी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, हेल्पलाइन व अन्य व्यवस्थाएं शुरू कराई गई हैं।

यूपी बोर्ड परीक्षा

▸▸ विद्यार्थियों को परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए चलाई गई स्पेशल बसे

ड्यूटी से गैरहाजिर कार्मिकों पर होगी कार्रवाई : शासन ने बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक एवं अन्य कार्यों के संपादन के लिए लगाई गई ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की व्यवस्था की है। विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए बोर्ड परीक्षा स्पेशल बसों, परीक्षा अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, परीक्षा केंद्रों एवं आस-पास की साफ-सफाई एवं सेनेटाइजेशन, परीक्षार्थियों, परीक्षा कार्मिकों को आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की जा रही है।

ये होगा पहली बार

- ▸▸ कक्षों में लगाए गए लगभग 3.11 लाख कक्ष निरीक्षकों को प्रशिक्षण के साथ सुरक्षित क्यूआर कोड एवं क्रमांक युक्त कम्प्यूटराइज्ड परिचय पत्र जारी किया गया है।
- ▸▸ उत्तर पुस्तिकाओं के कवर पृष्ठ पर क्यूआर कोड, क्रमांक संख्या एवं लोगो के अतिरिक्त उसके आंतरिक पृष्ठ पर भी परिषद का लोगो तथा प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या के साथ-साथ चार अलग-अलग रंगों में सिलाईयुक्त उत्तर पुस्तिकाएं मुद्रित कराई गई हैं।
- ▸▸ क्विक रिस्पॉस टीम (क्यूआरटी) गठित की गई है जो सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाकर जनसामान्य को गुमराह करने और सरकार की छवि धूमिल करने के प्रयासों की निगरानी करेगी और त्वरित कार्यवाही कराएगी।

भाजपा में शामिल हुए सपा और बसपा के कई पूर्व सांसद-विधायक

शीशराम, दानिश, कालीचरन, अवाना, कमलेश, अम्बेश, भोनूराम, छब्बू, रामप्रकाश ने हजारों समर्थकों के साथ ली भाजपा की सदस्यता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा, कांग्रेस और बसपा से तमाम दिग्गज नेताओं का भाजपा में आने का सिलसिला थम नहीं रहा है। राज्य मुख्यालय पर बुधवार को आठ ऐसे नेताओं को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने भाजपा की सदस्यता दिलाई जो कभी सांसद और विधायक रहे। इसी के साथ संगठन में भी बड़े ओहदे पर काम करने वाले और पूर्व में प्रत्याशी रहे सपा, कांग्रेस और बसपा के कई नेताओं समेत इन दलों से जुड़े तमाम पंचायत व निकाय प्रतिनिधियों ने भी हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्यमुख्यालय पर सपा के पूर्व सांसद शीश राम सिंह रवि (बिजनौर), बसपा के पूर्व पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी डॉ. दानिश कमाल, सपा के पूर्व प्रदेश महासचिव व पूर्व विधायक कालीचरन सोनकर (मीरजापुर), बसपा के पूर्व एमएलसी अनिल कुमार अवाना (गौतमबुद्धनगर), सपा के पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर (कानपुर ग्रामीण), सपा से पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी (हमीरपुर), सपा सरकार में मंत्री रहे स्व. राजेन्द्र सिंह राणा की पुत्री प्रियम्वदा राणा (सहारनपुर), सपा के पूर्व विधायक भोनूराम सोनकर (गाजीपुर), बसपा से तीन बार विधायक छब्बू पटेल (चन्दौली), सपा के पूर्व विधायक डॉ. राम प्रकाश कुशवाहा (कानपुर), सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ. ऋचा सिंह (प्रयागराज पश्चिम), फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेन्टस वेलफेयर ऐसोसिएशन के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हरिओम कठेरिया, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. हरि किशोर तिवारी (इटावा), यूपी श्रम एवं निर्माण सहकारी संघ लि. के पूर्व चेयरमेन सुशील कुमार कटियार, जिला अधिवक्ता संघ बांदा के अध्यक्ष व पूर्व सांसद स्व. रामनाथ दुबे के पुत्र राजेश कुमार दुबे, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राजेश कोरी, बहुजन समाज दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखलाल गौतम, झांसी से बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आरके अहिरवार बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

इसी के साथ भाजपा परिवार में सम्मिलित होने वालो में बसपा से उरई, जालौन के नगर पालिका अध्यक्ष विजय चौधरी, अध्यक्ष नगर पालिका बस्ती नेहा अंकुर वर्मा व उनके अंकुर वर्मा, सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जफर बेग (बरेली), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौरव नंद, सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह पटेल (मीरजापुर), बसपा से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अशोक कुमार त्रिपाठी (प्रतापगढ़), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष कुमार कुशवाहा (ललितपुर), सपा के पूर्व एमएलसी प्रत्याशी मनोज कुमार यादव (जौनपुर), पूर्व निर्दल विधानसभा ललितपुर रमेश खटीक, सपा मजदूर सभा प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन श्रेष्ठ, सपा मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रमणि राय (सोनभद्र), पूर्व प्रदेश सचिव सपा छात्रसभा विवेक यादव (जौनपुर), सपा के सुल्तानपुर जिला उपाध्यक्ष अफजल अंसारी, सपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रेनु बाला, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव मनोज सचान, आप के अनुसूचित जाति, जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश बाल्मीकि, अखिल भारतीय अयोध्या वासी युवा वैश्य महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता प्रमुख रूप से अपने समर्थको के साथ सम्मिलित हुए।

भाजपा परिवार में नगर पंचायत के अध्यक्षों में गरौठा, झांसी से डॉ. अरूण मिश्रा, मेंडू हाथरस से सचेन्द्र कुशवाहा, मुण्डरेवा बस्ती से सुनील सिंह, सादाबाद हाथरस से हेमलता, भरगेंन कासगंज से चमन खां, मोहनपुर कासगंज से पुनीत यादव, सिढ़पुरा कासगंज से कंचन गुप्ता, उसावां बदायूं से प्रियंका चौहान अपने समर्थको के साथ भाजपा परिवार में सम्मिलित हुए। इसके साथ ही बड़ी संख्या में ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य व पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण समारोह में पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया।

भाजपा मुख्यालय पर सपा व बसपा के पूर्व विधायक व सांसद को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य व अन्य। अमृत विचार

▸▸ कई दिग्गजों समेत विरोधी दलों के तमाम पंचायत व निकाय प्रतिनिधि भी बने भाजपाई

80 सीटें जीतने को मिलकर करेंगे कामः भूपेंद्र

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने विभिन्न दलों से आए नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि विभिन्न विचारधाराओं व विभिन्न राजनीतिक दलों में काम करने वाले बड़ी संख्या में जुड़ना चाहते हैं। सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही व सर्वसमावेशी भारतीय जनता पार्टी मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के लिए मिलकर काम करेगें।

रायबरेली की जनता भी उतारेगी राहुल का नशा : केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा में शामिल हुए विभिन्न दलों के नेताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि सपा-बसपा व कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों में भगदड़ की स्थिति है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी प्रदेश के युवाओ को नशेड़ी बता रहे है। 2019 में अमेठी की जनता ने उनका नशा उतारा था, अब 2024 में रायबरेली की जनता उनका नशा उतारेगी। युवाओं का अपमान करना कांग्रेस के युवराज की आदत हो गई है।

गांव में सेवाएं देने पहुंचेगी टीएमटी मेडिकल बस

अमृत विचार, लखनऊ : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोटस टीएमटी मेडिकल बस से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुविधा मिलेगी। इस बस के द्वारा नेत्र परीक्षण एवं चिकित्सा, दंत परीक्षण एवं चिकित्सा, पैथोलॉजी प्रयोगशाला, सामान्य चिकित्सा, इलेक्ट्रो कार्डियोग्राफी, एक्स-रे सहित कई सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उन्हें दूर के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। उप मुख्यमंत्री, बुधवार को राजभवन कॉलोनी स्थित सरकारी आवास पर मेडिकल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान बोल रहे थे।

आईआईटी कानपुर का होगा अपना 500 बिस्तर का अस्पतालः दुर्गा शंकर मिश्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि इनोवेशन (नवाचार) हमारे देश का नया मंत्र है। इकोसिस्टम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदेश में अंतिम छोर तक पहुंच रहीं हैं। स्टार्टअप मूवमेंट इंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देता है। इसी क्रम में कानपुर में आईआईटी द्वारा 500 बिस्तर का अस्पताल बनवाया जा रहा है।

▸▸ इलाज के साथ ही शोध को मिलेगा बढ़ावा

मुख्य सचिव, बुधवार को लोकभवन में परिवार कल्याण विभाग और एपीएसी न्यूज नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हेल्थकेयर इनोवेशन कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आईआईटी कानपुर द्वारा निर्मित अस्पताल में चिकित्सकीय सेवाओं के साथ ही शोध भी होंगे, जो कि इलाज को आसान और गुणवत्ता युक्त बनायेंगे। इसके लिए आईआईटी कानपुर और केजीएमयू के प्रोफेसर्स अभी से नए-नए उपकरणों का अनुसंधान कर रहें हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा वितरण पर टेलीमेडिसिन के परिवर्तनकारी प्रभाव की भी सराहना की।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव रंजन कुमार ने ईज ऑफ हेल्थी लिविंग को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ लेने के लिए जोर दिया। उन्होंने पोर्टल-आधारित डेटा एनालिटिक्स और 150 से अधिक अस्पतालों में 16 सीसीटीवी कैमरों के संबन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि तकनीक के द्वारा हम प्रदेश भर की स्वास्थ्य सेवाओं की 24 घंटे निगरानी रख रहें हैं।

कॉन्क्लेव में मध्य प्रदेश के डॉ. पंकज जैन समेत लखनऊ के चिकित्सा संस्थानों के अधिकारियों ने भी संबोधित किया।

लोन देने में संकोच न करें बैंक, मिलेगी हर सुरक्षा सहायता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि, बैंक लोन देने में संकोच न करें। सरकार अपनी हर योजना में ऋण दिलाने से पहले लाभार्थी का प्रशिक्षण, क्षमता वृद्धि जरूर सुनिश्चित करायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. में बैंकों का सीडी रेशियो (ऋण जमानुपात) 58.59 प्रतिशत होने पर प्रसन्नता जताते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री ने इसके लिए बैंकों को हर संभव सहायता और सुरक्षा मुहैया कराने की बात कही है। साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता का कवरेज सभी 75 जिलों तक करने के लिए मिशन मोड में काम करने का आह्वान किया है।

बुधवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद और ऊर्जावान युवा को ऋण के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में बैंकों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। लोन मेलों का यह क्रम आगे भी जारी रहे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बड़ौदा-यूपी ग्रामीण बैंक और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक को राज्यांश प्रदान किया, साथ ही 1.10 लाख किसान क्रेडिट कार्ड, 1111 बैंकिंग आउटलेट की शुरुआत की और 10 बीसी सखियों को टूल किट वितरित किये। बैठक में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सीजीएम निशा नाम्बियार की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के विस्तार पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बैंकर्स कमेटी की बैठक राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक तीन माह में और जिले में प्रत्येक माह करने के निर्देश भी दिए।

इस मौके पर समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया गांवों को अपनाने की प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया गया। बैंक इन ग्रामों में 75 स्मार्ट क्लासेज का निर्माण के साथ ही ही विकास के अनेक कार्य कराएगा।

▸▸ राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में मुख्यमंत्री ने की चालू वित्तीय वर्ष की समीक्षा

▸▸ सात सालों में 12.80 लाख करोड़ से 26 लाख करोड़ के पार पहुंचा बैंकिंग व्यवसाय

2,98,551 करोड़ का दिसंबर 2023 तक बांटा लोन

साल 2016-17 में बैंकों द्वारा राज्य में कुल 137452 करोड़ लोन बांटा किया गया था। जबकि 2022-23 में कुल 300430 करोड़ का लोन दिया गया। और दिसंबर 2023 तक 298551 करोड़ का लोन वितरित जा चुका है।

आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्र कंप्यूटर में बनेंगे दक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र अब कंप्यूटर शिक्षा में भी दक्ष होंगे। अप्रैल से आईपी फाउंडेशन की ओर से उनको कंप्यूटर का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र अध्यनरत हैं। छात्रों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण देने के लिए आईपी फाउंडेशन ने समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत को प्रस्ताव दिया। निदेशक कुमार प्रशांत ने अप्रैल से निशुल्क प्रशिक्षण देने पर सहमित जता दी है। उन्होंने बताया कि सूचना क्रांति में नए-नए परिवर्तन हो रहे हैं। छात्रों का जब कंप्यूटर की संपूर्ण जानकारी होगी तो भविष्य में उनको मदद मिलेगी। ग्राफिक डिजाइनिंग आदि भी उनके लिए कारगर साबित होगी।

वर्ग पहेली-350

बाएं से दाएं

3.1. भवन, इमारत आदि बनाने से पहले उसकी नींव में पहला पत्थर, ईंट इत्यादि रखे जाने की क्रिया, शिलान्यास 2. शिला की स्थापना 3. आरंभ, संस्थापना।

4.1. सभा 2. बैठने का कमरा 3. चौपाल 4. अधिवेशन 5. उठने और बैठने की कसरत, उठक-बैठक।

6. टोंटीदार लोटा, गड़ुआ।

7.1. देवता आदि के सामने रखा जाने वाला खाद्य पदार्थ, नैवेद्य 2. उपयोग में लाना, भोगने का भाव, उपभोग 3. संभोग, मैथुन 4. लाभ 5. सुख-दुख आदि का अनुभव करते हुए उन्हें अपने मन और शरीर पर सहन या प्राप्त करना 6. संपत्ति 7. शासन 8. भोज, दावत।

ऊपर से नीचे

8.1. चूसने की क्रिया या भाव 2. बच्चों को दूध पिलाने की शीशी 3. वह खिलौना जिसे बच्चे मुंह में लेकर चूसते हैं।

1. जंग (युद्ध) आरंभ करने की घोषणा।

2. वह पुस्तक जिसकी जिल्द मोटे कागज़ या कार्ड बोर्ड की हो।

5. शनि की पत्नी का नाम।, लड़ने वाली, झगड़ालू।



वर्ग पहेली - 349 का हल

1 बें	च	■	2 घ	■	■	■
■	■	3 तु	ड़	वा	4 ना	■
5 छ	ठी	■	घ	■	ली	■
ल	■	■	ड़ा	■	क	■
6 का	रा	गृ	ह	■	■	■
री	■	■	7 ट	कु	ली	■
■	8 ज	ड़ी	■	■	■	■

सुडोकू-67

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		6		8			1	
5			1		6		4	
9					7			2
		8	3					6
		2				9		
4			6		5	7		
			9		2			5
	7							3
	6			1		2		

सुडोकू - 66 का हल

5	6	1	9	8	3	7	2	4
4	2	8	6	5	7	3	1	9
9	7	3	4	1	2	5	6	8
1	9	5	3	2	8	6	4	7
3	4	2	7	9	6	8	5	1
6	8	7	5	4	1	9	3	2
2	1	9	8	3	5	4	7	6
7	3	4	2	6	9	1	8	5
8	5	6	1	7	4	2	9	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 13.21 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुष्य 16.43 तक तत्पश्चात आश्लेषा।

मेष — आज अफवाहों के आधार पर राय न बनाएं। करियर में उतार-चढ़ाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। लोग आपकी बातों का विरोध करेंगे। कारोबार में बदलाव का विचार कर सकते हैं। सोच-विचार कर के ही कोई निर्णय लें।

वृष — आज अपनी व्यवहार-कुशलता से अटके हुए कार्य निपटा लेंगे। पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। नए प्रेम प्रसंग पल्लवित हो सकते हैं। कारोबार में उतार-चढ़ाव होने की सम्भावना है। घर के माहौल से काफी प्रसन्न रहेंगे।

मिथुन — आज घर में किसी निर्माण कार्य की रूपरेखा बन सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों से पहले माता-पिता की सलाह अवश्य लें। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन शुभ रहने वाला है। परिवार का माहौल अच्छा और सन्तोषजनक रहेगा।

कर्क — आज परिवार के लोगों के मध्य सद्भाव बढ़ेगा। जीवनसाथी के रवैये से काफी प्रसन्न रहेंगे। मनोरंजन में काफी रुचि लेंगे। काफी ऊर्जावान रहने वाले हैं। रुके हुए कार्य सहजता से पूरे होंगे। जॉब में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

सिंह — आज संपत्ति से जुड़े विवाद उपज सकते हैं। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। रोजगार को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। व्यापार में बड़ा निवेश करने से बचें। बीमारियों में धन खर्च होगा। यात्रा सफल रहेगी।

कन्या — आज शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे। आपकी आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। परिवार का माहौल काफी अच्छा रहेगा। उच्चाधिकारी से आपकी काफी प्रशंसा होगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है।

तुला — आज नौकरी और व्यवसाय में अच्छे नतीजे मिलेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। यात्रा सुगम और बाधारहित रहेगी। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक — आज भाग्य आपका साथ देगा। नौकरी में आपका प्रभाव बढ़ेगा। धार्मिक विचारों से प्रभावित रहेंगे। बुजुर्गों के आशीर्वाद से अभिभूत रहेंगे। काम को लेकर भागदौड़ रहेगी। पुराने प्रयास लाभ देंगे। व्यस्तता पूर्ण दिन बीतेगा।

धनु — आज रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी शानदार रहने वाला है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। मन में बेवजह की चिंता हो सकती है। कुसंगति से दूर रहें वरना आपको हानि हो सकती है। वाहन चलाने में सावधानी रखें।

मकर — आज आपको समाज में काफी सम्मान मिलेगा। मानसिक तनाव कम होगा। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। जीवनसाथी से गिले-शिकवे को दूर करने के लिए दिन अनुकूल है। व्यापार को लेकर कुछ विशेष योजना बना सकते हैं।

कुंभ — आज काम पर आपका ध्यान बढ़ेगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। आपकी स्थिति काफी मजबूत रहेगी। पुराने रोग समाप्त होंगे। व्यापार में लाभ का प्रबल योग है।

मीन — आज जल्दबाजी करने से काम बिगड़ सकता है। बिजनेस पार्टनर्स से साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। प्रेमी जन के प्रति आकर्षित रहेंगे। संतान की उन्नति होने से प्रफुल्लित रहेंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। संपर्क लाभकारी साबित होंगे।

आज की फिल्में

- B4U MOVIES — परदेसी बाबू, सुबह : 10.00
- सीता और गीता, रात : 07.00
- SONY SMAX — बेफ़िक्रे, सुबह : 09.00
- स्ट्रीट डांसर थ्री डी, रात : 07.00
- SONY PIX — इट, सुबह : 11.29
- स्पाइडर मैन-2, रात : 08.45
- ZEE CINEMA — एक : द पावर ऑफ वन, सुबह : 10.30
- टॉयलेट - एक प्रेम कथा, रात : 07.30
- colors CINEPLEX — खूबसूरत, दोपहर : 12.09
- मद्रास कैफे, रात : 10.28

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अरेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी-जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

संता-ये लड़की बहुत सुंदर है।
बंता-मैं तो इसका नाम भी जानता हूं
संता- क्या नाम है? मैं उसे फेसबुक पर खोजूंगा।
बंता-यह बैंक में काम करती है इसके काउंटर पर इसका नाम अकाउंटेंट लिखा है।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,623.09	22,055.05
नुकसान	434.31	141.90
प्रतिशत में	0.59	0.64

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 980 फ्लैग 1100 डीएमओ 865 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5200-5400
अरहर	7500-8000
मसूर	5500-5600
मटर	4400-4500
उड़दहरा	10000-10200
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8500-8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	14600-14800
अरहरस्पेशल1	12100-12300
चनादाल	7200-7300
मटरदाल	5100-5200
मसूरमलका	6950-7000
मसूरदाल	6950-7000
उड़ददाल	9000-12000
उड़द धोवा	10500-13000
मूँगदाल	8800-10300
मूँग धोवा	9800-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490-1550
मैदा	1475-1520
सूजी	1500-1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430-1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5000-5050
अलसी	4500-4600 रुपये।

एफएसडीसी की 28वीं बैठक को सीतारमण ने किया संबोधित

ऐप से अनधिकृत कर्ज वितरण पर लगाम लगाएं वित्तीय नियामक

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समेत वित्तीय क्षेत्र के नियामकों से ऑनलाइन ऐप के जरिअ अनधिकृत कर्ज वितरण के प्रसार पर लगाम लगाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने को कहा। सीतारमण ने यहां 'वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद' (एफएसडीसी) की 28वीं बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने वित्तीय नियामकों से घरेलू और वैश्विक व्यापक वित्तीय स्थिति को देखते हुए उभरते वित्तीय स्थिरता जोखिमों का पता लगाने के लिए निरंतर निगरानी बनाए रखने और सक्रिय रहने के लिए भी कहा। बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एफएसडीसी ने व्यापक वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों के बारे में चर्चा की। बयान के मुताबिक, गांधीनगर के गिफ्ट सिटी स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) को दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों में से एक बनाने और घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए विदेशी पूंजी एवं वित्तीय सेवाओं को सुविधाजनक बनाने की रणनीतिक भूमिका में इसे समर्थन देने के लिए चल रहे अंतर-नियामकीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

एफएसडीसी ने एफएसडीसी के फैसलों और केंद्रीय बजट में की गई घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इन मुद्दों में केवाईसी का एकसमान मानदंड तय करना, वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी रिकॉर्ड की अंतर-उपयोगिता और केवाईसी प्रक्रिया का सरलीकरण और डिजिटलीकरण शामिल है।

महिला किसानों की आजीविका बनेगी प्राकृतिक खेती

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

बढ़ेगी आय

- हैदराबाद का राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान सखियों को देगा प्रशिक्षण
- 54 जिलों में 9368 आजीविका सखी महिला किसानों को सिखाएंगी खेती के गुर

अमृत विचार: राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की कृषि सखी 54 जिलों में महिला किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ेंगी। जो कम लागत पर गुणवत्तायुक्त फसल के साथ उनकी आजीविका बढ़ाने में मददगार बनेंगी।

फसल की तैयारी करना, बीज व मृदा परीक्षण करना, जैविक खाद नीम ऑयल बनाना, फसल का बचाव करना आदि तौर-तरीके सिखाएंगी और बुआई से कटाई तक का उन्नत खेती का प्रशिक्षण देंगी। इससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा और महिला किसानों की आय बढ़ेगी। कृषि मंत्रालय की इस योजना में सखियों को हैदराबाद के राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान द्वारा जिलों पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण देकर प्रमाणित किया जाएगा।

अब पशु व कृषि सखी बनी आजीविका सखी: पहले पशु व कृषि सखी अलग-अलग होती थीं। दोनों को समायोजित करके आजीविका सखी नाम दिया गया है। इन्हें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अपने स्तर से प्रशिक्षित करता था। लेकिन, और बेहतरी के लिए अब कृषि विभाग विशेष प्रशिक्षण दिलाएगा। यह प्राकृतिक खेती के साथ पशु पालन की दिशा में भी काम करेंगी। क्योंकि ज्यादातर किसान पशु पालन करते हैं। प्रदेश में करीब 3300 आजीविका सखी हैं। मिशन 54 जिलों के लिए 9368 आजीविका सखी को एक सप्ताह में चयनित करेगा।

केंद्र की योजना में ये जिले: बरेली, लखनऊ, शाहजहांपुर, सहारनपुर, बिजनौर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, महोबा, आगरा, अलीगढ़, अंबेडकर नगर, औरैया, आजमगढ़, बागपत, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोरखपुर, झांसी, मैनपुरी, मथुरा, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, संभल, संत रविदास नगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी।

ये होंगे मुख्य कार्य

- मृदा प्रबंधन की जानकारी देना
- स्वास्थ्य व केसीसी कार्ड बनवाना
- एकीकृत पोषण प्रबंधन पर जागरूक करना
- कृषि यंत्रीकरण व बीज उत्पादन कराना
- मौसम व रोग-कीट से फसलों का बचाव।

"देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे

-दीपा रंजन, मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,050
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,900
गिन्नी (प्रति नग)	47,600-47,800
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,000
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,700
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,900
सोना जेवरात गिन्नी	63,400
चांदी पक्की	723 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	73,000।

भारत में 2024 में कर्मचारियों का वेतन 9.5 प्रतिशत बढ़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- नैसकॉम-एऑन पीएलसी के सर्वेक्षण में लगाया अनुमान

भारत में इस साल कर्मचारियों के वेतन में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। यह 2023 की वास्तविक वेतनवृद्धि 9.7 प्रतिशत से थोड़ा कम है।एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन पीएलसी के वार्षिक वेतनवृद्धि व कारोबार सर्वेक्षण 2023-24 भारत के अनुसार, वैश्विक महामारी के बाद 2022 में उच्च वेतनवृद्धि के बाद भारत में वेतन वृद्धि एक अंक यानी 10 प्रतिशत से कम पर स्थिर हो गई है। सर्वेक्षण में करीब 45 उद्योगों की 1,414 कंपनियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। भारत में एऑन में प्रतिभा समाधान के साझेदार एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी रूपांक चौधरी ने कहा कि भारत के संगठित क्षेत्र में वेतन में अनुमानित वृद्धि उभरते आर्थिक परिदृश्य के सामने एक रणनीतिक समायोजन का संकेत देती है। उन्होंने कहा-बुनियादी ढांचे और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों की वृद्धि मजबूत है। यह कुछ क्षेत्रों में लक्षित निवेश की आवश्यकता का संकेत देता है।

जीडीपी वृद्धि कम होकर छह प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सितंबर तिमाही के 7.6 प्रतिशत की तुलना में नरम पड़कर छह प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इक्रा रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से वृद्धि दर में यह सुस्ती आने की आशंका है। इसके साथ ही इक्रा ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) वृद्धि छह प्रतिशत तक कम होने का अनुमान है।

भारत को हर साल 9-10 % की वृद्धि की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत बोले

जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने बुधवार को कहा कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए इसे तीव्र गति से बढ़ने की जरूरत है।

कांत ने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन की तरफ से यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत को अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले तीन दशक तक सालाना नौ-10 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। अब जापान, ब्रिटेन एवं जर्मनी सभी देशों के मंदी के दौर में चले जाने पर हमें इस काम को और अधिक तेजी से कर पाने में सक्षम होना चाहिए।'' फिलहाल भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार मौजूदा मूल्य के आधार पर 31 मार्च, 2024 तक लगभग 3.6 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान है। नीति आयोग के पूर्व प्रमुख कांत ने कहा, ''भारत को तीव्र गति से बढ़ने और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए महत्वाकांक्षी होना महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा कि भारत उस समय से काफी आगे बढ़ चुका है जब उसे बहीखाते की समस्याओं का सामना करना पड़ा था। कांत ने कहा कि पश्चिमी देशों में सारे नवाचार गूगल, फेसबुक, अमेजन और एप्पल जैसी कंपनियों से आए। इसके उलट भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की ताकत को दर्शाया है।

राष्ट्रीय

किसान की मौत के बाद हरियाणा पर भड़के मान

कहा-पोस्टमॉर्टम के बाद मामला दर्ज किया जाएगा और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि वह पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक युवा किसान की मौत से दुखी हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मान ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''पोस्टमॉर्टम के बाद मामला दर्ज किया जाएगा। किसान की मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

संगरूर-जींद सीमा पर खनौरी में बुधवार को पुलिस और किसानों के बीच हुई झड़प के दौरान शुभकरण सिंह (21) नामक एक किसान की मौत हो गई। पंजाब-हरियाणा सीमा पर शुभकरण सिंह की मौत के साथ ही कुछ अन्य घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब प्रदर्शनकारियों ने अपना 'दिल्ली चलो' आंदोलन फिर से शुरू किया और हरियाणा पुलिस ने शंभू तथा खनौरी सीमा पर अवरोधक तोड़ने के प्रयासों को विफल करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुभकरण की मौत पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, पंजाब के नौजवान शुभकरण की मौत बेहद दुखदाई है। क्या इसी दिन के लिए हमने आजादी की लड़ाई लड़ी थी कि एक दिन अपने ही देश में हमारे द्वारा चुनी हुई सरकारें हमारे ही बेटों को अंग्रेजों की तरह शहीद कर देंगी? उन्होंने कहा-हम पूरी तरह से शुभकरण के साथ हैं और उनके कातिलों को कड़ी सजा दिलवाएंगे। मान ने कहा कि कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। हालांकि उन्होंने खनौरी की घटना के संदर्भ में हरियाणा पुलिस पर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि किसान अपनी मांगों को लेकर राजधानी क्यों नहीं जा सकते। कहा-हरियाणा ने उन्हें क्यों रोका? वे शांतिपूर्ण तरीके से हरियाणा की सीमाओं पर पहुंचे, अगर हरियाणा सरकार ने उन्हें नहीं रोका होता, तो वे राष्ट्रीय राजधानी की ओर जा सकते थे, जहां वे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करते।

इतिहास एक दिन किसानों की हत्या का हिसाब जरूर मांगेगा

नई दिल्ली। अध्यक्ष राहुल गांधी ने खनौरी बॉर्डर पर गोलीबारी में एक किसान की मौत की घटना पर बुधवार को दुख जताया और दावा किया कि इतिहास एक दिन भाजपा से किसानों की हत्या का हिसाब जरूर मांगेगा। वहीं, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के 10 साल किसानों के लिए "पीठ पर लात और पेट पर लात" की तरह रहे हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "खनौरी बॉर्डर पर युवा किसान शुभकरण सिंह की फायरिंग में मौत की खबर हृदयविदारक है, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। पिछली बार 700 से अधिक किसानों का बलिदान लेकर ही माना था मोदी का अहंकार, अब वो फिर से उनकी जान का दुश्मन बन गया है।

दिल्ली में आग से बचने के लिए महिला चौथी मंजिल से कूदी, मौत

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के द्वारका में बुधवार को एक आवासीय इमारत में लगी आग से बचने के लिए उसकी चौथी मंजिल से कूदने पर 83 साल की एक महिला की मौत हो गई और एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान जासुरी देवी के रूप में हुई है और घायल महिला की पहचान 30 वर्षीय पूजा पंत के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि एक आवासीय इमारत में आग लगने की सूचना मिली और दलों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-बचाव कार्य के लिए मामले की जानकारी अग्निशमन अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें द्वारका के सेक्टर 10 इलाके में पैसिफिक अपार्टमेंट स्थित एक फ्लैट में आग लगी थी, तभी यह घटना हुई।

बारामूला : उरी में नियंत्रण रेखा पर कमान पोस्ट पर अमन सेतु पुल की यात्रा के दौरान पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर पत्नी अंजलि तेंदुलकर और बेटी सारा तेंदुलकर के साथ पहुंचे। ● एजेंसी

एक नजर

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग आंशिक रूप से खोला गया

जम्मू। रामबन जिले में एक के बाद एक भूस्खलन की वजह से पिछले दो दिनों से बंद 270 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार अपराह्न यातायात एक तरफ से बहाल कर दिया गया। यातायात विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भूस्खलन और पहाड़ियों से पत्थर गिरने के बाद सोमवार सुबह राजमार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था।

बिहार में सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत

लखीसराय। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के लखीसराय जिले में एक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में मोदी ने कहा, ''बिहार के लखीसराय में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे

जयपुर, एजेंसी

- भजनलाल शर्मा ने जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया फैसला

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे और लाल बत्ती पर भी रूकेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह फैसला अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान बार-बार लगने वाले ट्रैफिक जाम से आमजन को राहत दिलाने और जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया है।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान आम आदमी और गंभीर रोगियों को होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने बुधवार को यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को राजस्थान के पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू को इस फैसले के संबंध में निर्देश दिये। हालांकि, मुख्यमंत्री को प्रदान किया गया सुरक्षा घेरा यथावत जारी रहेगा। पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू ने बताया-मुख्यमंत्री को प्रदान की गई सुरक्षा कवर में कोई बदलाव नहीं होगा। अति विशिष्ट व्यक्ति की आवाजाही के दौरान नयी व्यवस्था का निर्णय आम लोगों और मरीजों को होने वाली यातायात समस्याओं के मद्देनजर लिया गया है।

लाल बत्ती पर रुकेगा मुख्यमंत्री का काफिला: राजस्थान में अब मुख्यमंत्री का काफिला भी आमजन की तरह यातायात की लालबत्ती पर रुकेगा। राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने यह संवेदनशील निर्णय लिया है और वह अब आम राहगीर की तरह यातायात में चलेंगे। शहर में उनके काफिले के निकलते समय आमजन को होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री ने लाल बत्ती पर अपना काफिला रुकवाने का फैसला किया है। श्री शर्मा ने पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू से कहा था कि उनके काफिले की वजह से यातायात रोक दिए जाने से आम लोगों को परेशानी होती है।

गरीब कैदियों को जमानत के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित

नई दिल्ली,एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को जारी किया पत्र

गृह मंत्रालय ने उन गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो अपनी जमानत राशि का भुगतान करने में नाकाम रहने की वजह से जेल में बंद हैं। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को लिखे एक पत्र में कहा कि केंद्र सरकार से राज्य मुख्यालयों तक धन के निर्बाध प्रवाह के लिए प्रत्येक राज्य को एक समर्पित खाता खोलना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को धन वितरित किया जा सके।

पत्र के मुताबिक-गृह मंत्रालय ने वार्षिक 20 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है, जिसका इस्तेमाल राज्य और केंद्रशासित प्रदेश गरीब कैदियों को जेल से रिहाई के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के रूप में कर सकते हैं।'' पत्र में बताया गया कि योजना के उचित कार्यान्वयन और धन के निर्बाध प्रवाह के लिए राज्यों को इस संबंध में कई कदम उठाने के लिए कहा गया है।

मणिपुर के चुराचांदपुर में इंटरनेट सेवा निलंबन आदेश 26 तक बढ़ाया गया

इंफाल। मणिपुर सरकार ने चुराचांदपुर जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं का निलंबन आदेश पांच दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। एक पुलिसकर्मी के निलंबन के बाद इलाके में हिंसा भड़क गई थी और मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मुख्य सचिव विनीत जोशी द्वारा जारी गृह विभाग के एक आदेश में कहा गया है, राज्य सरकार ने चुराचांदपुर जिले में मौजूदा कानून- व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद जिले के पूरे राजस्व क्षेत्र में वीपीएन के माध्यम से दी जाने वाली इंटरनेट सेवाओं का निलंबन जारी रखने का फैसला किया है।

जम्मू-कश्मीर में दम घुटने से दो भाइयों की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा जिले के एक मदरसे में ठंड से बचाव के लिए कमरे में जलाए गए अलाव के धुंए से दम घुटने से दो भाइयों मौत का मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह घटना बांदीपोरा जिले के अस्तेंगो इलाके के फैज-उल-आलूम मदरसा में कल रात उस समय हुई जब एक रसोईया अपने दो बच्चों के साथ रात को सोने से पहले ठंड से बचाव के लिये कमरे में कोयले की अंगीठी जलाए हुए था। बाद में तीनों सो गये और कमरा धुएं से भर गया। इसमें रसोइया बेहोश पाया गया और दोनों बच्चे मृत पाये गए।

अत्याचार के मामले में ममता ने पूर्ववर्ती सरकार को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

संदेशखालि मामला

- पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और टीएमसी नेताओं की आलोचना

भाजपा ने बुधवार को दावा किया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने पश्चिम बंगाल के लोगों पर अत्याचार के मामले में पूर्ववर्ती वामपंथी दलों की सरकार को पीछे छोड़ दिया है और लोकसभा चुनाव में जनता राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को करारा जवाब देगी। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न का मुद्दा उठाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की आलोचना की और इस मामले पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाए।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में प्रसाद ने कहा, ''संदेशखालि मुद्दा बहुत गंभीर होता जा रहा है। महिलाओं पर हमला, उनके साथ अमपानजनक व्यवहार और उनका यौन शोषण हमारे समाज और लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है।'' भाजपा नेता ने राज्य में इस तरह की घटनाओं का बचाव करने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और उनकी एवं अन्य विपक्षी पार्टियों की अंतरात्मा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ''जब ममता बनर्जी माकपा के अत्याचारों के खिलाफ (अतीत में) संघर्ष करती थीं और इसके खिलाफ अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठती थीं तब हम सभी उनके प्रशंसक बन गए थे और उनके संघर्ष की सराहना किए करते थे। ज्यादती और पुलिस दमन के मामले में मौजूदा सरकार ने तत्कालीन माकपा शासन को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है। उनकी अंतरात्मा कहां है?

प्रसाद ने कहा, ''ममता जी आपको जवाब देना होगा। ममता जी आपको इसकी कीमत चुकानी होगी। जनता आपको राजनीतिक जवाब देगी। कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर सुंदरबन की सीमाओं पर स्थित संदेशखालि इलाके में स्थानीय महिलाओं द्वारा फरार तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां और उनके समर्थकों पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रसाद ने संदेशखालि मुद्दे पर नहीं बोलने के लिए कांग्रेस, आप, वाम दलों और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की निंदा की और कहा कि उनकी चुप्पी उनके 'पाखंड और स्पष्ट दोहरे मापदंडों' का सबूत है।

जायसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में

इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से 15वें स्थान पहुंचे

दुबई, एजेंसी

युवा भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में पहुंच गये। वह अभी बल्लेबाजी रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज हैं। जायसवाल लगातार दो टेस्ट में दोहरे शतक जड़ने वाले सात क्रिकेटरों की जमात में शामिल हो गए।

जायसवाल इस तरह विनोद कांबली और विराट कोहली के बाद लगातार दो टेस्ट शतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय हैं। जायसवाल ने विशाखापत्तनम में

दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 209 रन जड़े। फिर राजकोट में दूसरी पारी में नाबाद 214 रन की पारी खेलकर उन्होंने भारत को इंग्लैंड पर 434 रन की बड़ी जीत दिलाई, जिससे घरेलू टीम ने श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि राजकोट में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे रविंद्र जडेजा भी पहली पारी में 112 रन की शतकीय पारी की बदौलत बल्लेबाजी रैंकिंग में 41वें से 34वें स्थान पर पहुंच गए। जडेजा ने मैच में 7 विकेट झटके थे, जिससे वह गेंदबाजी रैंकिंग में 3 पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गये। राजकोट में 500 टेस्ट विकेट के क्लब में शामिल हुए अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन एक पायदान ऊपर चढ़कर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गये।

जडेजा और अश्विन टेस्ट आल राउंडर रैंकिंग में पहले दो स्थानों पर कायम हैं। जडेजा ने आल राउंडर सूची में 416 से 469 की करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग से अपना स्थान मजबूत किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने राजकोट में पहली पारी में 131 रन बनाए थे। शुभमन गिल (91) 3 पायदान के लाभ से 35वें स्थान पर पहुंच गए। सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने रैंकिंग में 75वें और 100वें स्थान से प्रवेश किया। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं लेकिन वह सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड बेन डकेट पहली पारी में 153 रन की मदद से 12 पायदान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के केन वेलियमसन ने बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ा था जिससे वह सात टेस्ट में सातवें सैकड़े से अरविंद डा सिल्वा, मोहम्मद युसूफ और क्लाइड वालकॉट के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों की जमात में शामिल हो गये।

खराब फॉर्म में चल रहे बेयरस्टो को बाहर करने की कुक ने दी सलाह

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने भारत के खिलाफ रांची टेस्ट से विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को टीम से बाहर रखने की सलाह दी जो अभी तक श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। बेयरस्टो का भारत के खिलाफ श्रृंखला में प्रदर्शन काफी खराब रहा है। वह छह पारियों में शून्य, चार, 25, 26, 37 और 10 का स्कोर ही बना सके हैं, वहीं उनका औसत भी 17.00 रहा है। कुक ने

कहा, मैं खिलाड़ी के हित के लिए उसे बल्लेबाजी लाइन अप से बाहर करने की बात कह रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि अभी तक भारत का दौरा उसके लिए मुश्किल रहा है। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह फिर कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेगा, लेकिन अच्छा है कि ऐसे किसी खिलाड़ी को उतारा जाये जो अभी तक इस श्रृंखला में नहीं खेला हो। कुक ने बेयरस्टो की जगह डैन लारेंस को शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब आप रन नहीं जुटा रहे हो तो कुछ गेंदबाज आपके खिलाफ दबाव बनाकर लय बना लेते हैं इसलिए मैं डैन लारेंस को मौका दूंगा, लेकिन एक अन्य पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को लगता है कि इंग्लैंड टीम प्रबंधन बेयरस्टो का समर्थन करना जारी रखेगा। एथरटन ने कहा कि बेयरस्टो इस श्रृंखला के लिए अहम रहा है इसलिए मुझे नहीं लगता कि इस अहम मौके पर उसे छोड़ देंगे।

खेल डायरी

शीर्ष 100 से बाहर हुए सुमित नागल

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल 16 अंक गंवाने के कारण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए हैं। नागल एटीपी की नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीन पायदान नीचे 101वें स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल इसी सप्ताह नागल ने एक क्वालीफायर के रूप में चेन्नई चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण 41 अंक हासिल किए थे। नागल को इन अंकों का बचाव करना था लेकिन वह पिछले सप्ताह बेंगलुरु ओपन में केवल 25 अंक ही हासिल कर पाए। नागल ने इस साल चेन्नई ओपन का खिताब जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले भारत के कुछ खिलाड़ियों में अपना नाम लिखाया था। नागल अभी पुणे चैलेंजर में खेल रहे हैं। एकल में भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन हैं जो 42 पायदान की लंबी चलांग लगाकर 420वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके बाद शशि कुमार मुकुंद (457), एसडी प्रज्वल देव (595) और दिग्विजय प्रताप सिंह (623) का नंबर आता है। रोहन बोपन्ना युगल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं।

टखने की चोट से रियो ओपन से हटे अल्कराज़

रियो डी जनेरियो। दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज टखने की चोट के कारण रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं। पहले सेट में जब स्कोर 1-1 से बराबरी पर था तब अल्कराज को कोर्ट छोड़ना पड़ा। इससे ब्राजील के थियागो मोंटेइरो दूसरे दौर में पहुंच गए। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला हमवतन फेलिप मेलिगेनी अल्वेस से होगा। पहले गेम के शुरू में ही अल्कराज का टखना मुड़ गया लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मोंटेइरो की सर्विस तोड़ी। ब्राजील के खिलाड़ी ने हालांकि अगले गेम में हिसाब बराबर कर दिया। इसके बाद अल्कराज़ ने मोंटेइरो से हाथ मिलाया और कोर्ट से बाहर चले गए।

अमेरिका महिला फुटबॉल टीम 5-0 से जीती

कार्सन (अमेरिका)। ओलिविया मोल्ट्री के किए गए दो गोल की मदद से अमेरिका की महिला फुटबाल टीम ने शुरूआती कोंकाकाफ (उतरी, मध्य अमेरिका और कैरेबियाई देशों के फुटबॉल संघ का परिसंघ) महिला गोल्ड कप टूर्नामेंट के मैच में डोमिनिक गणराज्य को 5-0 से शिकस्त दी। ओलिविया (18 वर्ष) ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपना तीसरा मैच खेलते हुए मंगलवार की रात सातवें मिनट में और 58वें मिनट में दो गोल किए। अमेरिका के लिए अन्य तीन गोल लिन विलियम्स ने 30वें, जेना निग्सवोंगर ने 86वें और एलेक्स मोर्गन ने 90+2वें मिनट में किए। टूर्नामेंट में चार चार टीम के तीन ग्रुप हैं।

डब्ल्यूटीटी टीम चैंपियनशिपः भारतीय टीमें प्री क्वार्टरफाइनल में

बुसान (दक्षिण कोरिया)। हरमीत देसाई के निर्णायक पांचवां मैच जीतने से भारतीय पुरुष टीम बुधवार को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी जबकि महिला टीम ने 3-0 की आसान जीत से विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अंतिम 16 चरण में प्रवेश किया। पुरुष टीम को कजाखस्तान को 3-2 से हराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी लेकिन महिला टीम ने इटली को आसानी से 3-0 से शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष टीम अब मजबूत दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी जबकि महिला टीम का सामना बुधवार को चीनी ताइपे से होगा। हरमीत पहले मैच में किरिल गेरासिमेंको से 2-3 से हार गए जिसके बाद सीनियर साथी और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शरत कमल ने अलान कुरमांगालियेव से दो गेम पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से हराकर भारत को बराबरी पर ला दिया। जी साथियान ने फिर 3-1 की आसान जीत से भारत को 2-1 से आगे कर दिया। शरत कमल हालांकि अपना दूसरा एकल मैच में किरिल से 1-3 से हार गये। निर्णायक मैच में हरमीत ने संयम बनाये रखा और 3-1 की जीत से पुरुष टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंचा दिया। महिला वर्ग में श्रीजा अकुला ने निकोलेटा स्टेफानोवा को 3-0 से, मनिका बत्रा ने जियोर्जिया पिकोलीन को 3-0 से और अयहिका मुखर्जी ने गाइया मोनाफार्डिनी को 3-1 से हरा दिया जिससे टीम ने अंतिम 16 में प्रवेश किया।

तेज गेंदबाजों ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में अंतर पैदा किया: गिल

4 स्पिनरों ने 3 टेस्ट में 36 तो तेज गेंदबाजों ने 22 विकेट लिए

रांची, एजेंसी

शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि भले ही पिचें भारतीय तेज गेंदबाजों के पूरी तरह से पक्ष में नहीं रही हों लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट झटकने की उनकी काबिलियत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में काफी अंतर पैदा किया।

आर अश्विन (11 विकेट), रविंद्र जडेजा (12), कुलदीप यादव (8) और अक्षर पटेल (5) इन सभी 4 स्पिनरों ने मिलकर तीन टेस्ट में 36 विकेट चटकाए हैं लेकिन भारतीय तेज गेंदबाज अभी तक 22 विकेट हासिल कर पाउहैं। गिल ने कहा कि तेज गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार अच्छी गेंदबाजी कर टीम को आगे बनाए रखा। गिल ने शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले आयोजित मीडिया बातचीत के दौरान कहा कि हम भारत में जहां खेलें, विकेट स्पिनरों को थोड़ा मदद करते हैं। एश (अश्विन) भाई और जड्डू (जडेजा) भाई वैसे भी विकेट ले ही

लेंगे लेकिन हमारे तेज गेंदबाजों ने गेंदबाजी की है, उससे इस श्रृंखला में अंतर पैदा हुआ है। भारत हालांकि रांची टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के बिना होगा क्योंकि इस मुख्य तेज गेंदबाज को कार्यभार प्रबंधन के अंतर्गत आराम दिया गया है। उन्होंने अभी तक तीन टेस्ट में 17 विकेट झटके हैं और भारतीय गेंदबाजों में शीर्ष पर चल रहे हैं। लेकिन गिल ने कहा कि अन्य तेज गेंदबाजों को पास भी इन हालात का काफी अनुभव है जिससे वे प्रभाव डाल सकते हैं जिसके लिए उन्होंने मोहम्मद सिराज का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में चार विकेट झटके थे।

गिल ने कहा कि जैसा कि मैंने विराट भाई के बारे में कहा है, अगर 'बूम' भाई जैसा गेंदबाज नहीं खेल रहा है तो किसी भी टीम को उसकी कमी खलेगी, विशेषकर तब जब वह हमारे तेज गेंदबाजी आक्रमण का अगुआ हो। लेकिन अगर आप देखें तो सिराज ने पिछले मैच में अहम मौके पर 4 विकेट लिए थे।

उन्होंने कहा कि इसलिए मुझे लगता है कि सभी तेज गेंदबाजों के पास भारतीय परिस्थितियों का काफी अनुभव है, विशेषकर रिवर्स स्विंग गेंदबाजी का। गिल ने कहा कि कोहली और बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति युवा खिलाड़ियों के लिए बड़े मंच पर अपनी काबिलियत साबित करने का बेहतरीन मौका है। उन्होंने सरफराज खान का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जमाए। गिल ने कहा कि विराट भाई तीन टेस्ट से हमारे साथ नहीं हैं, उनकी अनुपस्थिति से असर पड़ता है। मुझे लगता है कि सरफराज ने अच्छा खेल दिखाया। इसलिये मुझे लगता है कि खिलाड़ी मिले मौकों का अच्छा फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों को विराट या बुमराह के नहीं होने से मौका मिला।

यशस्वी जायसवाल ऐसे ही खिलाड़ियों में से एक हैं जिसने मिले मौके का पूरा फायदा उठाया। जायसवाल पारी का आगाज करते हुए अब तक 546 रन बना चुके हैं जिसमें लगातार दो दोहरे शतक शामिल हैं।

उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने से मुझे निराशा हुईः गिल

शुभमन गिल के सामने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले कुछ चुनौतियां थी, जिनमें फॉर्म में वापसी करना भी शामिल था क्योंकि अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाने से वह निराश थे। गिल के लिए तीसरे नंबर पर उतरना नया अनुभव था। उन्होंने इस नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अभी तक 5 मैच की श्रृंखला के पहले 3 मैच में 252 रन बनाए हैं, जिसमें विशाखापत्तनम में खेली गई 104 रन की पारी और राजकोट में बनाए गए 91 रन भी शामिल हैं।

रांची की पिच पर मुकाबला बराबरी का होगा: पोप

रांची, एजेंसी

- हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में 'स्पोर्टिंग पिच'

इंग्लैंड के उप कप्तान ओली पोप ने बुधवार को कहा कि चौथे टेस्ट में 'टर्न' लेती पिच से उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि मुकाबले में शुरू से ही स्पिनरों को मदद मिलने से मुकाबला बराबरी का हो जाएगा। हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में सभी टेस्ट में 'स्पोर्टिंग पिच' (जिसमें स्पिनरों और तेज गेंदबाजों तथा बल्लेबाजों को मदद मिले) थीं जो मुख्य रूप से स्पिनरों के लिए मुफीद नहीं थी बल्कि इसमें सभी के लिए कुछ न कुछ मौजूद था।

पोप ने कहा, अगर यह पहली गेंद से स्पिन होती है तो इससे टॉस की भूमिका महत्वहीन हो जायेगी। इससे मैदान पर बराबरी की टक्कर होगी। कई दफा शुरू में विकेट सपाट होता है लेकिन फिर यह खराब होने लगता है। हमने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहला टेस्ट जीता। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पिछले दो टेस्ट जीते। अगर आप थोड़े सपाट विकेट पर पहले बल्लेबाजी करते हैं तो इससे नतीजा तय नहीं होता लेकिन इससे आपको फायदा मिलता है। हैदराबाद में इंग्लैंड के नायकों में एक पोप को लगता है कि जिस विकेट पर अच्छा टर्न मिलेगा, इससे उन्हें विकेट झटकने के विकल्प मिल जाएगे। उन्होंने कहा, हम जैसी उम्मीद लगाए हैं, अगर यह थोड़ा इसी तरह बर्ताव करेगा तो हमारा मैच में पलड़ा भारी होगा। हमारे पास कुछ युवा स्पिनर हैं, उन्होंने अच्छी पिचों पर अच्छी गेंदबाजी की है। इससे निश्चित रूप से हमें विकेट झटकने के मौके मिलेंगे।

उन्होंने सपाट पिच पर अच्छा काम किया है। पोप ने भारतीय स्पिनरों के असर को कम करने के लिए स्वीप शॉट का सहारा लिया था और 196 रन की पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा हमने महसूस किया कि जडेजा, अश्विन और कुलदीप स्पिन लेती पिचों पर किस तरह का खतरा पैदा कर सकते हैं। पोप ने कहा, हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें दबाव में बनाये रखना होगा जैसा हमने हैदराबाद में दूसरी पारी में किया था। अगर पिच वैसे स्पिन करती है तो टेस्ट से पहले हमारा काफी मनोबल बढ़ा होगा।

रांची टेस्ट मैच के दौरान फिर से धोनी से मिलना चाहते हैं जुरेल

रांची, एजेंसी

युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के दौरान फिर से करिश्माई पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से मिलने की तमन्ना रखते हैं। राजकोट में भारत की पहली पारी में 46 रन बनाकर शानदार पदार्पण करने वाले जुरेल 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में अपने पहले वर्ष के दौरान केवल एक बार धोनी से मिले हैं। लेकिन यह विकेटकीपर फिर

से धोनी से मिलकर उनसे ज्यादा से ज्यादा चीजें सीखना चाहता है। जुरेल ने कहा कि माही भाई से मिलना मेरा सपना है। पिछली बार मैं आईपीएल में उनसे मिला था लेकिन मैं भारतीय जर्सी में उनसे मिलना चाहता हूं। जब भी मैंने उनसे बात की है, मुझे कुछ चीजें सीखने को ही मिली हैं जिससे मुझे मेरे क्रिकेट में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि मैं रांची में माही भाई से मिलने और उनसे बात करने की कोशिश करूंगा। जुरेल ने कहा कि मैं खड़े होकर उन्हें देख रहा था कि क्या धोनी मेरे सामने खड़े हैं।

भारतीय महिला टीम ने एस्तोनिया को हराया

अलान्या (तुर्की), एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम ने स्ट्राइकर मनीषा कल्याण के दो गोल के दम पर बुधवार को तुर्की महिला कप में एस्तोनिया को कड़े मुकाबले में 4-3 से शिकस्त दी जो उसकी किसी यूरोपीय देश के खिलाफ पहली जीत है। चाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम ने इतिहास रच दिया क्योंकि भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने कभी भी यूएफा परिसंघ की टीम के खिलाफ आधिकारिक मुकाबले में जीत दर्ज नहीं की थी।

पहले हाफ के बाद दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर चल रही थीं। मनीषा ने 17वें और 81वें मिनट में दो गोल दागे जबकि इंदुमति काथिरेसन (62वें मिनट) और प्यारी खाका

(79वें मिनट) ने भारत के लिए अन्य गोल दागे। एस्तोनिया की ओर से लिसेटे तामिक ने 32वें मिनट, व्लाडा कुबासोवा ने 88वें मिनट और मारी लिस लिलेमाए ने 90वें मिनट में गोल किये। मैच में भारतीय टीम की शुरूआत काफी अच्छी रही जिसने मनीषा के गोल से बढ़त हासिल की। एस्तोनिया ने हालांकि तामिक के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। लेकिन इंदुमति, खाका और मनीषा ने स्कोर 4-1 कर दिया जिससे लग रहा था कि भारतीय टीम बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी। लेकिन मैच के अंतिम छोर में व्लाडा ने 88वें मिनट में और मैरी ने 90वें मिनट में गोल दाग दिये। पर भारतीय डिफेंस ने मैच के दौरान शानदार प्रदर्शन किया और भारत ने यादगार जीत दर्ज की। भारत ने जवाबी हमले से एस्तोनिया पर हमले करने के इरादे से शुरूआत की जिसके लिए उसने अपनी तेज विंगर का इस्तेमाल किया और प्रतिद्वंद्वी टीम को बॉक्स के करीब जाने दिया।

फ़िल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा के निर्माता-निर्देशक अजय सिन्हा की भोजपुरी फिल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज हो गई है। अजय ने कहा कि हमने एक शानदार फिल्म बनाई थी, जो दर्शकों को पसंद आ रही है। सेंसर बोर्ड ने फिल्म से कई सीन कटवाए, बावजूद रिलीज के बाद इसका कोई असर फिल्म पर नहीं दिख रहा है। लोग फिल्म को पसंद कर रहे हैं। यह हमारे लिए शानदार खबर है और हम दर्शकों को धन्यवाद देते हैं कि आपको हमारी फिल्म पसंद आ रही है। मैं दर्शकों से ये ही आग्रह करूंगा कि जिन्होंने फिल्म देख ली है, वो आगे भी अपने दोस्तों और परिजनों को फिल्म देखने के लिए प्रेरित करें। इस फिल्म में कहानी और संवाद के साथ गीत संगीत भी आपके मन को मंत्रमुग्ध करने वाले हैं और साथ ही एक सार्थक संदेश भी है, जो युवा पीढ़ियों के लिए आवश्यक है।

आर्टिकल 360 के लिए यामी सीख रहीं हथियार चलाना

अभिनेत्री यामी गौतम आर्टिकल 360 में एक खुफिया अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म में अपने प्रदर्शन को काफी तैयारी कर रही हैं। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अपनी कला के प्रति समर्पण के लिए मशहूर यामी गौतम अपनी आगामी एक्शन-पॉलिटिकल थ्रिलर, आर्टिकल 360 के साथ पूरी तरह से नई रोशनी में अपना कौशल दिखाने के लिए तैयार हो रही हैं। अपने परिवर्तनकारी प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने गहन तैयारी शुरू कर दी है। अपने चरित्र में प्रामाणिकता और गहराई लाने की खोज में यामी गौतम ने सैन्य सलाहकार लेफ्टिनेंट कर्नल केशवेंद्र सिंह (सेवानिवृत्त) और हथियार प्रशिक्षण प्रशिक्षक, भूषण वर्तक (एनएसजी) के साथ कई हफ्तों तक 1.5 से 2 घंटे का कठोर प्रशिक्षण सत्र समर्पित किया, जिससे उन्हें निखारा जा सके। बॉम्बे और दिल्ली दोनों में अभ्यास हॉल में शारीरिक और युद्ध कौशल। उन्होंने राइफल शूटिंग, युद्ध तकनीकों की बारीकियों को गहराई से समझा, यह सुनिश्चित किया कि हर पंच, किक और चाल स्क्रीन पर प्रामाणिकता और सटीकता के साथ गूंजती है।

लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी

मुंबई, एजेंसी। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स से गोल्डी यादव और लवली काजल का नया होली गीत 'गलिया प रंगवा लगईता' रिलीज किया गया है। गाने में लवली काजल होली के त्योहार में मदमस्त होकर नाच रही हैं। वही अपनी सहेलियों से अपने पिया के बारे में चर्चा कर रही हैं। गाने में लवली काजल कहती है कि सरधा ई बाटे कि हमरा हो हाथे, दूध में से पुआ तू त खइता, होलिया में पिया मोर अइता, आके होलिया में रंगवा लगइता। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी प्रस्तुत होली गीत गलिया प रंगवा लगईता को गोल्डी यादव ने गाया है। वही इसमें लवली काजल ने परफॉर्म किया है। इस गाने के गीतकार मुकेश मिश्रा हैं। गाने का संगीत विक्की बॉक्स ने दिया है। गाने का निर्माण निर्माता रत्नाकर कुमार ने किया है। इसके निर्देशक सुनील बाबा हैं। कोरियोग्राफ गोल्डी, सनी, एडिटर आलोक यादव, डीआई रोहित सिंह, मिक्स मास्टर अंकित अहीर ने किया है। गाने के राइट्स वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के पास हैं।

नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। मैड्ज मूवी प्रस्तुत, वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी हैं। इसका ट्रेलर इंटर 10 रंगीला पर रिलीज हुआ है। निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं और निर्देशक काली प्रसाद सिंह हैं।

शाहरूख को जवान के लिए मिला 'दादा साहब फाल्के अवॉर्ड'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का 'दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड' दिया गया। नयनतारा को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (निगेटिव रोल) - बॉबी देओल (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक्स कैटेगरी में) विकी कौशल (सैम बहादुर के लिए) दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड से सम्मानित किए गए। शाहरुख खान ने कहा कि कई सालों से मुझे बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड नहीं मिला था। मुझे लगने लगा था कि अब यह अवॉर्ड मुझे नहीं मिलेगा। मैं इस अवॉर्ड को पाकर बहुत खुश हूं, मुझे अवॉर्ड पाकर हमेशा ही अच्छा लगता है। ट्रॉफीज मुझे आकर्षित करती हैं। मैंने लोगों का मनोरंजन करने की कोशिश की है। अब मुझे लगता है कि मेरी मेहनत रंग लाई है। मैं जवान देखने वाले दर्शकों का भी शुक्रिया करता हूं।

विक्की ने दादा साहब फाल्के अवार्ड भारतीय सेना को किया समर्पित

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता विक्की कौशल ने दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड सेना को समर्पित किया है। विक्की कौशल ने फिल्म 'सैम बहादुर' में अपने किरदार के लिए बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) का पुरस्कार पाया है। विक्की कौशल इस अवॉर्ड को लेने के लिए खुद नहीं जा सके, ऐसे में उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है। वीडियो में विक्की ने कहा, सैम बहादुर में मेरे काम के लिए मुझे बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) के अवार्ड से सम्मानित करने के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार की जूरी को धन्यवाद। क्षमा करें, कुछ कारणों से मुझे मुंबई से बाहर यात्रा करनी पड़ी, मैं कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पा रहा हूं, लेकिन धन्यवाद; यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह बड़ा सम्मान है, और मैं निर्देशक मेघना गुलजार, निर्माता रोनी स्क्रूवाला और 'सैम बहादुर' की टीम (जिसमें सभी तकनीशियन, लेखक और मेरे सह-अभिनेता हैं) के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनके समर्थन ने मुझे सक्षम बनाया, जिनकी वजह से मैं बेस्ट दे पाया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

बंधन

बॉलीवुड कपल रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी एक-दूसरे के हो गए हैं। जैकी और रकुल दुल्हा-दुल्हन बने प्यारे लग रहे हैं। कपल ने इंस्टाग्राम पर खुद वेडिंग फोटोज शेयर की है।

एक नजर

ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां प्रबंधक की मौत, जांच

लंदन। ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां के 36 वर्षीय एक प्रबंधक की साइकिल से घर जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। ब्रिटेन की पुलिस इस मामले की जांच हत्या के दृष्टिकोण से कर रही है। पुलिस इस सिलसिले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। विग्नेश पट्टाभिरमण 14 फरवरी को दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के रीडिंग इलाके में भारतीय रेस्तरां में अपने कार्यस्थल से साइकिल से घर वापस आ रहे थे कि तभी रास्ते में कैडुगन प्लेस जंक्शन पर एक वाहन से उनकी टक्कर हो गई। टेम्स वैली पुलिस ने कहा कि विग्नेश को रॉयल बर्कशायर अस्पताल ले जाया गया वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टेम्स वैली पुलिस की प्रमुख अपराध इकाई के वरिष्ठ जांच अधिकारी स्टुअर्ट ब्रैंगविन ने कहा, हमारी संवेदनाएं श्री रमण के परिवार के साथ हैं। अधिकारियों द्वारा उनके परिवार के साथ विशेष रूप से सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम उनकी मौत की परिस्थितियों की जांच कर रहे हैं और अब इस सिलसिले में गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

इजरायली मिसाइल ने दमिश्क को बनाया निशाना

यरूशलेम। इजरायली सेना ने बुधवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक आवासीय इमारत पर मिसाइल हमले किए। राज्य मीडिया और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' ने कहा कि इजरायली सेना ने काफर सौसा में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया लेकिन कोई विस्तृत विवरण नहीं दिया। इस बीच सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि इजरायली हमले में चाम सिटी सेंटर शॉपिंग मॉल के पास एक आवासीय अपार्टमेंट और काफर सौसा में एक ईरानी स्कूल को निशाना बनाया गया।

सीमा विवाद: भारतीय पक्ष ने डेपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला

भारत-चीन ने सैन्य वार्ता की, समाधान का संकेत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में साढ़े तीन साल से अधिक पुराने सीमा विवाद को हल करने के लिए नए दौर की उच्चस्तरीय सैन्य वार्ता की, जिसमें दोनों पक्ष जमीन पर "शांति और स्थिरता" बनाए रखने पर सहमत हुए लेकिन गतिरोध के समाधान का कोई संकेत नहीं दिखा। भारत-चीन कोर कमांडर स्तर की 21वें दौर की वार्ता 19 फरवरी को चुशूल-मोल्डो सीमा बैठक बिंदु पर आयोजित की गई।

घटनाक्रम से परिचित लोगों ने कहा कि भारतीय पक्ष ने डेपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला, लेकिन बातचीत में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष समाधान के आगे के तरीकों पर उचित सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। इसने कहा कि दोनों पक्षों ने मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण" माहौल में हुई वार्ता में मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्ष उचित सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से आगे के रास्ते पर संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। उन्होंने अंतरिम रूप से सीमावर्ती

- **20वें दौर की सैन्य वार्ता 9 और 10 अक्टूबर को हुई थी**

क्षेत्रों में जमीन पर शांति बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई। इससे पहले, 20वें दौर की सैन्य वार्ता 9 और 10 अक्टूबर को हुई थी। वार्ता के उस दौर के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा था कि दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ शेष मुद्दों के शीघ्र और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए स्पष्ट, खुले और रचनात्मक तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया। पिछले महीने थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा था कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति "स्थिर", लेकिन "संवेदनशील" है। उन्होंने कहा था कि किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए भारतीय सैनिकों की अत्यधिक उच्च स्तर की अभियानगत तैयारी बरकरार है। जनरल पांडे ने यह भी कहा था कि भारत और चीन दोनों 2020 के मध्य में मौजूद रही "यथास्थिति" पर लौटने के उद्देश्य से सैन्य और राजनयिक स्तरों पर बातचीत जारी रखे हुए हैं।

लद्दाख सीमा पर गतिरोध भी हुआ था पैदा

वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लेह मुख्यालय वाली 14वीं कोर के कमांडर ने किया जबकि चीनी दल का नेतृत्व दक्षिण शिनजियांग सैन्य जिले के कमांडर ने किया। भारत कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हो गया था। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी तल्खी आ गई थी। यह दो दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे बड़ा सैन्य संघर्ष था।

इंदौर के युवा पेशेवर ने थाईलैंड की महिला से रचाई शादी

इंदौर। जिले के जिलाधिकारी कार्यालय ने दो अलग-अलग संस्कृतियों के जोड़े की शादी पर सरकारी मोहर लगा दी है। शहर के एक युवा पेशेवर ने थाईलैंड की एक महिला के साथ अपनी शादी को इस कार्यालय में पंजीकृत कराया है। प्रशासन के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) रोशन राय ने बताया कि इंदौर के प्रतीक दीक्षित ने थाईलैंड की सुपात्रा से मंगलवार को विशेष विवाह अधिनियम के तहत अपनी शादी पंजीकृत कराई और इस जोड़े के नाम इसका प्रमाणपत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि वर या वधू में से कोई भी एक व्यक्ति भारतीय नागरिक हो, तो जोड़े की शादी को देश के विशेष विवाह अधिनियम के तहत पंजीकृत किया जा सकता है। दूल्हे प्रतीक दीक्षित ने बताया, सुपात्रा पहले मेरे साथ एक बैंक में काम करती थीं। मैं अपनी पहली नौकरी के दौरान उनसे पुणे में मिला था। उन्होंने बताया कि सुपात्रा की मां, दीदी और बहनोई उनकी शादी में शामिल होने थाईलैंड से इंदौर आए। दुल्हन सुपात्रा ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, मैं अपनी शादी से निश्चित तौर पर उत्साहित हूं, पर अभी मीडिया के कैमरों से मुझे थोड़ी घबराहट भी हो रही है।

पाकिस्तान में शहबाज फिर बनेंगे पीएम आसिफ जरदारी दूसरी बार होंगे राष्ट्रपति

पीपीपी और पीएमएल-एन के बीच नई गठबंधन सरकार पर सहमति बनी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच सरकार गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने यह जानकारी दी।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने मंगलवार देर रात घोषणा की कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे। बिलावल ने संवाददाताओं से कहा, पीपीपी और पीएमएल-एन के पास पर्याप्त संख्या बल है और हम सरकार बनाने की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) केंद्र में सरकार बनाने के लिए संसद में बहुमत हासिल नहीं कर सके।



- **पीपुल्स पार्टी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने की घोषणा**

इस दौरान शहबाज शरीफ ने कहा कि पीपीपी के साथ सरकार बनाने के लिए उनकी पार्टी पीएमएल-एन के पास अब आवश्यक संख्या बल है। साथ ही उन्होंने वार्ता के सकारात्मक निष्कर्ष के लिए दोनों दलों के नेतृत्व को धन्यवाद दिया। इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री खान की पार्टी पीटीआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीपीपी और पीएमएल-एन गठबंधन पर निशाना साधा है। जियो न्यूज ने बताया कि पीएमएल-एन के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों दलों की समन्वयक समिति के मंगलवार को समझौते पर सहमत होने के बाद एक और कार्यकाल के लिए नामित होंगे। पीपीपी के पूर्व अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए नामित होंगे।

नए सिरे से चुनाव कराने की याचिका खारिज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित अनियमितताओं को लेकर नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध करने वाली एक याचिका को लोकप्रियता हासिल करने का हथकंडा बताते हुए खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने अदालत के समक्ष पेश न होने को लेकर पूर्व सैन्य अधिकारी व याचिकाकर्ता पर जुर्माना भी लगाया। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर अली खान ने पिछले सप्ताह उच्चतम न्यायालय से निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए न्यायपालिका की निगरानी में 30 दिन के भीतर नए चुनाव कराने का आदेश देने का अनुरोध किया था। उन्होंने इस मामले के निस्तारण तक नई सरकार के गठन पर रोक लगाने का आदेश देने का भी अनुरोध किया था। हालांकि, याचिकाकर्ता लगातार दो बार सुनवाई के दौरान पेश नहीं हुआ। इसके बाद पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा, न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली की पीठ ने याचिका का निस्तारण कर दिया और याचिकाकर्ता पर 5,00,000 पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया।

पाकिस्तान में आम चुनाव में गड़बड़ी के आरोपों की व्यापक तरीके से जांच होनी चाहिए : अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका ने कहा है कि पाकिस्तान में हाल में संपन्न आम चुनावों में हस्तक्षेप या गड़बड़ी के आरोपों की देश के कानूनों और प्रक्रियाओं के तहत पारदर्शी तरीके से व्यापक जांच की जानी चाहिए। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। मिलर चुनाव में धांधली के संबंध में रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे। वरिष्ठ पाकिस्तानी नौकरशाह ने 17 फरवरी को आरोप लगाया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश आठ फरवरी को हुए चुनावों में "गड़बड़ी" में शामिल थे। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संसद में सबसे बड़े समूह के रूप में उभरने और सामने आए जनादेश के बारे में पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में मिलर ने कहा, मैं पाकिस्तान के आंतरिक मामले में नहीं पड़ना चाहता। उन्होंने कहा कि वह यह मामला पाकिस्तान पर छोड़ देंगे लेकिन हम चाहते हैं कि गड़बड़ी के किसी भी दावे या अनियमितताओं के आरोपों की पूरी जांच हो।

रायसीना डायलॉग 2024

नई दिल्ली में कार्यक्रम के दौरान ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

ब्रिक्स के आवेदन पर जल्द विचार की उम्मीद में पाकिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी : पाकिस्तान को विश्व की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं के संगठन 'ब्रिक्स' में शामिल होने के अपने आवेदन पर जल्द ही विचार होने की उम्मीद है। पाकिस्तान की सीनेट की रक्षा समिति के अध्यक्ष मुशाहिद हुसैन सैयद ने स्पूतनिक से कहा कि उनके देश को 'ब्रिक्स' में शामिल होने के अपने आवेदन पर जल्द ही विचार होने की उम्मीद है और पाकिस्तान की उपस्थिति से ब्लॉक और मजबूत होगा।

उत्तरी गाजा में अराजकता के कारण खाद्य पदार्थ की आपूर्ति रोकी गई

रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी

विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने मंगलवार को कहा कि इजराइल-फलस्तीन युद्ध के कारण पूरे क्षेत्र में बढ़ती अराजकता के बीच उसने उत्तरी गाजा में खाद्य पदार्थ की अपूर्ति रोक दी है, जिससे भुखमरी की आशंका बढ़ गयी है।

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) द्वारा किए गए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है कि उत्तरी गाजा में छह में से एक बच्चा अत्यंत कुपोषित है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार पिछले दो हफ्तों में बढ़ते युद्ध के कारण ट्रकों का प्रवेश आधा हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों और राहत-बचाव कर्मियों ने कहा कि इजराइल की बमबारी और जमीनी हमलों के बीच ट्रकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उसकी नाकामी के कारण ट्रकों का आगमन और खाद्य पदार्थ का वितरण बाधित हुआ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा न मुहैया कराने के कारण भुखमरी का सामना कर रहे फलस्तीनी अक्सर खाद्य पदार्थ से लदे इन ट्रकों पर टूट पड़ते हैं।

नीट-यूजी: पांच मई को 14 विदेशी शहरों में होगी मेडिकल प्रवेश परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

मेडिकल के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) पांच मई को 14 विदेशी शहरों के परीक्षा केंद्रों पर भी आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को यह घोषणा की। यह कदम एनटीए को उम्मीदवारों से अनुरोध मिलने के बाद उठाया गया है, क्योंकि इस महीने की शुरुआत में परीक्षा के संबंध में जारी सूचना बुलेटिन में परीक्षा देने के लिए भारत के बाहर केंद्रों का कोई उल्लेख नहीं था।

एनटीए की वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा) साधना पाराशर ने कहा, यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा 12 देशों के 14 विदेशी शहरों में भी आयोजित की जाएगी।

- **नीट-यूजी परीक्षा पूरे भारत में 554 केंद्रों पर आयोजित होगी**

जिन 14 विदेशी शहरों में परीक्षा आयोजित की जाएगी, उनमें दुबई, अबू धाबी, शारजाह (यूएई), कुवैत शहर (कुवैत), बैंकॉक (थाईलैंड), कोलंबो (श्रीलंका), दोहा (कतर), काठमांडू (नेपाल), कुआलालंपुर (मलेशिया), लागोस (नाइजीरिया), मनामा (बहरीन), मस्कट (ओमान), रियाद (सऊदी अरब) और सिंगापुर शामिल हैं।

नीट-यूजी परीक्षा पूरे भारत में 554 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पाराशर ने कहा, जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही भारत में केंद्रों का चयन कर लिया है और विदेशी केंद्रों के विकल्प के बिना शुल्क का भुगतान कर दिया है, लेकिन वे भारत के बाहर के केंद्रों पर परीक्षा देना चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण खिड़की पर सेवा समाप्त होने के बाद केंद्र और देश की पसंद में बदलाव करने का अवसर मिलेगा। नीट-यूजी आयुर्विज्ञान तथा शल्य-चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस), दंत चिकित्सा स्नातक (बीडीएस), आयुर्वेद, औषधि एंव शल्य चिकित्सा स्नातक (बीएएमएस), सिद्ध औषधि एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (बीएसएमएस) और यूनानी औषधि एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (बीयूएमएस) समेत अन्य मेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि नौ मार्च है जबकि परीक्षा का परिणाम 14 जून को घोषित किया जाएगा।

भारतीय रेस्तरां प्रबंधक पर सात साल का प्रतिबंध

लंदन। पूर्वी इंग्लैंड में एक भारतीय रेस्तरां के प्रबंधक पर बांग्लादेश से तीन श्रमिकों की अवैध भर्ती करने के लिए कंपनी के निदेशक के रूप में सात साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इकबाल हुसैन (51) ने हर्टफोर्डशायर के स्टैनस्टेड एबॉट्स क्षेत्र में स्थित टेस्ट ऑफ राज' में श्रमिकों को काम पर रखा था। 2020 में आव्रजन प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा रेस्तरां पर छापा मारने के बाद यह जानकारी सामने आई। ब्रिटेन की परिसमापन सेवा ने हुसैन पर 2031 तक व्यवसाय चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आवश्यक जांच सुनिश्चित करने में इकबाल हुसैन की विफलता के परिणामस्वरूप आव्रजन, शरण और राष्ट्रीयता अधिनियम 2006 के उल्लंघन में तीन अवैध श्रमिकों को रोजगार मिला।

जागरूकता अभियान

मेरठ : उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी मतदान जागरूकता अभियान के तहत हाथों में तख्तियां लिए हुए।

ट्रंप की संभावित उपराष्ट्रपति की सूची में रामास्वामी का नाम

वाशिंगटन। जैव प्रौद्योगिकी उद्यमी से राजनीतिक नेता बने भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी उन नामों में शामिल हैं, जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनावों के लिए अपने संभावित साथी यानी उपराष्ट्रपित के रूप में विचार कर रहे हैं। पोलिटिको डाट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, फॉक्स न्यूज 'टाउन हॉल' कार्यक्रम के दौरान मेजबान ने ट्रंप से उपराष्ट्रपति पद लिए उनकी पसंद के छह संभावित विकल्पों के बारे में पूछा। इस पर ट्रंप ने दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस, हवाई की पूर्व सांसद तुलसी गेबार्ड, विवेक रामास्वामी, फ्लोरिडा के प्रतिनिधि बायरन डोनाल्ड्स और साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम नाम लिया।

हिमाचल में बर्फबारी, 387 मार्गों पर आवाजाही बंद

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय और पर्वतीय इलाकों पर एक बार फिर से बर्फबारी और बारिश होने के बाद बुधवार को लोगों ने कंपकंपाती ठंड का अनुभव किया और न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। राज्य आपात प्रतिक्रिया केंद्र ने बताया कि चार राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 387 मार्गों पर बर्फबारी की वजह से वाहनों की आवाजाही बंद हो गयी और बिजली के 895 ट्रांसफार्मर ठप पड़ गये।

लाहौल और स्पीति में सबसे ज्यादा 288 मार्गों पर आवाजाही बाधित हुई। वहीं चंबा और कुल्लू में क्रमशः 77 और 12 मार्गों पर वाहन नदारद दिखे। कोकसर और अटल टनल के इलाकों में 45 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई, वहीं सिस्सू और कोठी में 30 सेंटीमीटर तक बर्फबारी दर्ज

- **बिजली के 895 ट्रांसफार्मर भी ठप पड़े**

की गई। केलांग, कुसुमसेरी और भारमौर में क्रमशः 18 सेंटीमीटर, 15.3 सेंटीमीटर और आठ सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गयी। केंद्र के मुताबिक, मनाली में सबसे अधिक 29 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मनाली के बाद सलूनी, तिस्सा और चंबा में क्रमशः 25.3, 20 और 16 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं सियोबाग और बैजनाथ में क्रमशः 11 और आठ मिलीमीटर बारिश हुई। पूरे क्षेत्र में न्यूनतम तापमान कुछ डिग्री तक गिर गया और कई स्थानों पर तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। आपात केंद्र के मुताबिक, कुसुमसेरी इलाका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान शून्य से 7.1 डिग्री नीचे तक गिर गया।

खोजबीन प्लूटो से बाहर हो सकती है इसकी कक्षा, अमेरिकी संस्था पैन-स्टारआरएस तलाश में जुटी

9वें ग्रह के छिपे होने के संकेत आए सामने

कार्यालय संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: हमारे सौर मंडल के 9 वां ग्रह प्लैनेट एक्स के छिपे होने के संकेत मिले है। यह ग्रह प्लूटो की कक्षा के बाहर छिपा हो सकता है। बहरहाल अमेरिकी संस्था पैन-स्टारआरएस के जरिए इस ग्रह की तलाश में जुटी हुई है।

लंबा समय बीत चुका है, लेकिन प्लैनेट 9 का रहस्य बना हुआ है। वैज्ञानिकों इसका अस्तित्व होने का दावा कर बहुत पहले कर चुके हैं। भारतीय पुराणों के अनुसार भी हमारे सौर मंडल में 9 ग्रह होने की बात कही गई है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस ग्रह के कारण सौर मंडल में इसकी हलचल होने यानी गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव का पता चलता रहा है। मगर, अभी तक इसे देखा नहीं जा सका है। हाल ही में द

- **कैलटेक खगोल विज्ञान के प्रो माइक ब्राउन इस ग्रह की तलाश में जुटे हुए हैं**
- **अध्ययन में इस ग्रह को मायावी ग्रह माना गया है**

एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में ताजा शोध प्रकाशित हुआ है। जिसमें इस ग्रह को अध्ययन में मायावी ग्रह माना गया है और अभी तक के अध्ययन में इसके संभावित रूप से सौर मंडल के बाहरी क्षेत्र बौने ग्रह प्लूटो की कक्षा से परे परिक्रमा करने की बात कही गई है।

यह शोध प्लैनेट नाइन के संभावित स्थानों को चयनित करता है और इसके गठन के साथ विकासवादी प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। इस कारण इस शोध को अहम माना जा रहा है।

कैलटेक खगोल विज्ञान के प्रो माइक ब्राउन इस ग्रह की तलाश में जुटे हुए हैं। उनका कहना है कि पैन-स्टारआरएस के जरिए पैनोरमिक सर्वे टेलीस्कोप से इसके आगे की तलाश की जाएगी। अब तक गणना के अनुसार सौर मंडल के लगभग 78 प्रतिशत संभावित स्थानों को हटा दिया गया है और अब सिर्फ 28 फीसद भाग में ही तलाश की जाएगी।

प्लैनेट 9 के द्रव्यमान का अनुमान भी लगा लिया

इस ग्रह के द्रव्यमान का अनुमान वैज्ञानिक लगा चुके हैं। पृथ्वी से इसका द्रव्यमान अधिक है और मायावी जैसा व्यवहार कर रहा है। जिस कारण इसका पता लगाने में मुश्किल हो रही है। बहरहाल इसे बड़ी खोज माना जा रहा है। यदि सफलता मिली तो सौर मंडल के कुछ और रहस्य उजागर होंगे।

घर पर प्रसव का प्रयास महिला और शिशु की मौत

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

करक्कमंडपम में मंगलवार शाम किराये के एक घर में एक्यूपंक्चर उपचार के माध्यम से प्रसव कराने की कोशिश में 36-वर्षीया एक महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। जैसे ही चौंकाने वाली यह घटना सामने आई, महिला के पति नयाज को सुबह नेमोम पुलिस ने हिरासत में ले लिया। नयाज पूनथुरा का रहनेवाला है और साउंड सिस्टम से संबंधित काम करता है। पुलिस ने इस घटना में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, महिला शेमीरा बीवी चौथी बार मां बनने वाली थी और उसने गर्भावस्था की नौ महीनों की अवधि में कभी चिकित्सक से परामर्श नहीं लिया

- **महिला शेमीरा बीवी चौथी बार बनने वाली थी मां**

था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दंपती ने कथित तौर पर एक डॉक्टर के बजाय एक एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ की मदद ली जो उनके किराये के घर पर अक्सर आता रहता था। महिला को मंगलवार को कुछ समस्या पैदा हो गयी थी और आखिरकार शाम को उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला और उसके नवजात को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही महिला और नवजात शिशु की मौत की खबर फैली, स्थानीय पार्षद, आशा कार्यकर्ता और पड़ोसी नयाज के खिलाफ मुखर हुए और आरोप लगाया कि वह (नयाज) अपनी पत्नी को न तो चिकित्सक से परामर्श लेने देता था, न ही उचित इलाज कराने की अनुमति देता था।